
**मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम**



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 200 मूल्य : 4 रु.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

बुधवार, 16 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## परिवारवाद की राजनीति बीजेपी में नहीं चलेगी: पीएम मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। बीजेपी का संसदीय दल की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगर सांसदों के बच्चों को टिकट ना देना पाप है तो मैंने यह पाप किया है। यह जानकारी सूत्रों के हवाले से सामने आई है। पीएम मोदी ने कहा, अगर किसी के टिकट कटे हैं तो यह मेरी जिम्मेदारी है। पीएम मोदी ने सभी सांसदों से यह भी कहा कि वह इसका आकलन करें कि चुनावों में बीजेपी को कुछ सीटों हार का सामना क्यों करना पड़ा। पीएम मोदी ने सभी सांसदों से कहा, आप अपने अपने इलाके में हारे हुए 100-100 बूथों का आकलन करें और एक रिपोर्ट तैयार करिए कि हम क्यों हारे ताकि उन हार के कारणों का पता लगाया जा सके और आगे ठीक किया जा सके। पीएम ने पार्टी सांसदों को कड़ा संदेश देते हुए कहा, पार्टी में परिवारवाद नहीं चलेगा। वंशवाद राजनीति के लिए दूसरी पार्टियां हैं। पीएम मोदी ने इस बैठक में यूक्रेन से भारतीयों को निकालने को लेकर भी बात की। साथ ही हाल ही में रिलीज हुई फिल्म



कश्मीर फाइल्स को लेकर कहा कि कश्मीर का सच दबाने की कोशिशें हुईं। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर विधानसभा चुनाव में बीजेपी को शानदार जीत मिली है। यूपी में बीजेपी ने इतिहास रचते हुए एक बार फिर बाजी मारी है। सारे मिथकों को ध्वस्त करते हुए योगी आदित्यनाथ एक बार फिर सरकार बनाने जा रहे हैं। यूपी में बीजेपी गठबंधन को 273 सीट मिली हैं। वहीं सपा गठबंधन को 125 सीट मिली हैं। कांग्रेस को 2 और बसपा को 1 सीट मिली है। वहीं उत्तराखंड में बीजेपी ने 47 सीटें जीती हैं। जबकि कांग्रेस को 19 सीटों से संतोष करना पड़ा। गोवा में बीजेपी बहुमत से महज एक सीट पीछे है लेकिन सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार बनाने जा रही है। बीजेपी को 20 सीटें मिली हैं। जबकि कांग्रेस को 11, आप को 2 और अन्य को 7 मणिपुर में बीजेपी ने 32 सीटें जीती हैं। अन्य को 16, एनपीपी को 7 और कांग्रेस को 5 सीटों से ही संतोष करना पड़ा।

## मुश्किल हालातों में भी यूक्रेन से हम 22500 से अधिक छात्रों को भारत वापस लाए: विदेश मंत्री

नई दिल्ली, एजेंसी। यूक्रेन और रूस के बीच आज लगातार 20वें दिन जंग जारी है. इस बीच यूक्रेन से भारतीयों की वापसी को लेकर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में बयान दिया है. एस जयशंकर ने कहा कि मुश्किल हालातों में भी हम अपने 22500 से अधिक छात्रों को भारत वापस लाए हैं. हम लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा कर रहे थे लेकिन हमारे सामने चुनौती यह थी कि हमारे नागरिकों को पूरी तरह सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा, ह्यह्लइसी को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने ऑपरेशन गंगा की शुरूआत की। यह मुश्किल हालातों में अंजाम दिया जाने वाला एक बड़ा ऑपरेशन था। एस जयशंकर ने कहा भारतीय दूतावास ने 15 फरवरी, 20 और 22 फरवरी को एडवाइजरी जारी करके छात्रों और भारतीय नागरिकों को यूक्रेन से निकलने के लिए कहा था। लगातार जारी हो रही एडवाइजरी के बाद भी बड़ी संख्या में छात्र वहां से नहीं निकल रहे थे। उनको डर यह था कि उनकी पढ़ाई अधूरी ना रह जाए। उन्होंने कहा, जब हालात खराब हुए तो वहां पर 18000 से ज्यादा भारतीय छात्र फंसे हुए थे इसी को ध्यान में रखते हुए भारत सहित यूक्रेन एंबेसी में भी कॉल सेंटर स्थापित किए गए। माहौल खराब होने के चलते अरे



स्पेस बंद हो गया था लिहाजा छात्रों को लूकेंस एचक्यू ही पड़ोसी देशों की सीमा से निकालने का फैसला किया गया और इसके लिए बड़ी संख्या में अधिकारियों को पड़ोसी देशों की सीमाओं पर भेजा गया। जयशंकर ने कहा कि इस दौरान यह ऑपरेशन चल रहा था प्रधानमंत्री लगातार इसको लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे और निगरानी कर रहे थे। इस दौरान सभी मंत्रालयों का भी पूरा सपोर्ट मिला। जैसे ही वहां हालात खराब होने शुरू हुए थे जनवरी 2022 से ही भारतीय उच्चायोग ने वहां पर भारतीयों का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया था।

**संक्षिप्त समाचार**

### 12 से 14 साल के बच्चों को आज से लगेगा कोरोना टीका

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में कोरोना के मामले तो कम हो गए हैं लेकिन वैक्सीनेसन अभियान अभी भी रफ्तार पकड़ती नजर आ रही है। दरअसल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोविड प्रीकॉशन डोन को लेकर एक बेहद अहम जानकारी साझा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने कहा आज से देश में 12-14 साल की उम्र के बच्चों का वैक्सीनेशन शुरू कर दिया जाएगा। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने अपने ट्वीट के माध्यम से कहा, ह्लबच्चे सुरक्षित हैं तो देश सुरक्षित है! मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 12 से 13 और 13 से 14 आयु वर्ग के बच्चों का कोविड टीकाकरण 16 मार्च से शुरू हो रहा है। साथ ही, 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी लोग अब एहतियाती खुराक प्राप्त कर सकेंगे। मंडाविया ने 60 साल व्यस्क और बच्चों के परिवारों से टीकाकरण कराने का भी आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया के अनुसार, भारत ने अब तक 15-18 आयु वर्ग के दो करोड़ से अधिक किशोरों का पूरी तरह से वैक्सीनेट कर दिया गया है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सरकार ने वैज्ञानिक निकायों के साथ विचार-विमर्श के बाद 16 मार्च को 12-13 साल और 13-14 साल आयु समूहों यानी साल 2008, 2009 और 2010 में जन्में बच्चे जो पहले से ही 12 वर्ष से अधिक आयु के हैं के लिए कोविड -19 टीकाकरण शुरू करने का निर्णय लिया है। सूत्रों के अनुसार, नए आयु वर्ग के तहत लगभग 7.11 करोड़ बच्चों का टीकाकरण किया जाएगा।

### पाकिस्तान ने जर्मनी के सामने उठाया भारतीय मिसाइल गिरने का मुद्दा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की एक मिसाइल गलती से पाकिस्तानी क्षेत्र में गिर गई तबसे यह मिसाइल विवाद रोज नए मोड़ ले रहा है। अब पाकिस्तान ने इसे लेकर जर्मनी से बात की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने सोमवार को जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेरबॉक से फोन पर बातचीत की और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से भारत की तरफ से हुई मिसाइल फायर पर गंभीरता से ध्यान देने का आग्रह किया है। पाकिस्तान के एक अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि शाह महमूद कुरैशी ने अपने जर्मन समकक्ष को घटना की जानकारी दी है। विदेश कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कुरैशी ने बेरबॉक को सूचित किया कि भारतीय मिसाइल ने 9 मार्च को पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया था। कुरैशी ने फोन पर पाकिस्तान के रुख को दोहराते हुए कहा कि इस गंभीर मामले को भारतीय अधिकारियों द्वारा दिए गए सरल स्पष्टीकरण के साथ संबोधित नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने इस घटना की संयुक्त जांच का आह्वान किया है। साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय से परमाणु देशों के बीच इस गंभीर प्रकृति की घटना पर ध्यान देने का आग्रह किया है।

## चमचे कभी सवाल नहीं उठाएंगे कांग्रेस नेतृत्व में बदलाव को लेकर की ये मांग : संदीप

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों की विधानसभा चुनावों में हार के बाद कांग्रेस में मंथन जारी है। इस बीच कांग्रेस जी23 गुट ने गांधी परिवार के नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस नेतृत्व को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने गांधी परिवार पर करारा हमला बोलते हुए सिब्बल की बातों से सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि दो तरह का नेतृत्व पार्टी को चलाता है, एक नेतृत्व और एक संगठन के चेहरे। गांधी परिवार के लिए अब वो समय नहीं रहा। ये तो मैं स्पष्ट करना चाहूंगा। कभी कभी कोई बड़ा लीडर आता है जो अब हमारे पास नहीं है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि समय की मांग को अगर हमारा नेतृत्व नहीं समझेगा तो सवाल तो उठेंगे ही। चमचे भले सवाल न उठाएं लेकिन बाकी लोगों



के बीच तो सवाल उठाए ही जाएंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप दीक्षित ने आगे कहा कि समय की मांग को देखते हुए बदलाव को लेकर हमारे नेतृत्व को अब समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार ही नहीं बल्कि पार्टी के 90 फीसदी प्रभारियों को बाहर का रास्ता दिखा देना चाहिए। वर्किंग कमेटी जो कहे उनका कोई महत्व नहीं। वर्किंग कमेटी तो यस मेन का ग्रुप बनकर रह गया है। पंजाब में भी जो प्रभारी यहां से गए थे उन्होंने सबकुछ बर्बाद कर दिया। बता दें कि पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने गांधी परिवार से नेतृत्व छोड़ने की बात कही थी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने कहा था कि गांधी परिवार को अब कांग्रेस की लीडरशिप से हट जाना चाहिए और नेतृत्व की भूमिका के लिए और किसी और को मौका देना चाहिए। सिब्बल ने कहा कि कम से कम अब नेतृत्व को सच्चाई समझनी होगी वरना इसके और गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। हालांकि सिब्बल ने ये भी स्पष्ट किया कि वो कभी बीजेपी में शामिल नहीं होंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल का यह बयान पांच राज्यों की विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार और कांग्रेस वर्किंग कमेटी की ओर से सोनिया गांधी के नेतृत्व में अपना विश्वास दिखाने के बाद आया। जी-23 नेताओं ने 2020 में सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पार्टी में बड़े बदलावों की मांग की थी।

## मौलिक अधिकारों के खिलाफ मुस्लिम लड़कियों को किया जाएगा टारगेट: ओवैसी



नई दिल्ली, एजेंसी। असदुद्दीन ओवैसी ने हिजाब विवाद पर आए कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को संविधान के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय धर्म, संस्कृति, अभिव्यक्ति और कला की स्वतंत्रता जैसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इसका मुस्लिम महिलाओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, उन्हें निशाना बनाया जाएगा। ओवैसी ने कहा कि आधुनिकता धार्मिक प्रथाओं को छोड़ने के बारे में नहीं है। आखिर हिजाब पहनने से क्या दिक्कत है? ओवैसी ने ट्वीट करके कहा कि मैं हिजाब पर कर्नाटक उच्च न्यायालय के फैसले से असहमत हूं। फैसले से असहमत होना मेरा अधिकार है और मुझे उम्मीद है कि याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट के समक्ष अपील करेंगे। उन्होंने कहा, ह्यमुझे यह भी उम्मीद है कि न केवल ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड बल्कि अन्य धार्मिक समूहों के संगठन भी इस फैसले के खिलाफ अपील करेंगे।ह्ल ओवैसी ने कहा, ह्लसंविधान की प्रस्तावना में कहा गया है कि व्यक्ति के पास विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और पूजा की स्वतंत्रता है। अगर यह मेरा विश्वास है कि मेरे सिर को ढंकना आवश्यक है तो मुझे इसे व्यक्त करने का अधिकार है, जो मुझे ठीक लगता है। एक धर्मनिष्ठ मुसलमान के लिए हिजाब भी एक इबादत है।

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, ह्लयह आवश्यक धार्मिक प्रैक्टिस टेस्ट की समीक्षा करने का समय है। एक भक्त के लिए सब कुछ आवश्यक है और एक नास्तिक के लिए कुछ भी आवश्यक नहीं है। एक भक्त हिंदू ब्राह्मण के लिए जनेऊ जरूरी है लेकिन गैर-ब्राह्मण के लिए यह नहीं हो सकता है। यह बेतुका है कि न्यायाधीश अनिवार्यता तय कर सकते हैं।ह्व एआईएमआईएम चीफ ने कहा कि एक ही धर्म के अन्य लोगों को भी अनिवार्यता तय करने का अधिकार नहीं है। यह व्यक्ति और ईश्वर के बीच है। राज्य को धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप करने की अनुमति केवल तभी दी जानी चाहिए जब इस तरह के पूजा कार्य दूसरों को नुकसान पहुंचाते हैं। हेडस्कार्फ किसी को नुकसान नहीं पहुंचाता है।

## जी-23 नेताओं को किनारे करना चाहती है कांग्रेस अब युवाओं का भविष्य : राहुल



नई दिल्ली, एजेंसी। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में मंथन का दौर जारी है। कांग्रेस वर्किंग कमिटी की बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि भविष्य में युवाओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि हमें भविष्य की ओर देखने की जरूरत है। कांग्रेस के बड़े नेताओं को इस बात पर दुख भी हुआ। जयराम रमेश ने कहा कि अपनी मांग बढ़ाने के लिए कांग्रेस को नये तरीके से सोचना चाहिए। हाल में हुए विधानसभा चुनाव में हुए नुकसान को लेकर बैठक में चर्चा की गई। रमेश की रणनीति पर एआईसीसी की महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि इस बार 45 फीसदी ऐसे लोगों को टिकट दिया गया था जिनकी उम्र 45 साल से नीचे हैं। इसमें 40 फीसदी महिलाएं शामिल हैं। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी इस तर्क से सहमत थे। उन्होंने कहा कि भविष्य में युवाओं पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पार्टी अच्छी रणनीति के साथ आगे बढ़े तो गुजरात चुनाव में भाजपा को हराया जा सकता है। हालांकि इस बैठक के एक दिन बाद ही पता चल गया कि राहुल गांधी की बात से बहुत सारे सीनियर नेता हैरान हैं।

## कांग्रेस की हार के लिए पूरी तरह गांधी परिवार जिम्मेदार: अमरिंदर


नई दिल्ली, एजेंसी। अमरिंदर सिंह ने विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार के लिए पूरी तरह से गांधी परिवार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने दावा किया कि उनके मुख्यमंत्री



पद से हटने से पहले पार्टी की स्थिति पंजाब में बेहतर थी। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की ओर से पांच राज्यों में पार्टी की हुई हार की समीक्षा करने के एक दिन बाद सिंह का यह बयान आया। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और ह्यभ्रष्टह्ल चरणजीत सिंह चन्नी पर कटाक्ष किया। मालूम हो कि सिंह की जगह चन्नी पंजाब के मुख्यमंत्री बने थे। पिछले साल मुख्यमंत्री पद से हटने के बाद अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस छोड़ दी और अपनी पार्टी ह्यपंजाब लोक कांग्रेसह्ल बनाई। सिंह ने पंजाब में कांग्रेस की हार का दोष उन पर डालने की कोशिश करने के लिए सीडब्ल्यूसी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा वे दोष मढ़ने के बजाय अपनी गलतियों को स्वीकार करें। कांग्रेस न केवल पंजाब में बल्कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में भी हार गई है और पार्टी की शर्मनाक हार के लिए गांधी परिवार पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। अमरिंदर ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का जिक्र करते हुए कहा कि देश भर में लोगों का गांधी परिवार के नेतृत्व पर से विश्वास उठ चुका है। हाल में सम्पन्न हुए पंजाब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सिर्फ 18 सीट पर जीत मिली और आम आदमी पार्टी (आप) ने 117 सदस्यीय विधानसभा में 92 सीट हासिल कीं। अमरिंदर सिंह ने दावा किया कि पार्टी के भीतर कई वरिष्ठ नेता पंजाब कांग्रेस में अंदरूनी कलह और राज्य में खराब प्रदर्शन के लिए नवजोत सिद्धू के पार्टी विरोधी बयानों को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यपार्टी ने सीमावर्ती राज्य में उसी दिन अपनी कब्र खोद ली थी, जब उसने नवजोत सिद्धू जैसे अस्थिर और आडंबरपूर्ण व्यक्ति का समर्थन किया और चुनाव से कुछ महीने पहले चरणजीत सिंह चन्नी जैसे भ्रष्ट व्यक्ति को मुख्यमंत्री के रूप में नामित करने का फैसला किया।

## कांग्रेस की लीडरशिप छोड़े गांधी परिवार किसी और को मौका देकर देखिए: सिब्बल

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के सीनियर कपिल सिब्बल ने गांधी परिवार को पार्टी के नेतृत्व से अलग होने को कहा है। उन्होंने कहा कि यह सही समय है जब गांधी परिवार से कांग्रेस की लीडरशिप से हट जाना चाहिए और नेतृत्व की भूमिका के लिए और किसी अन्य व्यक्ति को मौका देना चाहिए। सिब्बल का यह बयान पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की हार और कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से सोनिया गांधी के नेतृत्व में अपना विश्वास दिखाने के बाद आया है। कपिल सिब्बल ने विचार-मंथन सत्र आयोजित करने के पार्टी के फैसले की आलोचना की। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ह्लकुकू लैंडह्व में रह रहा है, अगर उसे आठ साल बाद भी पार्टी के पतन के कारणों के बारे में पता नहीं है। जी23 नेताओं ने 2020 में सोनिया गांधी को पार्टी में बड़े बदलावों की मांग की थी। सिब्बल कांग्रेस के पहले वरिष्ठ नेता हैं जिन्होंने मांग की कि गांधी परिवार एक नए नेता के लिए रास्ता बनाए। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार को स्वेच्छा से दूर जाना



चाहिए, क्योंकि उनकी ओर से नामित बॉडी उन्हें कभी नहीं बताएगी कि उन्हें सत्ता की बागडोर जारी नहीं रखनी चाहिए। सिब्बल ने कहा कि वह न तो विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार से हैरान हैं और न ही सीडब्ल्यूसी के सोनिया गांधी के नेतृत्व में विश्वास दिखाने के फैसले से। उन्होंने कहा कि सीडब्ल्यूसी के बाहर बड़ी संख्या में नेताओं का दृष्टिकोण पूरी तरह से अलग है। उन्होंने कहा, ह्लसीडब्ल्यूसी के बाहर एक कांग्रेस है। कृपया उनके विचारों को सुनें। अगर आप चाहें तो हमारे जैसे बहुत से नेता जो सीडब्ल्यूसी में नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस में एक पूरी तरह से अलग दृष्टिकोण है। क्या आपको इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि हम सीडब्ल्यूसी में नहीं हैं? कांग्रेस नेता ने कहा, ह्लउनके अनुसार सीडब्ल्यूसी भारत में कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व करती है। मुझे नहीं लगता कि यह सही है। देश भर में बहुत सारे कांग्रेसी हैं केरल से, असम से, जम्मू-कश्मीर से, महाराष्ट्र से, उत्तर प्रदेश से, गुजरात से, जो इस तरह की राय नहीं रखते हैं। मैं दूसरों की ओर से बात नहीं कर सकता। यह मेरा निजी विचार है कि आज कम से कम मुझे ह्यसब की कांग्रेसह्ल चाहिए। कुछ अन्य ह्यघर की कांग्रेसह्ल चाहते हैं। मैं निश्चित रूप से ह्यघर की कांग्रेसह्ल नहीं चाहता। और मैं अपनी आखिरी सांस तक ह्यसब की कांग्रेसह्ल के लिए लड़ूंगा।

## पंजाब में बंपर जीत के बाद 'आप' का राजस्थान विधानसभा चुनाव फतह करने का दावा

नई दिल्ली, एजेंसी। पंजाब विधानसभा चुनावों में मिली बंपर जीत के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के हौसले बुलंद हैं और अब उसने राजस्थान विधानसभा चुनाव फतह करने की कोशिश शुरू कर दी है। राजस्थान जहां 2023 में चुनाव होने वाले हैं, हमेशा से ही मुख्य रूप से एक द्विध्रुवीय प्रतियोगिता का गवाह रहा है, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी ने दो दशकों तक वैकल्पिक रूप से राज्य पर शासन किया। परंपरागत रूप से राज्य ने हमेशा कांग्रेस या भाजपा को वोट दिया है (भैरों सिंह शेखावत के नेतृत्व वाली जनता पार्टी 1977 और 1980 के बीच लगभग ढाई साल तक सत्ता में थी)।

आम आदमी पार्टी के राज्य सचिव देवेंद्र शास्त्री ने बताया, आम आदमी पार्टी राजस्थान में एक विश्वसनीय विकल्प प्रदान कर सकती है जैसा कि उसने पंजाब में किया था। राजस्थान के मुद्दे पंजाब के समान हैं। देवेंद्र शास्त्री ने कहा महंगी बिजली राजस्थान को भी परेशान कर रही है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान प्रदान किया और राजस्थान में भी ऐसा कर सकती है।

देवेंद्र शास्त्री ने कहा ने आगे कहा कि पंजाब चुनाव परिणामों से उत्साहित, राजस्थान में आप कैडर को लगता है कि यह राजस्थान के लोगों को एक विश्वसनीय विकल्प प्रदान कर सकता है, जिनके पास वोट डालने के लिए चुनने के लिए बहुत कम विकल्प थे। उन्होंने कहा, हम राज्य में अपने सदस्यों की संख्या बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। क्या हम राजस्थान की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे या नहीं, यह तय किया जाएगा। राजस्थान के लिए हमारी पार्टी के प्रभारी संजय सिंह दौरा करेंगे। राज्य और उस पर बाद में फैसला करें।





# 51 शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर 11 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

» **विजय गौड़ विशेष संवाददाता**

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली पुलिस ने आम जनता को सावधान किया है कि वे प्रॉपर्टी पर निवेश करने से पहले पूरी सावधानी बरते। राजधानी एवं एनसीआर में प्रॉपर्टी के नाम पर बढ़ती हुई ठगी सचमुच चिंता का विषय है । लुभाने विज्ञापन से प्रभावित होकर अपनी गाढ़ी मेहनत की कमाई सपनों का घर खरीदने में किस तरह अपराधी प्रवृति के लोग मासूम लोगो के सपनों को पल में धराशही करने से नहीं चूकते । यह मामला है विवेक विहार का जिसमे शिकायतकताओं/पीड़ितों ने बताया कि ठगी के केंद्र मैसर्स मंजू जे होम्स लिमिटेड के निदेशकों का पंजीकृत कार्यालय सी-294, पहली मंजिल, विवेक विहार, दिल्ली में है और जहाँ उन्हें खसरा नंबर 1109-1110, मोर्टा, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद, यूपी में स्थित ह्यरेड एपल होमजह्व नामक अपनी प्रस्तावित आवास परियोजना में 2012 में फ्लैट बुक करने के लिए प्रेरित किया। फ्लैटों की बुकिंग के समय, पीड़ितों को आश्वासन दिया गया था कि वादा किए गए फ्लैटों का कब्जा 3 साल के भीतर सौंप दिया जाएगा। प्रारंभिक भुगतान (बुकिंग राशि) के बाद, निवेशकों/पीड़ितों के आवेदन पर, प्रस्तावित फ्लैटों के लिए धन बैंकों/वित्तीय संस्थानों से वित्तपोषित किया गया था और बिल्डर कंपनी ने कब्जे ।सौंपने तक प्राप्त ऋण के खिलाफ ईएमआई का भुगतान करने का वादा किया था। हालांकि, आज तक साइट पर निर्माण पूरा नहीं हुआ है और बिल्डर कंपनी ने बैंकों को ईएमआई देना बंद कर दिया है। अब तक 51 शिकायतकर्ता, जिनमें 11 करोड़ रुपये की राशि शामिल है , ने आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली पुलिस से संपर्क किया है। इनमें से कई शिकायतकताओं ने आरोप लगाया है कि हालांकि उनके आवेदनों पर ऋण स्वीकृत किया गया था, लेकिन उनकी जानकारी के बिना, कई दस्तावेजों पर उनके हस्ताक्षर जाली द्वारा ऋण राशि का वितरण किया गया था ।जांच के दौरान यह पाया गया है कि ग्राम मोरटा स्थित खसरा नंबर 1109 एवं 1110 में एक प्लॉट पर स्थित आवासीय परियोजना की जमीन आरोपी बिल्डर कंपनी मंजू जे होमज प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर पंजीकृत है. लिमिटेड संबंधित जिले को सीआरपीसी की धारा 102 के तहत एक नोटिस कलेक्टर, सब-रजिस्ट्रार, एसडीएम, तहसीलदार, जीडीए आदि को इस अनुरोध के साथ भेजा गया था कि परियोजना की भूमि का उपयोग निवेशकों / पीड़ितों को धोखा देने के



लिए किया गया था और उस पर आगे कोई हस्तांतरण या तीसरे पक्ष के निर्माण की अनुमति नहीं दी गई थी। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से प्राप्त उत्तर से पता चला है कि परियोजना के लिए लाइसेंस/अनुमति 26.12.15 को दी गई थी और उसके बाद अग्निशमन विभाग, पर्यावरण विभाग एवं नगर निगम से अनुमति प्राप्त होनी थी। हालांकि, शिकायतकताओं/पीड़ितों की जांच से पता चला है कि बिल्डर कंपनी ने परियोजना की मंजूरी से पहले 2012 से निवेशकों से धन एकत्र करना शुरू कर दिया था। इसके अलावा यह पाया गया है कि बिल्डर कंपनी ने भवनों की संरचना और उसके बाद निर्माण का निर्माण किया था। उसके बाद निर्माण कार्य 2015 से बंद कर दिया गया था। वर्तमान में लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन के लिए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा परियोजना स्थल को सील कर दिया गया था। अग्निशमन विभाग से प्राप्त उत्तर ने भी पुष्टि की है कि इस संबंध में अनुमति/ एनओसी 26.04.16 को प्रदान की गई थी ।जांच से यह भी पता चला कि राजकुमार जैन ने अन्य सह-आरोपी विजयंत जैन, प्रतीक जैन और अक्षय जैन के साथ मिलकर एक कंपनी शुरू की थी और जनता को ठगने के लिए रेड एपल होमज नामक एक परियोजना शुरू की थी। आरोपी राजकुमार जैन भी बैंक खाते में अधिकृत हस्ताक्षरकताओं और कंपनी के निदेशक में से एक था। अन्य सह-आरोपी विजयंत जैन, प्रतीक जैन और अक्षय जैन का अभी पता नहीं चल पाया है और उनका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं ।आरोपी राजकुमार जैन के खिलाफ 29 विभिन्न मामलों में भी फ आई आर दर्ज है शुरूआती दौर में जांच में शामिल होने के बाद वह जांच से बचने लगा ।पर्याप्त सबूत इकट्ठा करने के बाद, वीरेंद्र ठकरन एसीपी की निगरानी में और एम.आई. हैदर, आईपीएस पुलिस उपायुक्त आर्थिक अपराध शाखा दिल्ली पुलिस के समग्र पर्यवेक्षण में एसआई जी एन तिवारी, एएसआई नरेश 1526/ईओडब्ल्यू, कांस्टेबल विक्रम 234/ईओडब्ल्यू और हेड कांस्टेबल (एसजी) सुधांशु 289/ईओडब्ल्यू को शामिल कर एक टीम का गठन किया गया था। । टीम द्वारा आरोपी को 14.03.2022 को गिरफ्तार किया गया और उसे 2 दिन के पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया। मामले की आगे की जांच जारी है।

# पांच राज्यों में हार के बाद पार्टी नेताओं के बगावती तेवरों से परेशान गांधी फैमिली

नई दिल्ली, एजेंसी। पांच राज्यों में मिली हार के बाद अब गांधी फैमिली पार्टी नेताओं के बगावती तेवरों से परेशान है। गांधी फैमिली पर नया बम फोड़ते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने कहा कि वह आखिरी सांस तक घर की कांग्रेस के खिलाफ रहेंगे। वे घर की कांग्रेस के बजाय सब की कांग्रेस चाहते हैं। सिब्बल ने राहुल गांधी को लेकर भी बयान दिया है। राहुल गांधी पहले से ही वास्तविक अध्यक्ष हैं, जो सभी निर्णय लेते हैं।

पांच राज्यों में चुनाव के नतीजे घोषित होने के कुछ दिनों बाद कांग्रेस ने तेजी से खुद को रिकवरी मोड में डाल लिया है ।पंजाब सहित सभी पांच राज्यों में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बीते रविवार को कांग्रेस कार्य समिति ने पांच घंटे की मैराथन बैठक की और हार की समीक्षा की। इस बैठक में एक बात जिसने फिर सुर्खिया पकड़ी कि सोनिया गांधी समिति से गांधी फैमिली के इस्तीफे की बात कही थी। इस बीच पार्टी के वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने राहुल गांधी को लेकर अपनी बात रखी। सिब्बल ने कहा कि राहुल गांधी भले ही ऑफिशियली अध्यक्ष न हों लेकिन वहीं सारे निर्णय लेते हैं। कपिल सिब्बल ने कहा कि वह ह्लघर की कांग्रेसह्व के विपरीत ह्लसब की कांग्रेसह्व चाहते हैं। मैं अपनी आखिरी सांस तक ह्यसब की कांग्रेसह्व के लिए लड़ूंगा। इस ह्यसब की कांग्रेसह्व का अर्थ है भारत में उन सभी लोगों को एक साथ लाना जो भाजपा नहीं चाहते हैं। कुछ लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए हैं कि ए, बी या सी के बिना कोई कांग्रेस नहीं हो सकती है। जाहिर है, उनका मानना है कि ह्यसब की कांग्रेसह्व ह्यघर की कांग्रेसह्व के बिना नहीं टिक सकती। यही चुनौती है ।ह्व कपिल सिब्बल ने कहा कि यह गांधी परिवार के नेतृत्व के पदों से हटकर दूसरों को मौका देने का समय है। उन्होंने कहा, 'गांधी परिवार को स्वेच्छा से दूर जाना चाहिए क्योंकि उनके द्वारा नामित निकाय उन्हें कभी नहीं बताएगा कि उन्हें सत्ता की बागडोर नहीं संभालनी चाहिए।'

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सरकार ने 400 से ज्यादा आंगनबाड़ी कर्मियों को हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी । आंगनबाड़ी कर्मचारियों को दिल्ली सरकार की तरफ से भारी संख्या में टर्मिनेशन लेटर भेजे जा रहे हैं । आंगनबाड़ी यूनियन ने बताया कि अब तक करीब 400 से ज्यादा महिलाओं को टर्मिनेशन लेटर भेजे गए हैं । यह सिलसिला लगातार जारी है । माना जा रहा है कि अभी और महिलाओं को टर्मिनेशन लेटर जारी किए जा सकते हैं । दिल्ली स्टेट आंगनबाड़ी वर्कर्स व हेल्पर्स यूनियन की अध्यक्ष शिवानी कौल ने कहा कि उनकी हड़ताल को खत्म करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार ने मिलीभगत की और एलजी ने दमनकारी कानून हेस्मा लगा दिया । फिर आम आदमी पार्टी की सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री कैलाश गहलोत ने दिखावे और जनता को भ्रमित करने के इरादे से आंगनबाड़ी कर्मियों को फिर से काम पर लौटने की अपील की गई । लेकिन सच्चाई ये है कि उनका विभाग हड़ताल में शामिल महिलाओं को लगातार गैर–कानूनी टर्मिनेशन लेटर भेज रहा है । गौरतलब है कि 31 जनवरी से आंगनबाड़ी कर्मी अपनी मांगों को लेकर 38 दिन हड़ताल पर थीं । शिवानी कौल ने कहा है कि यूनियन ने हड़ताल को तात्कालिक तौर पर स्थगित किया है और एलजी के फैसले के खिलाफ कोर्ट में चुनौती देने का निर्णय लिया है । इस चुनौती के जरिए देश की न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के निष्पक्ष होने का सुबूत मिल जाएगा ।

### श्रीनगर के ऐतिहासिक बादामवारी उद्यान में फूल देखने पहुंच रहे पर्यटक

नई दिल्ली, एजेंसी । कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा जाता हैं, क्योंकि यहाँ प्रकृति ने अनुपम सौंदर्य लुटाया है । इसकारण ठंड कुछ कम होते ही बसंत के मौसम में पर्यटक फिर से बढ़ने लगे हैं । श्रीनगर के ऐतिहासिक बादामवारी उद्यान में इन दिनों पर्यटकों की तादाद बढ़ गई है । बादामवारी बाग में इस मौसम में बादाम के पेड़ों पर फूल खिलते हैं, यह देखने बड़ी संख्या में लोग आते हैं । दरअसल कश्मीर में एक चलन है,कि सुहावने मौसम का स्वागत श्रीनगर के इसी बादामवारी बाग से किया जाता है ।
इस साल भी बादामवारी बाग खोले जाने से पहले पर्यटन विभाग की ओर से एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । देश के विभिन्न हिस्सों से बादामवारी बाग घूमने आए पर्यटकों इन फूलों की खूबसूरती की तारीफ की ।

### दिल्ली में इंस्टॉल किए जा रहे हैं 500 और ई- वाहन चार्जिंग प्वाइंट

नई दिल्ली, एजेंसी । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में ई–व्हीकल चलाने वालों के लिए खबर है । दरअसल ई–वाहन चार्ज करने के लिए अब चालकों से आने वाले दिनों में 2 रुपये प्रति यूनिट शुल्क लिया जाएगा । इस संबंध में ज्यादा जानकारी देते हुए उर्जा मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि दिल्ली सरकार ने 100 जगहों पर 500 ई–वाहन चार्जिंग प्वाइंट लगाने का काम एक कंपनी को सौंप दिया है । ये सभी पब्लिक चार्जिंग स्टेशन होंगें । वहीं उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की तुलना में दिल्ली में चार्जिंग शुल्क काफी सस्ता है ।

# कश्मीरी गेट इलाके में निर्माण के एक महीने में तीन मंजिला इमारत का गिरना बिल्डर और भाजपा की सांठगांठ का नतीजा : 'आप'

नई दिल्ली, एजेंसी। आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा कि भाजपा शासित एमसीडी के लालची स्वभाव ने लोगों की जान जोखिम में डाल दिया। बिल्डर के साथ सांठगांठ कर अवैध निर्माण किया और निर्माण के एक महीने बाद ही इमारत ढह गई, जिसमें 7 लोग घायल हो गए, जबकि ह्यआपह्व के विधायक प्रह्लाद सिंह धामी ने कई बार पत्र लिखकर एमसीडी में बैठी भाजपा को जानकारी दी थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। दुर्गेश पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी भाजपा के सभी पार्षदों, मेयर और अध्यक्ष के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा इसकी जांच कराएगी। वहीं, नॉर्थ एमसीडी के एलओपी विकास गोयल ने कहा कि इसकी जांच कराई जाए तो इसमें भाजपा का कोई नेता या कोई रिश्तेदार ही बिल्डर मिलेगा।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित किया। दुर्गेश पाठक ने कहा कि कल कश्मीरी गेट इलाके में एक बहुत ही दुखद घटना घटी। उसका एक वीडियो और कुछ फोटो दिखाते हुए कहा कि वीडियो में जो इमारत दिख रही है, वह 3 मंजिला इमारत थी। कल यह पूरी इमारत गिर गई। यह पूरा परिसर लगभग 1500 गज का है। जिसमें यह ब्लॉक 180 गज का था, जहां यह 3 मंजिला इमारत बनाई जा रही थी।

हमने पता लगाया है कि एमसीडी ने इसका नक्शा पास किया था या नहीं। यदि 100 गज तक की इमारत है, तो सरल स्कीम के जरिए आसानी से नक्शा पास हो सकता है। इस 180 गज की इमारत का नक्शा सरल स्कीम से पास कराया गया था। जबकि यह संभव ही नही है। यानी इस इमारत का नक्शा अवैध तरीके से पास किया गया था। स्पष्ट है कि नक्शा पास कराने के लिए बिल्डर ने भाजपा को पैसा खिलाया है।

हमारे विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी ने 21 दिसंबर को एक पत्र लिखा। जिसमें उन्होंने भाजपा के सभी लोगों को अवैध निर्माण की जानकारी दी और कार्रवाई का आग्रह किया था। इससे पहले 8 दिसंबर को उन्होंने कमिश्नर को वाट्सअप पर मैसेज कर जानकारी दी, लेकिन उधर से कोई जवाब नहीं आया। बाद में उन्होंने 2 और पत्र लिखे। एक पत्र 8 फरवरी को और दूसरा 9 फरवरी को लिखा। यहां तक कि एलजी को भी पत्र लिख कर इसकी जानकारी दी कि इसमें किसी की जान जाने का खतरा है। बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसका कारण साफ है, उन्हें अपनी जेब भरनी थी।

उन्होंने कहा कि हो सकता है, आप लोगों को लगे कि हमारे विधायक ने झूठ बोल है। आपको यह भी लग सकता है कि शिकायत में कोई दम नहीं था। लेकिन जब इतनी बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो जाहिर है, ऊपर से नीचे तक भाजपा के सभी पार्षदों की जेब भरी गई है। लगभग 3 महीने पहले तिमारपुर में भी ऐसा ही हादसा हुआ था। उसमें भी हिमारी पार्षद गुड्डी देवी पत्र लिखते-लिखते थक गईं लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई और आखिर में नतीजा सबके सामने था। एक महीने में 3 मंजिल कैसे खड़ी कर सकते हैं।

मैं भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता से कहना चाहता हूँ कि वह इस पर स्पष्टीकरण दें।

# दिल्ली में पीडब्ल्यूडी इन 86 जगहों पर लगाएगा एलईडी स्क्रीन

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के बॉर्डर, रेलवे स्टेशनों और मेट्रो स्टेशनों सहित शहर के लगभग 86 जगहों को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 600 एलईडी स्क्रीन लगाने के लिए चिन्हित किया है। दिल्ली में लगने वाली इन एलईडी स्क्रीन पर जनता को सरकार द्वारा की गई नीतियों और पहलों के बारे में जानकारी मिलेगी।

पीडब्ल्यूडी द्वारा चिन्हित किए गए 86 स्थानों में से 34 एलईडी स्क्रीन नई दिल्ली, पुरानी दिल्ली और निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर लगेंगी। इसके साथ ही 16 कश्मीरी गेट और सराय काले खां आईएसबीटी पर लगेंगी। एयरपोर्ट रोड पर 12 और 72 दिल्ली के बॉर्डर जैसे टिकरी, औचंडी, गाजीपुर, बदरपुर पर लगाई जाएंगी। इसके साथ ही 19 एलईडी स्क्रीन दिल्ली मेट्रो स्टेशनों और शहर के सभी रिंग रोड पर लगाई जाएंगी। वहीं अन्य स्थानों पर 76 एलईडी स्क्रीन लगाई जाएंगी। दिल्ली सरकार इन एलईडी स्क्रीन पर नागरिकों को सरकार द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देगी। इसके साथ ही नई योजनाओं और सार्वजनिक हेल्पलाइन संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। जिसमें कोविड अपडेट, कोविड प्रोटोकॉल का महत्व, प्रदूषण डेटा, सामाजिक संदेश और सरकार की नीतियों की जानकारी शामिल है। इस परियोजन को लेकर अधिकारियों का कहना है कि पीडब्ल्यूडी ने इसके लिए क्षेत्र का सर्वेक्षण कर स्थानों की पहचान कर ली है। इसके बाद अब एलईडी और कैमरे के आकार, पोल डिजाइनिंग सहित नींव और अन्य की प्रक्रिया पूरी कर ली है। टेंडर प्रक्रिया में करीब एक महीने का समय लगेगा और टेंडर मिलते ही यह काम जल्द शुरू हो जाएगा। बता दें कि पिछले साल दिल्ली की आप सरकार ने 600 एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन लगाने के लिए 475 करोड़ रुपये से अधिक की मंजूरी दी थी। इन एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन को इस साल में पूरा किया जाना है। बताया जा रहा है कि एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन की परियोजना तीन चरणों में पूरी की जाएगी। जिसका काम इस साल दिसंबर तक काम पूरा होने की उम्मीद है।

# नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ने अफ्रीकी देशों में स्टूडेंट रिक्रूमेंट एक्सरसाइज का किया आयोजन

दिल्ली । नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (एनआईयू) ने जाम्बिया, दक्षिणी अफ्रीका के विभिन्न शहरों में पांच दिवसीय स्टूडेंट रिक्रूमेंट एक्ससरसाइज आयोजित किया। इसमें छात्रों को अपनी पसंद के कोर्स, कई तरह के सीखने के माहौल और डायनामिक टीचिंग के संदर्भ में नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा किए गए प्रयासों से अवगत कराने के लिए पहल की गई।

सुश्री अलकनंदा (डेप्युटी एडमिशन डायरेक्टर और इंटरनेशनल रिलेशन) और सुश्री शीरादीप कौर (मैनेजर इंटरनेशनल) द्वारा संचालित एनआईयू (ठकव) की इंटरनेशनल एडमिशन टीम ने जाम्बिया के लुसाका शहर का दौरा किया। इंटरनेशनल एडमिशन टीम ने स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ स्टूडेंट रिक्रूमेंट एक्ससरसाइज का आयोजन किया ताकि छात्रों तक पहुंच स्थापित करने के लिए सहयोगी भागीदारों के साथ दृश्यता, नेटवर्किंग और सहयोग बढ़ाया जा सके। टीम ने जाम्बिया के विभिन्न शहरों के छात्रों के साथ बातचीत की ।हमने भारत की बाहरी आर्थिक नीति को ध्यान में रखते हुए अफ्रीकी देशों पर विशेष रूप से ध्यान दिया है। पिछले एक दशक में यूनिवर्सिटी अंतरराष्ट्रीय छात्रों से फीस के लिए ही नही बल्कि कैंपस में विविधता लाने के लिए भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय छात्र भारतीय उच्च शिक्षा की ओवरऑल डिमांड का एक बड़ा हिस्सा बनते जा रहे हैं और क्लासरूम में सीटों के लिए, मार्केटिंग और रिक्रूमेंट, और फाइनेंशियल ऐड आदि जैसी स्ट्रीम में भारतीय छात्रों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। जाम्बिया में टीम के प्रवास के दौरान टीम ने कई सेमिनार का आयोजन किया और पाया कि जाम्बिया के छात्र एलाइड हेल्थ साइंस (स्वास्थ्य संबद्ध विज्ञान) एवं इंजीनियरिंग प्रोग्राम्स में काफी रुचि रखते हैं। हर सेमिनार के बाद सवाल-जवाब के लिए एक सत्र भी आयोजित किया गया जिसमें छात्रों के लिए एनआईयू द्वारा प्रदान किए जाने वाले कोर्स और छात्रवृत्ति के लिए जरूरी मानदंड से संबंधित सवालों का जवाब दिया गया।

# प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर साहिब सिंह वर्मा की जन्मजयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 15 मार्च। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने आज दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. साहिब सिंह वर्मा की जन्म जयंती पर प्रदेश कार्यालय में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि दिल्ली देहात के मसीहा और किसानों के हितौषी डॉक्टर वर्मा का पूरा जीवन दिल्लीवासियों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके अधूरे कार्यों और दिल्ली के विकास को लेकर जो उनके सपने थे उसे दिल्ली भाजपा जरूर पूरा करेगी। उनके विचार एवं आदर्श हम सभी कार्यकताओं के लिए हमेशा ही प्रेरणा श्रोत रहेंगे।

गुप्ता ने कहा कि डॉ साहिब सिंह वर्मा द्वारा दिल्ली देहात की विकास योजना और उनके शासनकाल में हुए दिल्ली के सर्वांगीण विकास कार्यों को हम कभी भूल नहीं सकते हैं। उनके कुशल नेतृत्व और उनके आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. साहिब सिंह वर्मा हर कार्यकर्ता की नब्ज पहचानते थे। वह बहुत ही मिलनसार थे और जब भी कोई कार्यकर्ता उनके पास मदद के लिए जाता तो वह तुरंत उसकी सहायता करते



थे। आज कोई भी मुख्यमंत्री लोगों के बीच नहीं दिखता है, लेकिन डॉ साहिब सिंह वर्मा ऐसे मुख्यमंत्री थे जो हफ्ते में दो-तीन बार सुबह-सुबह ही दौरे पर निकल जाते थे और लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनते थे। यही कारण है कि वह आज भी दिल्ली के लोगों के मन में रचे-बसे हुए हैं।

आज डॉक्टर साहिब सिंह वर्मा की जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह ने स्वाभिमान स्थल, घेवरा मोड़ जाकर हवन किया एवं उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

# वीरू सरपंच को दक्षिण हरियाणा आम आदमी पार्टी संयोजक नियुक्त किया गया

» **मदरलैंड संवाददाता**

गुरुग्राम। भाजपा के पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता लेकर हरियाणा में राजनीतिक खलबली मचा दी हैह्व आज बजघेरा के वीर सिंह (उर्फ वीरू सरपंच ) को दक्षिण हरियाणा आम आदमी पार्टी संयोजक नियुक्त किया गया और सोना के चौधरी जावेद अहमद को दक्षिण हरियाणा आम आदमी पार्टी अल्प संख्या सेल के संयोजक के रूप में घोषित किया गयाह्व हरियाणा सप्रभारी डॉ सुशील गुप्ता ने आज आम आदमी पार्टी हरियाणा की तेज रफ्तार से विस्तार के लिए सभी आम आदमी पार्टी कार्यकताओं को मुबारकबाद दीह्व उन्होंने कहा कि अब हरियाणा में आम आदमी पार्टी एक मजबूत विकल्प बनकर भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने जा रही हैह्व सुशील गुप्ता जी ने कहा कि हर रोज सैकड़ों लोग बाकी पार्टियों से तंग होकर आम आदमी पार्टी का दामन थाम रहे हैं क्योंकि जिस तरह दिल्ली मैं बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ का मॉडल तैयार किया गया है



वही मॉडल अब हमने हरियाणा में हकीकत बनाना हैह्व हरियाणा में खट्टर सरकार निकाय चुनाव की तारीख देने में आनाकानी कर रही है क्योंकि उन्हें डर है की जनता का गुस्सा भाजपा के खिलाफ वोटो में निकलेगाह्व आम आदमी पार्टी हरियाणा आगामी चुनाव झाडू के चुनाव चिन्ह पर लड़ेगी और जनता को मूलभूत सुविधाएं देने के लिए संघर्ष करेगीह्व गुड़गांव जिला अध्यक्ष मुकेश डागर कोच,बादशाहपुर अध्यक्ष डॉ सारिका वर्मा, गुड़गांव अध्यक्ष महावीर वर्मा और सोना अध्यक्ष राम गौतम ने बताया की बुधवार दोपहर 12:00 बजे गुडगांव में प्रेस वार्ता के जरिए अपने नए साथियों को जनता से रूबरू कराएंगे।

# बजट में सरकार ने सभी वर्ग को निराश किया है इस बजट में व्यापारी, कर्मचारी, युवा, किसान किसी का ध्यान नही रखा: विधायक चिरंजीव राव

» **सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता**

गुरुग्राम। बजट सत्र के दौरान विधानसभा में रेवाडी विधायक चिरंजीव राव ने बजट पर सरकार को घेरते हुए कहा बजट में सरकार ने सभी वर्ग को निराश किया है इस बजट में व्यापारी, कर्मचारी, युवा, किसान किसी का ध्यान नही रखा। बजट में रोजगार का भी कोई जिक्र तक नही है कोई नया आईएमटी नही खोला गया। उद्योगों को आकर्षित करने के लिए सरकार के पास कोई योजना ही नही है। ओटो मोबाइल कंपनी बंद होने लग रही हैं या फिर प्रदेश से बाहर जाने लग रही हैं। बेराजगारी से निपटने के लिए बजट में कोई विशेष ऐलान नही किया गया। सरकार ने 3 साल पहले बोला था कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोला जाएगा लेकिन आज तक इस पर कोई अमल नही किया गया है। रेवाडी में तो कांग्रेस शासनकाल से ही मेडिकल कॉलेज पास है लेकिन इस बार भी बजट में कोई जिक्र नही किया गया।

विधायक चिरंजीव राव ने कहा एसवाईएल के लिए माननीय सुर्पिम कोर्ट ने हरियाणा के पक्ष में फैसला सुनाऐ हुए भी काफी समय हो गया है। केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है फिर भी एसवाईएल का निमार्ण क्यों नही किया जा रहा है। दक्षिणी हरियाणा में 1 हजार फीट पर



पानी चला गया है, लोगों को पीने का पानी बडी मुश्किल से मिलता है। नहरें यहां पर 42 दिन के बाद आती है। एसवाईएल के पानी का दक्षिणी हरियाणा सहित पूरे हरियाणा को इसका फायदा होगा। वहीं दक्षिणी हरियाणा में पानी का लेवल रेड जोन में आता है पानी के लेवल को उपर करने के लिए भी सरकार द्वारा कुछ नही किया जा रहा है। रेवाडी के सरकारी अस्पताल में स्पेशलिस्ट डाक्टरों की कमी है और ट्रामा सेंटर तो मात्र रेफरल सेंटर बनकर ही रह गया है। वहां पा आने वाले मरीजों को एम्स दिल्ली या फिर रोहतक रेफर किया जाता है। एम्स की रेवाडी से दूरी होने की वजह से बहूत से लोगों की जान भी जा चुकी है। उन्होंने कहा रेवाडी में लडकों के कॉलेज बनने की घोषणा 28 मई 2015 में हुई थी। 2018 में क्लास सिनियर सैकेंडरी स्कूल बॉयस, रेवाडी में लगने लगी और फिलहाल कॉलेज को को-एड कर दिया है। 375 विद्यार्थी उसमें पढ रहे हैं। कॉलेज के लिए सैक्टर 20 में लगभग 5 एकड हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की जमीन सरकार ने दे रखी थी लेकिन हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के कुछ नोमस के कारण उस जमीन को पिछले वर्ष वापस कर दिया गया था। लेकिन उसके बाद लडकों के कॉलेज को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। बजट में कॉलेज का कोई जिक्र तक नही किया गया। है।

इसके अलावा दक्षिणी हरियाणा में केंद्र की योजना एम्स, डिफेंस युनिवर्सिटी बिनौला, सैनिक स्कूल सभी का काम ठंडे बस्ते में है। सरकार ने स्वयं माना है कि 2014 के मुकाबले अब प्रदेश में अपराध बढता जा रहा है। रेवाडी में भी कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है आए दिन अपराधी व्यापारियों को निशाना बना रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### त्योहार आते ही मिलावट खोर हुए सक्रिय

अजय सक्सेना, मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी। होली, दिवाली या फिर रक्षाबंधन, कोई भी त्योहार हो मिलावट खोर पन्द्रह दिन पहले ही सक्रिय हो जाते हैं। अधिक मुनाफा के चक्कर में खाद्य वस्तुओं में मिलावट करके बिक्री करते हैं। होली के त्योहार पर तो मावा का बड़ा कारोबार होता है। बड़े-बड़े थोक विक्रेता त्योहार को कैश और छोटे दुकानदारों की डिमांड पूरी करने के लिए मिलावटी वस्तुओं की बिक्री कर देते हैं। मैनपुरी खाद्य विभाग ने मिलावट रोकने के लिए छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डीके वर्मा ने बताया है कि खाद्य विभाग वैसे तो सालभर छापेमारी अभियान चलाता है। लेकिन त्योहारों पर विशेष अभियान चलाता है। होली के त्योहार पर विभाग अलर्ट है। तीन दिन पूर्व शहर में राइस ब्रान ऑयल में मिलावट का संदेह होने पर पांच ड्रम सीज किए गए थे। सोमवार को बेवर डेढ़ कुंतल मावा बरामद किया गया है। अन्य दुकानों पर छापेमारी कर सैंपल लिए जा रहे हैं। उन्होंने जनपद के लोगों से अपील की कि उन्हें कहीं भी मिलावटी वस्तुओं की बिक्री या निर्माण होने की जानकारी मिले तो विभाग को अवश्य सूचित करें। किसी भी सूरत में मिलावटी वस्तुओं की बिक्री रोकी जाएगी। लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

### अधेड़ ने आम के पेड़ पर लटककर की आत्महत्या

मदरलैंड संवाददाता, मैनपुरी/किशनी। थाना क्षेत्र के गांव शमशेरगंज में अधेड़ ने आम के पेड़ पर फांसी का फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया। सोमवार की देर शाम रोज की भांति शमशेरगंज निवासी 48 वर्षीय सोवरन सिंह पुत्र तिलक सिंह खाना खाकर खेत में बनी झोपड़ी में लेटने गया था। सुबह जब ग्रामीण खेतों की तरफ गए तो आम के पेड़ पर सोवरन को लटका देखा। मामले की सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दे दी। सूचना पर ग्रामीण व परिजनों मौके पर पहुंच गए और भीड़ जमा हो गयी। परिजनों ने आम के पेड़ पर लटक रहे सोवरन को नीचे उतार लिया। आत्महत्या के कारण परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया। ग्रामीणों ने दबी जबान बताया कि घर में कोई कहासुनी हुई जिसके चलते सोवरन ने आत्महत्या कर ली।

### उप मण्डल विकास समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। उप मण्डल विकास समिति के सदस्यों ने मंगलवार को तावडू शहर व उप मण्डल से संबंधित समस्याओं का मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नाम उप मण्डलाधीश तावडू के मार्फत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि जिलावासी तावडू को अपना दिल समझते हैं और हर बार लोकसभा, विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी को ही चुनकर भेजते हैं। लेकिन शहर व उप मण्डल की बिजली, पानी, सीवरेज, प्रोप्टी आईडी, अतिक्रमण व विकास आदि से जुड़ी समस्याओं का समाधान न होने से अब यह क्षेत्र हाशिए पर है। ज्ञापन में कहा गया है कि उप मण्डल स्तर की न्यायिक कोर्ट, अस्थाई सब्जी मंडी को नई सब्जी मंडी में स्थानांतरण, शहर के अन्दर व बाहर गली-मोहल्लों में हो रहे अतिक्रमण के अलावा जगह-जगह मलबा व निर्माण सामग्री डालने से एनजीटी के नियमों का सरेआम मखौल उड़ाया जा रहा हैं। शहर में बीमारी खासकर दहशतजदा कैंसर को बढ़ावा मिल रहा है। हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि शासन-प्रशासन को बार-बार समस्या समाधान के लिए कहने के बावजूद समस्याएं सिर चढ़कर बोल रही हैं। इस अवसर पर कामरेड काले खान, राम सहाय, वेदप्रकाश, पृथ्वी प्रधान, दरियाव रहे, सुन्दर सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### महिलाएं हर क्षेत्र में कर रही देश का नाम रोशनः संजय भुटानी

मदरलैंड संवाददाता, हांसी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्थानीय मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में खंड हांसी प्रथम की महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार संजय भुटानी ने महिला खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर सीडीपीओ मीना नागपाल तथा विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रही। संजय भुटानी ने इस अवसर पर महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की आज महिलाएं हर क्षेत्र में उन्नति कर रही है और हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम विश्व पटल पर गौरवान्वित कर रही हैं। महिलाओं को किसी भी मायने में खुद को कमजोर न मान कर बुलंदियों को छूने की कोशिश करनी चाहिए इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की विजेता प्रतिभागियों को इनामी राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रथम स्थान हासिल करने वाली प्रत्येक विजेता महिलाओं को 2000 रुपए की राशि, द्वितीय स्थान हासिल करने वाली प्रतिभागियों को 1200 रुपए की राशि तथा तीसरे स्था सीडीपीओ मीना नागपाल ने कहा की राज्य सरकार द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से हर वर्ष महिला खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। इन प्रतियोगिताओं के आयोजन का मुख्य उद्देश्य घरों में कामकाज तक सीमित महिलाओं को खेलकूद प्रतियोगिताओं में शामिल कर उनका सर्वांगीण विकास करवाना है। आज आयोजित इस खेलकूद प्रतियोगिता में हांसी खंड प्रथम की सैकड़ों महिलाओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। प्रतियोगिता में शामिल महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। 300 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में डाटा गांव की कविता प्रथम कंवारी गांव की किरण बाला दूसरे स्थान पर तथा उमरा गांव की सोमवती तीसरे स्थान पर रही। मटका दौड़ प्रतियोगिता में महजत गांव की मिंटू प्रथम ढाणी कुतुबपुर की पूनम द्वितीय तथा पीरावाली की उर्मिला तृतीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में गुराना गांव की सोनिया प्रथम राजीव नगर की मंजू द्वितीय तथा गढ़ी गांव की अन्नू तीसरे स्थान पर रही। आलू चम्मच दौड़ में ढाणी कुतुबपुर गांव की अनीता प्रथम इसी गांव की मुकेश द्वितीय तथा गुराना गांव की ममता तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में हांसी की मीना प्रथम गुराना गांव की निशू द्वितीय तथा सिसाय गांव की अमन तृतीय स्थान पर रही। साइकिल रेस प्रतियोगिता में मसूदपुर गांव की ज्योति प्रथम हांसी की मधु की द्वितीय तथा ढंढेरी गांव की राम भतेरी तृतीय स्थान पर रही।

## एमएलसी के नामांकन का पहला दिन गया खाली

» मदरलैंड संवाददाता



एटा। एटा-कासगंज-मथुरा-मैनपुरी के स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र एमएलसी (सदस्य विधान परिषद) चुनाव के लिए मंगलवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। दो सदस्यों की इस सीट के लिए कलक्ट्रेट में नामांकन स्थल बनाया गया है। पहले दिन कोई नामांकन नहीं हुआ। पांच लोगों ने नामांकन पत्र लिए हैं।

पूर्व में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम आने के बाद ही एमएलसी चुनाव के लिए भी अधिसूचना जारी कर दी गई थी। बाद में इसे स्थगित कर दिया गया। अब फिर अधिसूचना जारीकर 15 मार्च यानि आज से नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। चारों जिलों से संबंधित प्रत्याशियों को नामांकन के लिए एटा ही आना होगा। मंगलवार को पहले दिन किसी भी प्रत्याशी की ओर से नामांकन पत्र जमा नहीं किया गया।

बताते चलें सपा से उदयवीर सिंह, निर्दलीय गुंजन पाराशर के लिए नामांकन पत्र लिए गए हैं, जबकि निर्दलीय विनोद कुमार पूर्व में नामांकन पत्र ले चुके हैं। वहीं अरविंद सिंह का कार्यकाल पूरा होने से खाली हुई सीट पर सपा से राकेश यादव और निर्दलीय रामविलास यादव ने नामांकन पत्र प्राप्त किए, यहां सपा ने अपने प्रत्याशी को बदला है। अभी भाजपा की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की गई है। पिछला चुनाव 2015 में हुआ था, जिस पर सपा के प्रत्याशी अरविंद यादव और उदयवीर सिंह निर्विरोध रूप से चुने गए थे। इन दोनों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग की ओर से पूर्व में ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जा चुका है। डीएम अंकित अग्रवाल ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 19 मार्च है। इसके बाद 21 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 23 मार्च को नाम वापस लिए जा सकेंगे। मतदान 9 अप्रैल को एवं मतगणना 12 अप्रैल को कराई जाएगी।

**सदस्य विधान परिषद चुनाव तक आचार संहिता रहेगी प्रभावी**

एडीएम वित्त एवं राजस्व तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि सदस्य विधान परिषद चुनाव के अंतर्गत चुनाव आयोग द्वारा जारी आचार संहिता के उपबंध लागू किए गए हैं। यह आचार संहिता जिले में चुनाव होने तक प्रभावी रहेगी।

## छात्र की गोली मारकर हत्या, गुस्साए परिजनों ने पलट दी शव ले जा रही गाड़ी



» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा। जिले के जलेसर थाना क्षेत्र में एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने पुलिस को छह घंटे तक शव नहीं उठाने दिया।

जलेसर के नगला चांद में 22 वर्षीय छात्र दीपक कश्यप पुत्र जुगराज कश्यप की गांव के लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सोमवार को भागवत कथा में दो पक्षों में नोकझोंक हो गई थी। आरोप है कि मंगलवार को एक पक्ष की ओर से दूसरे पक्ष के छात्र 22 वर्षीय दीपक की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी जब वह सुबह 8:00 बजे खेत में पानी लगाने जा रहा था। दीपक की हत्या की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है।

**परिजन हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े**

उधर परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए और छह घंटे तक शव नहीं उठाने दिया। मृतक छात्र के परिजनों ने शव ले जा रही गाड़ी को पलट दिया। उनका आरोप है कि जिन लोगों से दीपक का झगड़ा हुआ है, उन्हीं ने उसकी हत्या की है। अपर पुलिस अधीक्षक सहित एसडीएम जलेसर अलंकार अग्निहोत्री मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को समझाया, लेकिन परिजन डीएम सहित डीआईजी को बुलाए जाने की मांग पर अड़े रहे।

## कोर्ट के आदेश पर धोखाधडी का मुकद्मा दर्ज

» मदरलैंड संवाददाता

● जालसाजी कर बुजुर्ग से कीमती जमीन का करा लिया बैनामा

मैनपुरी/किशनी। आंख कान से लाचार, अशिक्षित और बुजुर्ग व्यक्ति से पहले से किसी और के नाम इकरारनामा की गई जमीन का बैनामा करा लेने पर पुलिस ने धोखाधडी का मुकद्मा दर्ज किया है।

गांव किठाह कुसमरा निवासी 85 वर्षीय अशिक्षित तथा आंख और कान से लाचार बुजुर्ग ने कोर्ट में प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उनके पास गांव हुसैनपुर निवासी अनीतादेवी तथा उनके पति राजेश कुमार पुत्र गोरेलाल आये थे और उनकी जमीन जिसका गाटा संख्या 64 है को खरीदने के लिये बात की तथा उन्हें तीस हजार रुपये बतौर बयाना देकर चले गये। इसके बाद उक्त दोनों 14 दिसम्बर 2021 को उनके पास फिर से आये। उनके साथ अनुजकुमार पुत्र अशोक सिंह निवासी नगला मानसिंह जमूरा तहसील भोगांव तथा अजयकुमार पुत्र अनारसिंह निवासी चन्दरपुर मुडौसी अपने दो अज्ञात साथियों के साथ आये और कहा कि आप हमारे साथ तहसील चलो और गाटा संख्या 64 का बैनामा कर दो। वह उनकी कार में बैठ कर तहसील गये जहां पहले से ही तैयार किये गये कागजों में उन्होंने उनके हस्ताक्षर करा लिये। चूंकि वह पढेलिखे नहीं हैं इसलिये विश्वास कर उन्होंने अपने दस्तखत कागजों पर कर दिये। बाद में उन्हें पता चला कि उक्त लोगों ने धोखा देकर कूटरचना कर गाटा संख्या 64 के स्थान पर बेषकीमती जमीन गाटा संख्या 40क के 0.405 का आधा हिस्से का बैनामा धोखा देकर करा लिया है। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन का इकरारनामा उन्होंने पूर्व में ही सरलादेवी पत्नी दर्शनसिंह यादव निवासी हिम्मतपुर के नाम करा चुके हैं। इसलिये वह उस जमीन का बैनामा कर ही नहीं सकते हैं। जब उनको पता चला तो वह रजिस्ट्री कार्यालय तथा थाने गये पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने चार नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ मुकद्मा दर्ज कर लिया है।

## खेत की रखवाली करने गए किसान पर आवारा सांड ने किया हमला, मौत

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी/किशनी। जनपद मैनपुरी में आवारा सांडों का कहर किसानों पर जमकर टूट रहा है। लोग सांड के हमले से गम्भीर रूप से घायल तथा असमय काल के गाल में समा रहे हैं। ताजा मामले में आलू के खेत की रखवाली कर रहे किसान की आवारा सांड के हमले से दर्दनाक मौत हो गई। किसान की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गयी। जहां पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से इलाके के ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना किशनी थाना क्षेत्र के कैथोली गांव की है। जहां के निवासी 55 वर्षीय सुखबीर चौहान पुत्र लक्ष्मण सिंह आवारा गोवंश से अपने खेत में आलू की फसल की रखवाली करने गए थे। बताया जा रहा है बीती देर रात सोमवार को आवारा सांड ने उनके ऊपर हमला कर दिया। जिससे किसान गम्भीर रूप से घायल हो गया। किसान की घटनास्थल पर तड़प-तड़पकर दर्दनाक मौत हो गई। परिजन और ग्रामीणों को घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर दौड़ पड़े। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। असमय हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक के पुत्र आकाश ने पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

**क्या कहती है पुलिस**

कुसमरा चौकी इंचार्ज रूपेश कुमार ने बताया कैथोली गांव से सांड के हमले से बुजुर्ग की मौत की सूचना मिली थी। पोस्टमार्टम की कार्रवाई कराई गई है जो रिपोर्ट निकल कर आएगी। उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## शहीद हसन खां मेवाती के 495वां शहादत दिवस के मौके पर आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में उन्हें याद किया



» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। सूबे के सर्वाधिक पिछड़े जिला नूंह में शहीद हसन खां मेवाती के 495वां शहादत दिवस के मौके पर आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में उन्हें याद किया। जिला के तावडू उप मण्डलस्थित राजकीय मॉडल संस्कृति माध्यमिक विद्यालय में स्थित स्वतंत्रता सेनानियों की यादगार में बने कीर्ति स्तम्भ पर पुष्पांजलि भेंट की गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय शहीदाने मेवात सभा के जिला अध्यक्ष हाजी काले खां ने कहा कि शहीद हसन खां मेवाती की शहादत हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत है, हमें उनके जज्बातों को आगे बढ़ाना ही सच्ची खिराजे अकीदत होगी। शहीद हसन खान बहादुरी व देशभक्ति की बड़ी मिशाल थे, देश के लिए, सर्वोच्च बलिदान देकर उन्होंने देश की आजादी में बड़ा योगदान दिया। मेवात के लोगों को ही नहीं बल्कि पूरे देश को उनपर नाज है, आज हम जो आजाद सांसे ले रहे हैं वो हसन खान जैसे शहीदों की कुर्बानियों का ही परिणाम है। इस मौके पर काले खां, सुरेन्द्र सिंह, वेद प्रकाश अदलखा, पृथ्वी प्रधान, राम सहाय, गौरव, तसलीम खान, मनीष, सोयेब, सुमित, ताहिर, सहबाज, सद्दीक, अजान, सुरेन्द्र सिंह गुरनावट, दरियाव सिंह नम्बरदार, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

## दिल्ली, पंजाब फतेह करने के बाद आप पार्टी हरियाणा की तरफ अपनी पैंठ बनाने में जुटी है, जावेद खान अपनी अगली राजनीति आप पार्टी के बैनर के तले करने के मूंड़ में

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। पंजाब में गहरे तक पैंठ जमा चुकी आम आदमी पार्टी (आप) के जलवे को देखकर जिला से लोकसभा, विधानसभा की राजनीति कर रहे दावेदार अब आप पार्टी को ही सबसे सुरक्षित पार्टी मान रहे हैं। सोहना विधानसभा से बसपा की टिकट पर चुनाव लड़ चुके जावेद खान अपनी अगली राजनीति आप पार्टी के बैनर से करने के मूंड में हैं। मेवात की खानपुर परिवार की राजनीति में अच्छी खासी पकड़ है और उनके पार्टी का दामन थामने से कई दावेदार अगली पारी आप से करने की अभी से कवायद में हैं। आप सुप्रीमो व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के कुशल नेतृत्व में पंजाब में पार्टी ने शानदार जीत हासिल की हैं। इस जीत ने ना सिर्फ जातियों के तिलिस्म को तोड़ा है बल्कि दिल्ली सरकार व आप पार्टी की नीतियों पर मुहर लगाई हैं। आप पार्टी की पंजाब में हुई घोषणाओं को साथ लगते हरियाणा में ऐसी घोषणाओं के संभावना को लेकर नूंह (मेवात) जिला से सियासत कर रहे दावेदार आप पार्टी में ही अपना भविष्य सबसे सुरक्षित मान रहे हैं।

यहां, यह बताना जरूरी है कि नूंह (मेवात) जिला में 80 फीसदी मतदाता मुस्लिम (मेव) है और 20 फीसदी अन्य बिरादरियों से ताल्लुक रखते हैं। मुस्लिम भाजपा को अपनी सबसे विरोधी पार्टी मानते हैं। कांग्रेस, इनेलो, बसपा आदि दलों से जुड़ने का स्वाद चखने के बाद अब आप पार्टी का दामन थाम कर अपनी चुनावी वेतरनी पार करने की फिराक में हैं। हालांकि, जिला में आप के पास अभी तक कोई दमदार नेता, कार्यकर्ता नहीं हैं लेकिन सियासी जानकारों की माने तो आने वाले समय में जिला में पार्टी के पास दमदार नेताओं की कोई कमी न होने के दावे हो रहे हैं।

बहरहाल, दिल्ली, पंजाब फतेह करने के बाद आप पार्टी सीमांत राज्य हरियाणा की तरफ अपनी पैंठ बनाने में जुटी है खासकर मेवात क्षेत्र की अल्पसंख्यक आबादी को रिझाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## जहरयुक्त खान पान का विकल्प है प्राकृतिक खेतीः डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौर

### हकृवि का दो दिवसीय कृषि मेला हुआ आरंभः हरियाणा व पड़ोसी राज्यों से हजारों किसान हुए

» मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

हांसी। प्राकृतिक खेती समय की मांग है। पारंपरिक कृषि में कीटनाशकों जैसे रसायनों का अंधाधुंध प्रयोग होने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ इससे मानव स्वास्थ्य भी प्रभावित हो रहा है। ऐसे जहरयुक्त खान-पान से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां मानव शरीर को प्रभावित करने लगी हैं। यह बात महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कुलपति डॉ. नरेन्द्र सिंह राठौर ने कही। वह चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित कृषि मेला के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा व महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय (एमएचयू) के कुलपति प्रो. समर सिंह विशिष्ट अतिथि थे जबकि अध्यक्षता एचएयू के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने की। डॉ. राठौर ने कहा देश की आजादी के बाद हमारा मुख्य प्रयास लोगों को खाद्यान्न सुरक्षा प्रदान करने के लिए खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़ाने पर केन्द्रित रहा और देश ने 1960-70 के दशक में हरित क्रान्ति लाकर इसे प्राप्त करने में भी सफलता हासिल की। लेकिन इसके परिणामस्वरूप खेती में रसायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों आदि रसायनों का प्रयोग बहुत ज्यादा बढ़ गया। आज स्थिति ऐसी बन गई है कि इन जहरीले रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से यह भूमि, जल व पर्यावरण में घुलने के साथ खाद्य श्रृंखला (फूड चेन) में प्रवेश कर गए हैं जो मानव जाति में गंभीर बीमारियों का कारण बन रहे हैं। उन्होंने किसानों से पारंपरिक खेती पद्धति से हटकर प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इस खेती पद्धति में कृषि अवशेषों का प्रयोग होने से लागत कम आएगी जिससे किसानों की आमदनी बढ़ेगी और कृषि उत्पादन की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। उन्होंने खेती में जल प्रबंधन करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कृषि में केवल 30' जल का सही प्रयोग हो रहा है जबकि 70' जल व्यर्थ बह जा रहा है। उन्होंने प्राकृतिक खेती में हकृवि द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा इस पद्धति को अपनाकर हरियाणा के किसान अन्य प्रदेशों के किसानों का मार्गदर्शन कर सकते हैं।

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने अध्यक्षीय भाषण में कृषि में प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध हो रहे दोहन पर चिंता जताई और किसानों को कृषि उत्पादन के साथ इनकी गुणवत्ता सुधारने पर ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कृषि उत्पादों की गुणवत्ता के आधार पर किसान अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन्हें बेचकर अच्छी आमदनी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा पंजाब और हरियाणा के किसान कृषि उत्पादन में सदा अग्रणी रहे हैं और वे कृषि उपज की गुणवत्ता बढ़ाने में भी आगे रहेंगे। उन्होंने बताया हकृवि ने प्राकृतिक खेती को लोकप्रिय बनाने के लिए दीन दयाल उपाध्याय जैविक खेती उत्कृष्ट केन्द्र की स्थापना की है जहां जैविक व प्राकृतिक खेती की उत्पादन प्रौद्योगिकी विकसित किए जाने के साथ कृषि उत्पादन व इसकी गुणवत्ता को लेकर तुलनात्मक अध्ययन किए जा रहे हैं। प्रो. काम्बोज ने ग्रामीण युवाओं से आहवान किया कि वे नौकरी के पीछे भागने की अपेक्षा कृषि को नवीन प्रौद्योगिकियों एवं फसल पद्तियों को अपनाकर अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं।

एमएचयू के कुलपति प्रो. समर सिंह ने किसानों से पारंपरिक फसल चक्र से हटकर समन्वित कृषि पद्धति अपनाने का आहवान किया। उन्होंने कहा किसान सब्जियों व फलों की खेती करके अच्छी आमदनी ले सकते हैं। उन्होंने कहा हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई भावान्तर योजना के चलते इनकी खेती से आर्थिक हानि होने की भी संभवना नहीं है।

लुवास के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने भी प्राकृतिक खेती को उपयुक्त बताया और कहा कि इसमें गाय का गोबर व मूत्र का प्रयोग होने से इससे गौपवंश को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनके विश्वविद्यालय ने गोवंश की नस्ल सुधार के लिए भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक का प्रयोग शुरू किया है। इससे पूर्व विस्तार शिक्षा निदेशक एवं कृषि मेला के संयोजक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने अतिथियों और किसानों का स्वागत किया और अनुसंधान निदेशक डॉ. रामनिवास ढांडा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

**एग्रो-इण्डस्ट्रियल प्रदर्शनी मेले का मुख्य आकर्षण**

कृषि मेला में एग्रो-इण्डस्ट्रियल प्रदर्शनी लगाई गई थी जो किसानों के लिए विषेष आकर्षण रही। इस प्रदर्शनी में एचएयू, लुवास, एमएचयू करनाल व बाहरी कंपनियों की ओर से करीब 230 स्टाल लगाई गई जहां विभिन्न फसलों की उन्नत किस्में, आधुनिक तकनीकें सहित आधुनिक कृषि यंत्रों की किसानों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर किसानों के लिए प्रश्नोत्तरी सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों के सवालों के जवाब दिए और उनकी समस्याओं का समाधान किया।

**प्रगतिशील किसानों को किया गया सम्मानित**

कृषि मेले के दौरान प्रत्येक जिले से एक प्रगतिशील किसान को कृषि क्षेत्र में किए गए बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इन किसानों को शॉल, प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कृषि मेला में आज पहले दिन हरियाणा तथा पड़ोसी राज्यों से करीब 45 हजार किसानों ने भाग लिया। किसानों ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित कृषि साहित्य में रूचि दिखाते हुए अपनी पसंद के कृषि प्रकाशन खरीदे।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री धामी को दी होली व सरकार बनने की बधाई

देहरादून, एजेंसी। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा इंतजार हुसैन ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को होली की बधाई दी। इंतजार हुसैन ने भाजपा के सक्रिय कार्यकताओं के साथ सीएम आवास पहुंचकर कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को होली व सरकार बनने की बधाई दी। इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर इंतजार हुसैन ने बताया कि कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पूर्ण बहुमत से सरकार बनी है वहीं सीएम धामी को सरकार बनने की बधाई और होली की बधाई दी गई। इस अवसर पर अपने साथ सक्रिय कार्यकताओं के साथ रईस अंसारी व समस्त कार्यकताओं की यही पुकार फिर से पुष्कर धामी सरकार का नारा भी लगाया। इस अवसर पर बधाई देने पहुंचे वक्फ बोर्ड सदस्य डॉक्टर नूरी हसन, गुलफाम शेख, अंकुर जैन, हाजी सलीम, मंसूर खान आदि अन्य सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हरीश रावत पर झूठी व अनर्गल बयानबाजी करने वालों को कांग्रेस से बाहर करने की मांग

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री मनीष कुमार ने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गणेश गोदियाल से यह मांग की है कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के विरुद्ध कुछ पार्टी के लोगों द्वारा की जा रही अनर्गल व झूठी व मनगढ़ंत बयानबाजी करने वालों को तत्काल पार्टी से बाहर निकाला जाए। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि यह लोग केवल सस्ती लोकप्रियता पाने के चक्कर में कांग्रेस के ऐसे स्तंभ के विरुद्ध बयानबाजी कर रहे हैं जिसने आज तक कांग्रेस को अपने खून पसीने से सींचा और कई बार कांग्रेस की सरकार प्रदेश में इन्हीं के नेतृत्व में आई। ऐसे लोग ना केवल पार्टी की छवि धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बल्कि पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत के राजनीतिक जीवन को भी खराब करने का प्रयास करने में लगे हुए हैं ऐसे लोगों को तत्काल कांग्रेस पार्टी से निष्कासित किया जाए। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत कल भी पार्टी के सर्वमान्य नेता थे और आज भी सर्वमान्य नेता हैं। वह प्रदेश के लाखों लाखों लोगों के दिलों में बसते हैं।

### उत्तराखण्ड में भी टैक्स फ्री हुई फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स'

देहरादून, एजेंसी। बहुचर्चित 'द कश्मीर फाइल्स' फिल्म को उत्तराखंड में भी टैक्स फ्री कर दिया गया है। दूसरे भाजपा शासित राज्यों में इस फिल्म को पहले ही करमुक्त कर दिया गया है। इस अवसर पर कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक ट्यूट किया है, जिसमें इसकी जानकारी दी है। उन्होंने ट्यूट में कहा है कि मुख्य सचिव को निर्देशित किया गया है कि 'द कश्मीर फाइल्स' को करमुक्त करने संबंधी प्रक्रिया पूरी करें। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने अपने परिवार तथा अन्य सहयोगियों के साथ कर यह पिक्चर देखी थी।

### बाइक टकराने पर युवक का हाथ तोड़ा

हरिद्वार, एजेंसी। सिडकुल क्षेत्र में बाइक सवार को तीन लड़कों रास्ते में रोककर जमकर पीटते हुए उसका हाथ तोड़ दिया। पीडित की ओर सिडकुल थाने बाइक सवार अज्ञात तीन लडकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। सिडकुल प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार उनियाल ने बताया कि देवेन्द्र कुमार पुत्र नत्थू सिंह निवासी उदय एन्कलेव रोशनाबाद हरिद्वार ने तहरीर देते हुए शिकायत की है कि वह बाइक पर कही जा रहा था, इसी दौरान साइड से ओवर टेक कर रहे तीन लडकों की बाइक से टकरा गयी। आरोप हैं कि जिन्होंने उसको सैलो चैक पर रोक कर गाली गलोच कर मारपीट करते हुए उसका हाथ तोड दिया। उसके शोर मचाने पर राहगिरों ने उसको उन लड़कों से बचाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात तीन लडकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए आरोपियों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

### एसी तार चोरी करते आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। शिवालिकनगर में रिलांयस स्मार्ट स्टोर के एसी के तार काटकर चोरी करते हुए एक आरोपी को सिक्योरिटी गार्ड ने दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के थैले से काटे गये एसी के तार और कटर बरामद किया है। पुलिस ने सिक्योरिटी गार्ड की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। कोतवाली रानीपुर प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा ने बताया कि सोमवार की सुबह शिवालिकनगर स्थित रिलायंस स्मार्ट स्टोर के सिक्योरिटी गार्ड ने फोन कर जानकारी दी कि स्टोर के बाहर एसी के तार काटकर चोरी करते हुए एक आरोपी को पकडा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और चोर को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के पास मिले थैले से एसी के काटे गये तार और कटर बरामद किया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम संदीप पुत्र उमा शंकर निवासी रोशनपुरी रावली महदूद सिडकुल हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जिसको मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## कर्मचारी संघ से मनोज चंद छह वर्षों के लिए निष्कासित

- कर्मचारी व संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त का आरोप
- मुकांशी रघुवंशी व दीपक धवन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही

हरिद्वार, एजेंसी। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ, चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तराखंड ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात तीन कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की गयी है। जिनमें मनोज चंद को छह सालों के लिए संगठन से निष्कासित किया गया है। जबकि मुकांशी रघुवंशी ने संगठन से और दीपक धवन ने प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया गया है। संघ ने मनोज चंद को कर्मचारी व संगठन विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाये जाने पर संघ ने कडी कार्यवाही की है। जबकि मुकांशी रघुवंशी और दीपक धवन का मामला अनुशासन समिति को अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए पत्र लिखा गया है। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेडा, प्रदेश ऑडिटर महेश कुमार, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पंत और प्रदेश उपाध्यक्ष नेलसन अरोड़ा ने सयुंक्त रूप से बताया कि संगठन द्वारा आज मनोज चंद चपरासी, 7मुकांशी चपरसी जोकि संगठन के सदस्य नहीं है उनके द्वारा आचार संहिता और कोविड काल में बिना मुख्य चिकित्सा अधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी की अनुमति के बिना संयोजक मंडल का गठन किया गया जोकि असंवैधानिक है न ही संगठन द्वारा उन्हें मान्यता दी गई है। इसकी जांच की जाए और साथ ही यह संगठन के सदस्य न होते हुए भी बिना अनुमति व अधिकारी को बिना किसी पूर्व सूचना 7के प्रदेश से बाहर हिमांचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, आंदोलन, धरना-प्रदर्शन में जाते रहे हैं। जिसकी सूचना इनके द्वारा सोशल मीडिया पर डाली जाती है लेकिन कार्यालय में इनकी सेटिंग इतनी जबरदस्त है कि इन पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। कार्यालय में समय से न जाना जल्दी भाग जाना इनकी आदत में शुमार हो गया है। जिसकी जांच कराई जानी चाहिए इस संबंध में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर इनके विरुद्ध जांच की मांग की गई है। जिला मंत्री राकेश भँवर, जिला ऑडिटर शीशपाल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र तेश्वर ने सयुंक्तत रूप से कहा कि दीपक धवन, मनोज चंद, मुकांशी द्वारा कर्मचारियों को दबाव और बरगला कर संगठन को कमजोर करने की साजिश की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इनके खिलाफ संघ को कानूनी कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ेगा। मनोज चंद चपरासी, मुकांशी चपरासी द्वारा आचार संहिता के दौरान जब प्रदेश निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा किसी भी प्रतिनिधि जो चुनाव में विधायक प्रत्याशी हों उनसे सरकारी कर्मचारियों को मिलने की मनाही के बावजूद भी इनके द्वारा आचार संहिता के दौरान ज्ञापन दिया गया। जोकि कर्मचारी आचरण नियमावली के विरुद्ध है, इसलिये इनके विरुद्ध जांच कर कार्यवाही किये जाने की मांग संघ करता है।

## ट्यूबवैल से मोटर चोरी मामले में एक गिरफ्तार

हरिद्वार, एजेंसी। बहादराबाद पुलिस ने ट्यूबवैल से मोटर पाइप व सिंचाई उपकरण चोरी का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने चोरी की गयी ट्यूबल की मोटर आदि समान बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। बहादराबाद एसओ रणवीर सिंह चैहान ने बताया कि मौ- असलम पुत्र मौ- इरफान निवासी ग्राम भारापुर बहादराबाद हरिद्वार ने 02 मार्च को तहरीर देते हुए शिकायत की थी कि उसके खेत में लगे ट्यूबेल से मोटर पाईप व सिंचाई का समान अज्ञात द्वारा चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात पर मुकदमा दर्ज करते हुए तलाश शुरू कर दी। पुलिस चोरी की तलाश में जुटी थी कि सोमवार को पुलिस को मुखबिर की सूचना पर ट्यूबेल से चोरी करने वाले आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम शकील उर्फ शब्बू पुत्र मसीम निवासी पिरान कलियर हरिद्वार बताया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी किया गया ट्यूबल की मोटर आदि समान बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## जनवादी महिला समिति ने किया जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन





उत्तराखण्ड आन्दोलकारियों के चिह्नीकरण की प्रक्रिया पुनः शुरू करने की मांग

देहरादून, एजेंसी। उत्तराखण्ड आन्दोलकारियों के चिह्नीकरण की प्रक्रिया पुनः शुरू करने की मांग लेकर जनवादी महिला समिति ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन कर उप नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया। आज जनवादी महिला समिति ने आज उत्तराखण्ड आन्दोलकारियों की चिह्नीकरण की प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और उप नगर मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्हीं के माध्यम से हरियाणा सरकार तथा राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया गया। इस अवसर पर समिति ने ज्ञापन में जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि पूर्व निर्णयानुसार चिह्नीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई थी जो कि चुनाव आचार संहिता के चलते गत दो माह से स्थगित की गई थी। इस अवसर पर ज्ञापन में महिला समिति की मांग है कि अब बिना देर किये शुरू किया जाना चाहिए ताकि छूटे हुए सभी आन्दोलकारियों को चिह्नित किया जा सके। इस अवसर पर एक दूसरे ज्ञापन राष्ट्रपति को प्रेषित किया जिसमें महिलाओं के खिलाफ हिंसा रोकने, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए बजट बढोत्तरी, महंगाई पर रोक लगाने, गैस ,पैट्रोल तथा डीजल के बढे. दामों को वापस लेने तथा बेरोजगारी खत्म करने की मांग की गई है। इस अवसर पर प्रदर्शन करने व ज्ञापन देने वालों में समिति की प्रान्तीय उपाध्यक्ष इन्दु नौडियाल ,महामंत्री दमयन्ती नेगी, बृन्दा मिश्रा, विमला भट्ट ,सीता रावत, कमला, कान्ति रावत, विमला रिवत, चन्दा गुसांई, राजेश्वरी अवस्थी, यशोदा रावत, कुसुमा बिष्ट आदि महिलायें शामिल थी।

## पुलिस की आईडी दिखाकर वसूली करने वाला फर्जी पुलिस कर्मचारी गिरफ्तार

देहरादून, एजेंसी। थाना वसंत विहार चैकी इंदिरा नगर क्षेत्र के अंतर्गत दुकानदारों को पुलिस की आईडी दिखाकर वसूली करने वाले एक फर्जी पुलिस कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना वसंत विहार चैकी इंदिरा नगर क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति पुलिस के नाम पर ठेली फड़ वालों से एवं वाहन चालकों आदि से पैसे वसूल रहा है उक्त व्यक्ति पुलिस की वर्दी धारण किए हैं जो संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। इस दौरान सूचना पर चैकी प्रभारी इंदिरानगर उपनिरीक्षक विकसित पवार मय पुलिस बल के उक्त व्यक्ति की तलाश करते हुए शास्त्री नगर खाली से कांवली गांव जाने वाले कच्चे रास्ते पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में एक स्कूटी वाहन संख्या यूके07डीपी-9474 से आता हुआ दिखाई दिया जिसको रोक कर चेक किया गया तो उक्त व्यक्ति द्वारा खुद को उत्तराखंड पुलिस का कॉस्टेबल बताते हुए पुलिस का आईडी कार्ड प्रस्तुत किया गया। पुलिस ने बताया कि इस दौरान पोस्टिंग इत्यादि के संबंध में पूछताछ करने पर कोई भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया और शक होने पर सख्ती से पूछताछ की गई तो उक्त व्यक्ति द्वारा माफी मांगते हुए बताया गया कि वह कोई पुलिस वाला नहीं है यह जो कार्ड मेरे द्वारा आपको दिखाया गया है यह फर्जी है और वह एक गरीब व्यक्ति है। पुलिस का कहना है कि उसके द्वारा बताया गया मेरे पास घर घर चलाने का कोई भी साधन नहीं है इसलिए में पुलिस की वर्दी पहन कर पुलिस का रौब दिखाकर चलते फिरते ठेली, किराए के वाहनों से चेकिंग आदि के नाम पर पैसे वसूल कर अपना खर्चा चलाता रहा है। पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति से पूछताछ करने पर इसके द्वारा अपना नाम मुकेश कुकरेती पुत्र विशाल मणि कुकरेती निवासी 194 शास्त्री नगर सीमद्वार थाना वसंत विहार जनपद देहरादून उम्र 34 वर्ष मूल पता राम नगर शिव कॉलोनी थाना रायपुर जनपद देहरादून बताया। पुलिस ने बताया कि उक्त व्यक्ति के कब्जे से उत्तराखंड पुलिस का एक पहचान पत्र, एक विजिटिंग कार्ड, एक वॉकी टॉकी प्राइवेट, एक पिस्टल हॉलस्टर, कुल 3400 रुपए एवं उत्तराखंड पुलिस की सिपाही की वर्दी जैकेट पेंट बेल्ट जिसमें उत्तराखंड पुलिस के बैच लगे हुए व स्कूटी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पानी की समस्या को लेकर अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



देहरादून, एजेंसी। कौलागढ़ क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर कौलागढ़ प्रेमपुरमाफी के क्षेत्रवासियों ने दिलाराम बाजार स्थित जल संस्थान में पहुंचकर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। आज सामाजिक कार्यकर्ता विनोद जोशी के नेतृत्व में क्षेत्रवासी अधिशासी अभियंता के कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंप पानी की समस्या के निदान की मांग की। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने कहा कि लाइन बिछी है, पर पानी गायब है। जोशी ने कहा कि कौलागढ़ प्रेमपुरमाफी की जनता लंबे समय से पानी की समस्या से जूझ रही है लेकिन शिकायत के बाद भी जल संस्थान के कानों पर जूं तक नही रेंग रही है। उन्होंने कहा कि जनता इस बात से बहुत ज्यादा परेशान है कि अभी तो गर्मियों की शुरूआत है पूरी गर्मियां कैसे कटेगी। जल संस्थान ने जनता को पीने के लिए पानी तो मुहैया नहीं कराया, लेकिन बजट खपाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पिछले वर्ष जुलाई अगस्त में जलसंस्थान द्वारा कौलागढ़ वार्ड में बिना जनता की मांग के पानी लाइन डाली जनता ने आपत्ति भी की क्यों नयी लाईनें डाली जा रही हैं जबकि कोई नया ट्यूबवैल नहीं बनाया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरा बरसात के मौसम में सड़कों की खुदाई करके जनता के जख्मों पर नमक छिड़का जा रहा है कि जल संस्थान ने लाइन तो डाल दी, लेकिन आज तक इनमें पानी नहीं आया और जनता को पुरानी लाइन से नयी लाइन में कनेक्शन जोड़ने के नाम पर पैसे लेकर चूना लगाया गया सो अलग। जल संस्थान द्वारा जनता को पानी तो उपलब्ध नहीं कराया जा रहा अलबत्ता अलग-अलग घरों को अलग अलग धनराशि के बिल जरुर भेजे जा रहे हैं। जेई, एई द्वारा शिकायत को अनसुना करने से आहत कौलागढ़ प्रेमपुरमाफी की जनता ने दिलाराम चैक स्थित वाटर बॉक्स पहुंच कर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता ने शीघ्र ही कार्यवाही करने का भरोसा दिया। इस अवसर पर अनेक क्षेत्रवासी शामिल रहे।

## कन्या गुरुकुल परिसर के मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में फाग महोत्सव का आयोजन



देहरादून, एजेंसी। कन्या गुरुकुल परिसर देहरादून के मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में फाग महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर, रंगोली, स्लोगन, नृत्य तथा गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इसमें हरिद्वार तथा देहरादून के मनोविज्ञान विभाग तथा अन्य विभागों की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता में तनु एवं शिखा ने प्रथम, सीलम व प्रीति ने द्वितीय, अनुराधा, ज्योति, तृप्ति व अंकिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जागृति व द्वितीय स्थान रितिका ने प्राप्त किया। इस अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता में दीक्षा, रुद्राक्षी व खुशबू क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। गायन में विशेष प्रस्तुति वेदांशी द्वारा दी गई। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर रेनू शुक्ला, प्रोफेसर हेमलता, प्रोफेसर निपुर, डॉक्टर हेमन पाठक, डॉक्टर नीना गुप्ता, डॉक्टर प्रवीणा, डॉक्टर सविता, डॉक्टर पूनम पैन्यूली, डॉक्टर बबीता शर्मा, डॉक्टर अर्चना डिमरी, डॉक्टर निशा यादव, डॉक्टर रचना पाण्डे, डॉक्टर सुनीति आर्य, डॉक्टर रीना वर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## दो परिवार ने किया पड़ौसी की जान लेने का प्रयास

- फरसा, गंडासा, कुल्हाड़ी और डण्डे लेकर मारने पहुंचे
- पीड़ित को परिवार व ग्रामीणों ने बामुश्किल बचाया
- रानीपुर में दोनों परिवारों के छह लोगों पर मुकदमा




हरिद्वार, एजेंसी। नशे में धुत आपस में झगड़ते दो भाईयों के बीच वहां से तीसरे भाई को गुजरना मंहगा पड़ गया। आरोप हैं कि दोनों नशेडी भाई तीसरे भाई को देखकर उसपर टूट पडे। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गयी। आरोप हैं कि तीसरे भाई को मारने के लिए पूर्व में झगड़ रहे परिवार के लोग फरसा, गंडासा, कुल्हाडी और डण्डे लेकर मैदान में आ गये। तीसरे भाई के शोर मचाने पर उसे परिजन और आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंचकर उसको बचाया। घटना के सम्बंध में पीडित की ओर से दोनों परिवारों के छह लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली रानीपुर प्रभारी निरीक्षक कुंदन सिंह राणा ने बताया कि सोहन लाल पुत्र सोम प्रकाश निवासी ग्राम गढ गढ़मीरपुर रानीपुर हरिद्वार ने तहरीर दी है। तहरीर में लिखा हैं कि 11 मार्च की रात को किसी बात को लेकर सोहन लाल और संजय नशे में झगड़ रहे थे। इसी दौरान वह घर से हेण्डपम्प पर पानी लेने पहुंचा। आरोप है कि आपस में झगड़ रहे दोनों भाईयों ने उसको देखकर गाली गलोच शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर दोनों भाई आपस में झगड़ना छोड़ कर उस पर टूट पडे.। आरोप है कि इसी दौरान सोहन लाल की पत्नी सरिता फरसा लेकर आयी और पति सोहन लाल को देते हुए बोली की मारपीट से कुछ होने वाला नहीं इसको इससे सबक सिखाओं और खुद गंडासा लेकर उसकी ओर दौड़ी। शोर शराबा होने पर उसके परिजन और आसपास के लोग घर से बाहर निकाल आये। जिन्होंने उसको उन लोगों से बचाने की कौशिक ही, तभी सोहन लाल का बेटा आदित्य, संजय की पत्नी नीलम और उसका बेटा विनायक भी कुल्हाडी और डण्डे लेकर पहुंचे। किसी तरह परिजनों और गांव के लोगों ने उसको उन लोगों से बचाया। घायल होने पर उसको परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सोहन लाल पुत्र सोम प्रकाश, सरिता पत्नी सोहन लाल, आदित्य पुत्र सोहन लाल, संजय पुत्र सोम प्रकाश, नीलम पत्नी संजय और विनायक पुत्र संजय निवासीगण ग्राम गढ गढमीरपुर रानीपुर हरिद्वार के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चुक्खूवाला क्षेत्र चकराता रोड पर एक भी शुलभ शौचालय नहीं

### व्यापारी व ग्राहक खुले में शौच जाने के लिए विवश



देहरादून, एजेंसी। लोकतांत्रिक जनाधिकार संगठन जन आवाज की बैठक में चुक्खूवाला क्षेत्र चकराता रोड पर एक भी शुलभ शौचालय न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई साथ ही इस ओर तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है। आज संगठन के कार्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के संयोजक कुलदीप सिंह ललकार ने कहा है कि यह गंभीर विडम्बना है कि चुक्खूवाला क्षेत्र चकराता रोड पर एक भी शुलभ शौचालय मौजूद नहीं है जबकि केन्द्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया जाता है परन्तु यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वच्छता को प्राथमिकता देने वाली सरकार होने पर भी इस क्षेत्र में शुलभ शौचालय नहीं है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के व्यापारियों व ग्राहकों को मजबूरन एक भी शुलभ शौचालय न होने पर खुले में जाने के लिए विवश होना पड़ता है जिससे निजता का हनन होता है वहीं मूत्र विसर्जन रोकने व अन्य गतिविधियां रोके से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है वहीं खूले में मूत्र विसर्जन व अन्य कार्यों से संक्रमण का खतरा सदैव बना रहता है। उन्होंने कहा कि जनहित को ध्येय रखने से मूलभूत सुलभ शौचालय की सुविधा की नितांत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एक ओर शहर में स्मार्ट सिटी के कार्य हो रहे हैं वहीं दूसरी ओर चुक्खूवाला क्षेत्र चकराता रोड का व्यापारी मूलभूत अधिकारों से वंचित रहे यह पूर्णतः अनुचित है इस ओर नीति नियंताओं को ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि वहीं इस मामले को उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग के संज्ञान में लाकर भी जीवन के अधिकार की धारा 21 व मौलिक अधिकारों की रक्षार्थ मानवीय गरिमा व मानवीय सम्मान की रक्षा हेतु संपूर्ण का त्वरित गति से निस्तारण की मांग की गई है। इस अवसर पर बैठक को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बैठक में राम प्रकाश, कुनाल, रणजीत सिंह, अमित वर्मा, नसीम, सलीम, संतराम, नितिन वर्मा, सचिन वर्मा आदि उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

## चितकारा यूनिवर्सिटी ने जैमिनी सॉल्यूशंस के साथ किया करार



मदरलैंड संवाददाता , चंडीगढ़। चितकारा यूनिवर्सिटी पंजाब ने जेमिनी सॉल्यूशंस के साथ एक समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए और इसके साथ ही जेमिनी एंबेसडर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिससे छात्रों को बेहतर मौके प्रदान किये जा सकें। यह समझौता चितकारा यूनिवर्सिटी और जेमिनी सॉल्यूशंस के बीच में बेहतर तालमेल का मार्ग प्रशस्त करेगा और उनके संसाधनों के अधिक प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देगा। जैमिनी सॉल्यूशन के वाइस प्रेसिडेंट सौमेंद्र नाथ रे, टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस एसोसिएट आर्किटेक्ट अक्षय गुप्ता, असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट अंजू सूरी, टैक्नालाजी सॉल्युशंस मैनेजर रिचा खत्री, लीड यूआई/यूएक्स इंजीनियर; विनीत गुप्ता और जेमिनी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के असिस्टेंट एचआर मैनेजर आशना खुराना की मौजूदगी में इस समझौते पर आज दस्तखत किए गए।चितकारा यूनिवर्सिटी की तरफ से डायरेक्टर करियर एडवास्टमेंट सर्विसेज रोमा सिंह उपस्थित थी।

## गलाडा अधिकारियों ने की कारवाही कई फ्लैट्स किए रद्द



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना: दुगरी फेस वन में और दो मे बने ग्लाडा के फ्लैट्स पर बनी दुकानों को लेकर कई फ्लैटों में कारवाही की गई समाज सेवक संजय तिवारी ने जानकारी दी की उन्होंने ग्लाडा के अफसरों से जब जानकारी मांगी तो उन्होंने बताया कि कई फ्लैट्स रद्द कर दिए हैं और कुछ और भी जल्द ही रद्द कर दिए जाएंगे संजय तिवारी ने बताया कि अभी ग्लाडा अधिकारियों ने लिखत में जानकारी नहीं दी आर टी ए द्वारा मांगी गई है स्टेट अफसर ने गुलशन ने कहा कि कारवाही कर दी गई है जल्द ही नोटिस भेज दिए जाएंगे।

## प्राइवेट स्कूलों की तरफ से कोई भी एनुअल फीस मांगे तो पेरेंट्स करे संपर्क... कुलवंत सिंह सिद्धू



मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना: आत्म नगर हल्के के आम आदमी पार्टी ने सभी पेरेंट्स को अपील करी अगर कोई भी प्राइवेट स्कूल एनुअल फीस मांगे और बच्चो को तंग करे तो तुरंत आत्म नगर हल्के के विधायक आम आदमी पार्टी में संपर्क करें या सीधा कुलवंत सिंह सिद्धू के नंबर 9781800002 पर संपर्क करें सिद्धू पेरेंट्स के साथ जा कर स्कूल में बच्चे को बिठा कर आएंगे और एनुअल फीस माफ करवा कर ही दम लेंगे चाहे उनको स्कूल माफिया के खिलाफ संघर्ष भी करना पड़े वो पंजाब की जनता को इंसाफ दिलवा कर रहेंगे आम आदमी पार्टी हमेशा जनता की सेवा के लिए तैयार हैं जो काम अकाली दल और कांग्रेस सरकार ने इतने सालो में नहीं किया वो काम आम आदमी पार्टी करेगी जो पंजाब के लोगो ने भरोसा करके जिताया है उनके विश्वास पर खरा उतरेंगे

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लॉन्च की अपनी बहुप्रतीक्षित हैचबैक - 'कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा'




कुरुक्षेत्र, 15 मार्च 2022: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज हैचबैक सेगमेंट में अपनी सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित पेशकश - द कूल न्यू ग्लैंजा को लॉन्च करने की घोषणा की। भारत में टोयोटा की सबसे किफायती पेशकश, कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा अतिरिक्त किफायती वेरिएंट, उन्नत सुविधाओं, गतिशील लुक, स्पोर्टी डिजाइन और रखरखाव की कम लागत के साथ ग्राहकों को जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो इसे इस सेगमेंट में एक आदर्श मूल्य प्रस्ताव बनाती है। बहुप्रतीक्षित हैचबैक को आज एक वर्चुअल इवेंट में लॉन्च किया गया, जिसमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के कार्यकारी उपाध्यक्ष, बिक्री और ग्राहक सेवा - श्री तदाशी असजुमा, और श्री अतुल सूद, एसोसिएट उपाध्यक्ष, बिक्री और रणनीतिक विपणन शामिल थे। टीकेएम में। टोयोटा की कूल न्यू ग्लैंजा के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए श्री तदाशी असाजुमा, कार्यकारी उपाध्यक्ष - बिक्री और ग्राहक सेवा, टीकेएम ने कहा, ₹इन पिछले कुछ वर्षों में ग्लैंजा ने भारत में कई दिल जीते हैं। और फिर से कूल न्यू ग्लैंजा के साथ, हम अपने ग्राहकों द्वारा एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में पहचाने जाने पर प्रसन्न हैं, जिन्होंने इस नई कार को अच्छी संख्या में बुक करना शुरू कर दिया है। टोयोटा के डिजाइनरों द्वारा विशेष रूप से डिजाइन किए गए कूल न्यू ग्लैंजा में टोयोटा की सिग्नेचर स्टाइलिंग और स्पोर्टीनेस है। हमारा मानना है कि यह उन ग्राहकों के लिए एकदम सही विकल्प है जो एक स्टाइलिश, तकनीक से लदी, सुरक्षित और आरामदायक कार की तलाश में हैं। नई ग्लैंजा में इस्तेमाल की गई उन्नत कनेक्टेड तकनीक टोयोटा की घरेलू तकनीक- टोयोटा आई-कनेक्ट है, जिसे स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच के माध्यम से सक्षम किया जा सकता है और 45 प्लस सुविधाओं से पूरी तरह भरी हुई है। हमारे सभी डीलरशिप पर 'हार्ट टचिंग गेस्ट एक्सपीरियंस' जो शानदार नई ग्लैंजा को और भी शानदार बनाता है। नई ग्लैंजा गुणवत्ता और सेवा के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहकों के एक नए सेट के लिए एक सुखद स्वामित्व अनुभव के लिए ले जाती है, इस प्रकार ₹सभी को सामूहिक खुशी₹ प्रदान करती है।

उन्नत तकनीक और टोयोटा सिग्नेचर फ्रंट प्रावरणी का एक अच्छा एकीकरण, विशेष रूप से टोयोटा इंजीनियरों द्वारा डिजाइन किया गया, कूल न्यू ग्लैंजा एक उन्नत कनेक्टेड फीचर का दावा करता है, टोयोटा आई-कनेक्ट- कनेक्टेड सुविधाओं, सेवाओं और मूल्य वर्धित के वन स्टॉप समाधान के साथ एक ऐप। सेवाओं को आधुनिक और तकनीक-प्रेमी ग्राहकों के लिए अपील करने के लिए विकसित किया गया है।

# रंग बिरंगे रंगो के साथ किट्टी थीम होली मनाई

» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना: पंजाब की महिलाओं में होली का बहुत क्रेज है सभी महिलाएं अपनी किट्टी होली थीम पर अलग अलग स्टाइल से मना रही है सना ने बताया कि उन्होंने किट्टी होली थीम पर आउट डोर रही थी सभी महिलाओ ने वाइट ड्रेस पहन कर एक दूसरे को गुलाल लगा कर होली मनाई वही कशिश ने बताया कि उनको होली का त्यौहार बहुत पसंद हैं बॉलीवुड गानों पर सलम पिचकारी की तूने ऐसी मारी पर खूब डांस किया लवली ने बताया कि रंग बिरंगे रंगो को हाथो में भर कर हवा में जब उड़ाया तो पूरा असमान रंगीन हो गया वही ट्विंकल ने कहा कि पिछले दो सालों से घरों के अंदर ही होली मनाई जा रही थी मगर इस बार आउट डोर जा कर अपनी सहेलियों के साथ होली मानने का जो मजा है वो कही भी नहीं सरब ने कहा कि सभी ने मिलकर खूब मस्ती की ओर सेल्फिया की ओर सभी महिलाओ को संदेश दिया कि अपने मत भेद भूल कर होली के रंग में रंग जाओ।




# रूस-यूक्रेन युद्ध पर हकेवि में व्याख्यान आयोजित

### इग्नू के प्रो. सतीश कुमार ने भारत की भूमिका पर डाला प्रकाश

» जयप्रकाश भारद्वाज,मदरलैंड संवाददाता

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में रूस व यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से जुड़े विभिन्न पहलुओं और इसमें भारत की भूमिका पर केंद्रित विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के द्वारा आयोजित इस विशेषज्ञ व्याख्यान में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के प्रो. सतीश कुमार विशेषज्ञ वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के निर्देशन व मार्गदर्शन में आयोजित इस व्याख्यान में विद्यार्थियों, शोधार्थियों व शिक्षकों ने इस युद्ध के कारणों व उससे भारत व समूचे विश्व पर पड़ने वाले प्रभावों को जाना-समझा।

विशेषज्ञ वक्ता प्रो. सतीश कुमार ने विस्तार से विश्व में अमेरिका और रूस की स्थिति के ऐतिहासिक व वर्तमान परिदृश्य पर प्रकाश डाला और यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के कारणों को प्रस्तुत किया। प्रो. सतीश कुमार ने बताया कि किस तरह से अमेरिका द्वारा इस युद्ध की स्थिति पैदा की गई और रूस के सख्त रुख के पीछे कौन से कारण जिम्मेदार हैं। इस चर्चा में प्रो. सतीश कुमार ने इस युद्ध के संदर्भ में भारत की नीति पर भी विस्तार से चर्चा की और भारत सरकार द्वारा अपनाई जा रही भूमिका का समर्थन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. आनंद शर्मा, राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार, मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. वी.एन. यादव सहित भारी संख्या में विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन इतिहास एवं पुरातत्त्व विभाग के डॉ. अभिरंजन ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. ईश्वर परीदा ने प्रस्तुत किया।



# नारी सशक्तिकरण के बिना मानवता का विकास अधूरा है: शुभम कौशिक

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। स्थानीय चाणक्य अकादमी में नवयुग तरूण मंडल की ओर नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष एवं राजकीय महाविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष शुभम कौशिक रहे एवं अध्यक्षता अकादमी के निर्देशक गगन यादव ने किया। इस अवसर पर शुभम कौशिक ने कहा कि बिना नारी मानवता का विकास अधूरा है।यह जरूरी है कि हम स्वयं को और अपनी शक्तियों को समझें। जब कई कार्य एक समय पर करने की बात आती है तो महिलाओं को कोई नहीं पछाड़ सकता। यह उनकी शक्ति है और हमें इस पर गर्व होना चाहिए। आइये हम लड़कियों के जन्म होने पर खुशियां मनाएं। हमें अपनी बेटियों पर समान रूप से गर्व होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बेटी के पैदा होने पर पांच पौधे लगाकर खुशियां मनाएं। हमें समाज में ही नहीं, बल्कि परिवार के भीतर भी महिलाओं और पुरुषों के बीच भेदभाव को रोकना होगा, महिलाओं को खुद से जुड़े फैसले लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। सही मायने में हम तभी नारी सशक्तिकरण को सार्थक कर सकते हैं। नारी सशक्तिकरण में आर्थिक स्वतंत्रता की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चाहे वो शोध से जुड़ी गतिविधियां हों या फिर शिक्षा क्षेत्र, महिलाएं काफी अच्छा काम कर रही हैं। कृषि के क्षेत्र में भी महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान है। प्रत्येक महिला में उद्यमिता के गुण और मूल्य होते हैं। यदि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हों तो महिलाएं निर्णय प्रक्रिया में बड़ी भूमिका अदा कर सकती हैं

इस अवसर गगन यादव ने कहा कि चाहे खेल हो या अंतरिक्ष विज्ञान, हमारे देश की महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। वे कदम से कदम मिला कर आगे बढ़ रही हैं और अपनी उपलब्धियों से देश का नाम रौशन कर रही हैं,मानवता की प्रगति महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना अधूरी है। आज मुद्दा महिलाओं के विकास का नहीं, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का है।

# वार्षिकोत्सव मे बना काव्यात्मक माहौल

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच का वार्षिकोत्सव विगत दिवस काव्यात्मक माहौल में सम्पन्न हुआ। संस्थापक नरेश नाज के सान्निध्य में डॉ रामनिवास मानव मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। प्रेम विज, डॉ सुशील गुप्ता, एम एस जग्गी, राजेन्द्र निगम राज और मंजू श्रीवास्तव, नियति भारद्वाज गुप्ता का स्नेह भरा साथ रहा। वीणा अग्रवाल की अध्यक्षता में हरेन्द्र सिन्हा भी जुड़े। अशोक कौशिक, बाबूलाल सांखला, डॉ सतेंद्र शर्मा, संजय सक्सेना, परविन्दर शोख, गणेश दत्त बजाज, एस एस भल्लाजी, उपस्थित रहे। इस काव्य रूपी यज्ञ में संचालन किरण गर्ग का रहा। काव्य यज्ञ में आहुति हेतु 21 राज्यो के पदाधिकारी( संख्या 40) अपनी अपनी इकाई का नेतृत्व करने उपस्थित हुए।--



# मंड को सरकार द्वारा दी गई सुरक्षा वापिस लेने की करी अपील... गुरमीत सिंह बेली

» मदरलैंड संवाददाता



लुधियाना:गुरुद्वारा बी आर एस नगर के यूथ विंग के प्रधान गुरमीत सिंह बेली ने आम आदमी पार्टी सरकार से अपील करी की लुधियाना में आए दिन गलत बयान बाजी करने वाले गुरुसिमरन सिंह मंड को जो सुरक्षा कर्मी दिए गए हैं वापिस लिए जाए उन्होंने अपील करते हुए कहा कि मंड आए दिन गलत बयान बाजी कर लुधियाना का माहौल खराब कर रहे हैं अब तो उनके सुरक्षा कर्मी ने भी बयान दिया है कि मंड उनके साथ भी गलत व्यवहार करता है बिना सरकार की परमिशन से घर के बाहर घूमता रहता है बेली ने कहा कि जो सिख होकर अपनी पगड़ी की इज्जत नहीं कर सकता उसको पंजाब सरकार द्वारा सिक्योरिटी नहीं देनी चाहिए उसके सुरक्षा कर्मी वापस लेने चाहिए जो इंसान पंजाब का माहौल कर खराब कर रहा हो और हिंदू सिख भाईचारे के खिलाफ बोल रहा हो ऐसे इंसान को सरकार द्वारा सिक्योरिटी नहीं देनी चाहिए उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल से अपील की कि ऐसे व्यक्ति को पंजाब के सुरक्षाकर्मी नहीं देने चाहिए सभी सुरक्षा कर्मी को वापिस बुला लेना चाहिए साथ में उन्होंने मीडिया को बयान देते हुए कहा कि जल्द ही वह आम आदमी पार्टी में बड़ी पोस्ट के साथ शामिल होने जा रहे हैं।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लॉन्च की अपनी बहुप्रतीक्षित हैचबैक - 'कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा'

पानीपत, 15 मार्च 2022: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज हैचबैक सेगमेंट में अपनी सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित पेशकश - द कूल न्यू ग्लैंजा को लॉन्च करने की घोषणा की। भारत में टोयोटा की सबसे किफायती पेशकश, कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा अतिरिक्त किफायती वेरिएंट, उन्नत सुविधाओं, गतिशील लुक, स्पोर्टी डिजाइन और रखरखाव की कम लागत के साथ ग्राहकों को जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो इसे इस सेगमेंट में एक आदर्श मूल्य प्रस्ताव बनाती है। बहुप्रतीक्षित हैचबैक को आज एक वर्चुअल इवेंट में लॉन्च किया गया, जिसमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के कार्यकारी उपाध्यक्ष, बिक्री और ग्राहक सेवा - श्री तदाशी असजुमा, और श्री अतुल सूद, एसोसिएट उपाध्यक्ष, बिक्री और रणनीतिक विपणन शामिल थे। टीकेएम में। टोयोटा की कूल न्यू ग्लैंजा के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए श्री तदाशी असाजुमा, कार्यकारी उपाध्यक्ष - बिक्री और ग्राहक सेवा, टीकेएम ने कहा, ₹इन पिछले कुछ वर्षों में ग्लैंजा ने भारत में कई दिल जीते हैं। और फिर से कूल न्यू ग्लैंजा के साथ, हम अपने ग्राहकों द्वारा एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में पहचाने जाने पर प्रसन्न हैं, जिन्होंने इस नई कार को अच्छी संख्या में बुक करना शुरू कर दिया है। टोयोटा के डिजाइनरों द्वारा विशेष रूप से डिजाइन किए गए कूल न्यू ग्लैंजा में टोयोटा की सिग्नेचर स्टाइलिंग और स्पोर्टीनेस है। हमारा मानना है कि यह उन ग्राहकों के लिए एकदम सही विकल्प है जो एक स्टाइलिश, तकनीक से लदी, सुरक्षित और आरामदायक कार की तलाश में हैं। नई ग्लैंजा में इस्तेमाल की गई उन्नत कनेक्टेड तकनीक टोयोटा की घरेलू तकनीक- टोयोटा आई-कनेक्ट है, जिसे स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच के माध्यम से सक्षम किया जा सकता है और 45 प्लस सुविधाओं से पूरी तरह भरी हुई है। हमारे सभी डीलरशिप पर 'हार्ट टचिंग गेस्ट एक्सपीरियंस' जो शानदार नई ग्लैंजा को और भी शानदार बनाता है। नई ग्लैंजा गुणवत्ता और सेवा के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहकों के एक नए सेट के लिए एक सुखद स्वामित्व अनुभव के लिए ले जाती है, इस प्रकार ₹सभी को सामूहिक खुशी₹ प्रदान करती है।

उन्नत तकनीक और टोयोटा सिग्नेचर फ्रंट प्रावरणी का एक अच्छा एकीकरण, विशेष रूप से टोयोटा इंजीनियरों द्वारा डिजाइन किया गया, कूल न्यू ग्लैंजा एक उन्नत कनेक्टेड फीचर का दावा करता है, टोयोटा आई-कनेक्ट- कनेक्टेड सुविधाओं, सेवाओं और मूल्य वर्धित के वन स्टॉप समाधान के साथ एक ऐप। सेवाओं को आधुनिक और तकनीक-प्रेमी ग्राहकों के लिए अपील करने के लिए विकसित किया गया है।

# माता की याद में उनकी पुण्यतिथि पर रोटरी रसोई में जरूरतमंदों को करवाया भोजन




» मदरलैंड संवाददाता

नारनौल। रोटरी क्लब द्वारा महावीर चौक पर चलाई जा रही रोटरी रसोई पर मात्र 10 रूपए में प्रतिदिन जरूरतमंद लोगों को भोजन उपलब्ध करवाने का पुण्य कर्म किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य जन भी अपने विभिन्न खास मौकों पर अपना विशेष सहयोग प्रदान कर रहे हैं। इसी कडी में मंगलवार को शहर के जाने माने नेतराम जैन के परिवार से उनके पुत्र विजय जैन व नरेश जैन ने अपनी माता श्यामा जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर रोटरी रसोई पर जरूरतमंद लोगों को भोजन करवाकर अपनी सेवाएं प्रदान की। उन्होने कहा कि जरूरतमंद का पेट भरने से बढकर कोई अन्य सेवा नही हो सकती। रोटरी क्लब सदस्य इतने लंबे समय से यह पुण्य काम कर लोगों से दुआएं ले रहे हैं। क्योंकि लगातार प्रतिदिन ऐसे जिम्मेदारी के काम को समय सुविधाएं देना बहुत ही ठिन कार्य है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान संजय गर्ग, विजय जिंदल, राजकुमार चौधरी, विनोद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# कोआर्डिनेशन कमेटी का प्रतिनिधि मण्डल एडीसी से मिला



» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी एम्पलाइज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ का प्रतिनिधिमंडल माननीय एडीसी कुलजीत पाल सिंह माही को मिला। प्रतिनिधि मंडल ने माननीय एडीसी को बताया कि चंडीगढ़ प्रशासन ने क्रोनाकाल मे अप्रैल 2020 मे डीए तथा डीसी रेट्स फ्रीज कर दिए थे तथा नवंबर 2020 में ही यह रोक को हटा दिया था। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध करते है कि आउट सोर्सेड वर्करों का कानूनन बनता हक वेतन में बनती बढ़ोतरी देकर दिया जाए। एडीसी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सारे हालातों को मद्देनजर रखकर ही डीसी रेट्स मे बढ़ोतरी की जाएगी।--

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# भारत की निर्यात चुनौतियां

यूक्रेन संकट के कारण वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के सामने निर्यात संबंधी मुश्किलें दिखाई देने लगी हैं। न केवल रूस और यूक्रेन को किए जाने वाले निर्यात में कमी आने की आशंका है, बल्कि अन्य पूर्वी यूरोपीय देशों में स्वेज नहर और काला सागर से माल की आवाजाही में बाधा और रूस पर पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों के कारण भी भारत का निर्यात प्रभावित होगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत के विदेशी व्यापार पर पड़ने वाले असर को लेकर चिंता व्यक्त की। इस जंग की वजह से देश से होने वाले निर्यात पर भारी असर पड़ने की आशंका पैदा हो गई है। चिंता की बात ज्यादा इसलिए भी है कि जंग जितनी लंबी चलेगी, यह विदेश व्यापार पर उतनी ही ज्यादा मार पड़ेगी। हालांकि रुपए में गिरावट से निर्यातकों को लाभ होता है, लेकिन भारत के अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की मुद्राओं की कीमतों में गिरावट, महंगे होते कच्चे माल और यूरोप के बाजार से निर्यात मांग में भारी कमी होने के कारण निर्यात चुनौतियां बढ़ गई हैं।

वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दो मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष 2021-22 में अप्रैल से फरवरी, 2022 तक भारत का निर्यात तीन सौ चौहत्तर अरब डालर पर पहुंच गया और निर्यात पहली बार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप चार सौ अरब डालर की रिकार्ड ऊंचाई को छू गया। लेकिन अब यूक्रेन संकट के कारण वित्त वर्ष 2022-23 में भारत के सामने निर्यात संबंधी मुश्किलें दिखाई देने लगी हैं। न केवल रूस और यूक्रेन को किए जाने वाले निर्यात में कमी आने की आशंका है, बल्कि अन्य पूर्वी यूरोपीय देशों में स्वेज नहर और काला सागर से माल की आवाजाही में बाधा और रूस पर पश्चिमी देशों के आर्थिक प्रतिबंधों के कारण भी भारत का निर्यात प्रभावित होगा।

इस समय यूक्रेन संकट से उत्पन्न निर्यात संबंधी चुनौतियों से निपटते हुए निर्यात बढ़ाने की रणनीति में चार प्रभावी कदम जरूरी हैं। एक, देश में विशेष आर्थिक क्षेत्रों (सेज) की भूमिका को प्रभावी बनाना, दूसरा- मेक इन इंडिया अभियान को और कामयाब बनाना, तीन- उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना का उपयुक्त तरीके से क्रियान्वयन और चौथा- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की तरह दूसरे देशों के साथ भी एफटीए को मूर्तरूप देना।

गौरतलब है कि एक फरवरी को वर्ष 2022-23 का बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा था कि सरकार विशेष आर्थिक जोन यानी सेज के मौजूदा स्वरूप को बदलेगी। सेज में उपलब्ध संसाधनों का पूरा उपयोग करते हुए घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए विनिर्माण किया जाएगा। सेज संबंधी नए नियम इसी वर्ष 30 सितंबर तक लागू किए जाएंगे। सेज का नया नाम डवलपमेंट आफ इंटरप्राइजेज एंड सर्विस हब (डीईएसएच या देश) होगा।



ऐसे में अब सेज की नई अवधारणा के तहत सरकार सेज से अंतरराष्ट्रीय और घरेलू बाजार के लिए विनिर्माण करने वाले उत्पादकों को विशेष सुविधाएं मुहैया करवाएगी। सेज में खाली जमीन और निर्माण क्षेत्र का इस्तेमाल घरेलू व निर्यात मैन्युफैक्चरिंग के लिए हो सकेगा। सेज में पूर्णकालिक पोर्टल के माध्यम से कस्टम मंजूरी की सुविधा होगी और उत्पाद निर्माण शुरू करने के लिए जरूरी सभी प्रकार की मंजूरियां भी वहीं दी जाएंगी।

राज्यों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। ढांचागत सुविधाओं खासतौर से आपूर्ति की सुविधा बढ़ने से उत्पादन लागत घटेगी और भारतीय वस्तुएं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आसानी से मुकाबला कर पाएंगी। रेल, सड़क, बंदरगाह जैसी सुविधाओं के बड़े नेटवर्क से भारतीय लागत वैश्विक स्तर की हो जाएगी और भारत को निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि सेज की नई अवधारणा से इसे और बेहतर रूप देने के बाद देश को दुनिया का प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनाना आसान हो जाएगा। मालूम हो कि आगामी वित्त वर्ष 2022-23 के बजट में प्रस्तावित सेज के नए नियमों के साथ-साथ बड़े निर्यात प्रोत्साहन भी लाभप्रद होंगे। बजट घोषणा से देश के निर्यात में एक बड़ी हिस्सेदारी रखने वाले रत्न और आभूषण के निर्यात में भी बढ़ोतरी होगी। कपड़ा और परिधान, चमड़ा, हस्तशिल्प और इलेक्ट्रानिक्स जैसे क्षेत्रों के निर्यात में भी इजाफा होगा। गति शक्ति कार्यक्रम से आपूर्ति की लागत में कमी आएगी।

बजट में एक सौ कार्गो टर्मिनल बनाने की घोषणा की गई है, जिससे माल की आवाजाही और आसान हो सकेगी और लागत में घटेगी। बजट में तैयार हीरों और रत्नों के आयात शुल्क तथा फैशन वाले आभूषण के आयात पर शुल्क में कमी की गई है। इससे चीन से आने वाली सस्ते आभूषण पर रोक लगेगी और भारत में इसके निर्माण को प्रोत्साहन मिलेगा। कपड़ा और चमड़ा उत्पादों के निर्यात प्रोत्साहन के लिए जिपर, बटन जैसे उत्पादों, विशेष प्रकार के चमड़े और पैकेजिंग बाक्स के आयात को शुल्क-मुक्त कर दिया गया है। इससे इनके निर्यात को बढ़ावा मिलेगा।

जहां उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना (पीएलआइ) की सफलता से चीन से आयात किए जाने वाले कच्चे माल के विकल्प तैयार हो सकेंगे, वहीं औद्योगिक उत्पादों का निर्यात भी बढ़ सकेगा। देश में अभी भी दवा उद्योग, मोबाइल उद्योग, चिकित्सा उपकरण उद्योग, वाहन उद्योग और बिजली उपकरणों जैसे कई उद्योग बहुत कुछ चीन से आयातित माल पर आधारित हैं। सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत नवंबर 2020 से चौदह औद्योगिक क्षेत्रों के लिए पीएलआइ योजना को करीब दो लाख करोड़ रुपए के प्रोत्साहनों के साथ आगे बढ़ाया है। इस योजना के तहत दिए गए विभिन्न प्रोत्साहनों से देश के उत्पादक चीन से आयातित कुछ कच्चे माल को स्थानीय उत्पादों के आधार पर तैयार करेंगे।

निर्यात बढ़ाने में विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की भूमिका अहम हो सकती है। गौरतलब है कि इस साल 18 फरवरी को भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने एफटीए पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते को समग्र आर्थिक साझेदारी समझौता (सीपा) नाम दिया गया है। इस व्यापार समझौते से भारत और यूएई के बीच कारोबार पांच साल में दोगुना बढ़ा कर सौ अरब डालर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जो अभी करीब साठ अरब डालर है। इस समय यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और अमेरिका के बाद दूसरा बड़ा निर्यात केंद्र है।

इस समझौते के तहत दोनों देश इस साल मई से विभिन्न क्षेत्रों की निर्धारित वस्तुओं को शुल्क मुक्त और रियायती शुल्क पर पहुंच की अनुमति देंगे। भारत यूएई को कपड़ा, आभूषण, दवाइयां, चिकित्सा उपकरण, चमड़े के उत्पाद, जूते, हस्तशिल्प व खेलकूद के सामान, कीमती रत्न, खनिज, खाद्य वस्तुएं जैसे मोटे अनाज, चीनी, फल और सब्जियां, चाय, मांस और समुद्री खाद्य, इंजीनियरिंग और मशीनरी, रसायन जैसे उत्पाद निर्धारित रियायतों पर भेजे जा सकेंगे। वहीं यूएई भारत को पेट्रो रसायन उत्पाद, धातु जैसे सेक्टरों के साथ सेवा से जुड़े कई क्षेत्रों में रियायतें देगा।

यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि इस एफटीए से यूएई के बाजार में अब किसी भी भारतीय दवा उत्पाद को आवेदन करने के नब्बे दिनों में शून्य शुल्क पर बिक्री की इजाजत मिल जाएगी। सेवा क्षेत्र और डिजिटल व्यापार को लेकर भी दोनों देशों में विशेष समझौता हुआ है। अब यूएई के बाद विभिन्न देशों के साथ की जा रही एफटीए वाताओं में भारत के वातार्कारों को डेटा संरक्षण नियम, ई-कामर्स, बौद्धिक संपदा और पर्यावरण जैसे नई पीढ़ी के कारोबार मसलों को ध्यान में रखा जाना होगा। साथ ही, किसानों और दुग्ध उत्पादों से संबंधित मुद्दों को भी ध्यान में रखना होगा।

उम्मीद की जानी चाहिए कि यूक्रेन संकट से बने हालात के बीच निर्यात बढ़ाने के लिए जहां सेज की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी, वहीं बदली हुई वैश्विक व्यापार व कारोबार की पृष्ठभूमि में यूएई के साथ किया गया एफटीए वैश्विक व्यापार को बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यूएई के बाद अब आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका, इजरायल, भारत खाड़ी देश परिषद और यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जा सकेगा।

## संपादकीय

# कांग्रेस का मंथन



पांच राज्यों में करारी हार के बाद मंथन के लिए बुलाई गई बैठक में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक फिर पुराने अंदाज में खत्म हो गई। कार्यकारी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने इस्तीफे की पेशकश की। लगे हाथ प्रियंका गांधी ने भी जिम्मेदारी छोड़ने का ऐलान कर दिया। मगर पहले से तैयार स्क्रिप्ट के मुताबिक सदस्यों ने हार की वजह सभी को बताया और गांधी परिवार को इस्तीफा न देने पर मना लिया। सवाल यह है कि क्या इससे कांग्रेस वापस जीत की राह पर आ जाएगी या देश की जनता पार्टी को फिर से स्वीकार कर लेगी। कतई नहीं। अगर कांग्रेस यह समझ रही है कि वह प्रचार में कमजोर है या जनता के बीच बात नहीं रख पा रही है या फिर प्रत्याशी चयन जिम्मेदार है, तो यह उसकी भूल है। कांग्रेस आज जो भरोसा खो चुकी है, वह कार्यसमिति की बैठक से दूर होने वाली नहीं है। उसे हमेशा याद रखना होगा कि मुकाबला भाजपा से है, जिसके पास कैडर है, जन समर्थन है। इससे भी ज्यादा नरेंद्र मोदी का नेतृत्व है। हर बार हार की समीक्षा से काम नहीं चलेगा। नेतृत्व को नए सिरे से सोचना होगा। हार की कोई एक वजह नहीं होती। जिस पर मंथन कर लिया और जीतने की गारंटी मिल गई। कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम भाजपा और उसकी विचारधारा से लड़ेंगे, अपनी विचारधारा को आगे बढ़ाएंगे। यह कहते हुए खडगे भूल गए कि भाजपा की विचारधारा हिंदुत्व है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी तो पिछले कुछ चुनाव में हिंदुत्व को साधने का भरसक प्रयास कर चुके हैं। अगर खड़गे कह रहे हैं कि पार्टी भाजपा की विचारधारा से लड़ेगी तो क्या राहुल और प्रियंका हिंदुत्ववादी होने का दिखावा कर रहे हैं। कांग्रेस आज जो भी कहे, मगर सच तो यह है कि वह अपनी ही विचारधारा को लेकर असमंजस में है। असल में 2019 के लोकसभा चुनाव में बमुश्किल 52 सीटें और महज पांच राज्यों में (तीन राज्यों में कांग्रेस और दो में गठबंधन) सत्ता पा सकने वाली पार्टी बन चुकी कांग्रेस अब गांधी परिवार का स्वामित्व और क्षेत्रीय नेताओं की राजनीति के बीच कहीं उलझ चुकी है। पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में क्षेत्रीय नेतृत्व में जबरदस्त कलह है। मध्य प्रदेश तो कांग्रेस के हाथ से गया ही अपनी पार्टी में टूट की वजह से। पंजाब में कांग्रेस आलाकमान की नई रणनीति ने सत्ता हाथ से गंवा दी। अब वहां भी संगठन में तलवारें खिंच गई हैं। हरियाणा में भले ही सरकार कांग्रेस की ना हो लेकिन खेमेबंदी कम नहीं है, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ खुलकर खेमेबाजी हो रही है जिसकी धुरी में कुमारी शैलजा हैं। राजस्थान में सरकार बनने के पहले दिन से अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच कद की लड़ाई रही है, जिसमें अभी तक गहलोत अपने तजुर्बे के दम पर 21 ही साबित हुए हैं, लेकिन पिछड़ों को नेतृत्व देने की राह पर चल पड़ा कांग्रेस आलाकमान आखिर कब तक गुर्जर समाज से आने वाले सचिन पायलट की नाराजगी को दरकिनार करता रहेगा या फिर यहां भी चुनाव से ठीक पहले सत्ता की तस्वीर को बदल दिया जाएगा जो कि पायलट गुट को बनाए रखने का एकमात्र तरीका है।

# यूपी में लौटा 'बुलडोजर बाबा' का राज



प्रभुनाथ शुक्ल

**उत्तर प्रदेश में भाजपा को घेरने के लिए सपा -बसपा कांग्रेस ने कई प्रयोग दुहराए लेकिन उसका कोई खास प्रभाव नहीं दिखा। क्योंकि विपक्ष चाह कर भी आंतरिक रुप से टूटा और बिखरा था जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने की वजह से विकास पर भी काफी गहरा प्रभाव पड़ा। जिस मुद्दों से कांग्रेस बचती थी भाजपा उसे फ्रंटफुट पर खेला। राम मंदिर, धारा 370, तीन तलाक, एनआरसी और हिंदुत्व जैसे मुद्दों को धार दिया। ह्यसबका साथ सबका विकासह्ण वाले मंत्र को अपनाकर भाजपा आगे बढ़ी और कामयाब हुई। उत्तर प्रदेश में भाजपा जितनी मजबूत हुई विपक्ष उतना कमजोर हुआ। वर्तमान समय में बदले सियासी हालात में विपक्ष को गंभीरता से विचार करना होगा। उत्तर प्रदेश में भाजपा के मुकाबले विपक्ष कहीं दिख नहीं रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2022 के आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत ने 2024 का भी मार्ग प्रशस्त कर दिया है। क्योंकि विपक्ष के तमाम प्रयासों के बावजूद भी भाजपा को घेरने में वह कामयाब नहीं हो सका है।**



उत्तर प्रदेश ने जो राजनीतिक संदेश दिया है अपने आप उसके मायने बेहद अलग है। प्रतिपक्ष की लाख कोशिशों के बावजूद भी भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से सरकार बनाने में कामयाब रहीं। दोबारा सत्ता में वापसी कर भाजपा ने साफ संदेश दे दिया कि है कि उसके मुकाबले विपक्ष कहीं नहीं ठहरता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता बरकरार है। भाजपा जातिवाद की राजनीति को ध्वस्त कर पुनः सत्ता में वापसी की है। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक में यह बहुत बड़ी सफलता है। योगी आदिनाथ ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो 37 सालों में दोबारा शपथ ले रहे हैं और सत्ता में वापसी कराएं। कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया है। भाजपा ने कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी के साथ सपा को यह संदेश देने में सफल हुईं है कि प्रदेश में अब विकास विश्वास की राजनीति ही सफल होगी जातिवाद का कोई स्थान नहीं है।

राज्य में भाजपा की वापसी के पहले समाजवादी और बहुजन समाज पार्टी का सियासी दबदबा था। राममंदिर आंदोलन के बाद भाजपा सत्ता में जबरदस्त वापसी कि थी लेकिन मंडल की राजनीति ने उसे गायब कर दिया। राज्य में 90 के दशक के बाद कांग्रेस कि वापसी नहीं हो पाई। 40 साल तक उत्तर प्रदेश की सत्ता में रहने वाली कांग्रेस हर चुनाव में अपना जनाधार खोती चली गई। कांग्रेस धर्मनिरपेक्षता के लबादे में इतना उलझी कि मंडल-कमंडल की राजनीति में उसका अस्तित्व ही खत्म हो गया। इसके बाद कांग्रेस सत्ता में फिर वापस नहीं हो पाई। उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले जातिवादी राजनीति चरम पर थी। राज्य में राम मंदिर आंदोलन के बाद भाजपा की सत्ता में वापसी हुई। लेकिन इसके बाद यहां सपा-बसपा की जातिवादी राजनीति हावी रहीं।लेकिन 2014 में केंद्र की सत्ता में भाजपा की वापसी के बाद जहां राज्य में कांग्रेस खत्म होती चली गई वहीं उत्तर प्रदेश की राजनीति में भारतीय जनता पार्टी ने जबरदस्त वापसी की।

उत्तर प्रदेश में भाजपा को घेरने के लिए सपा -बसपा कांग्रेस ने कई प्रयोग दुहराए लेकिन उसका कोई खास प्रभाव नहीं दिखा। क्योंकि विपक्ष चाह कर भी आंतरिक रुप से टूटा और बिखरा था जिसका सीधा फायदा भाजपा को मिला। केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने की वजह से विकास पर भी काफी गहरा प्रभाव पड़ा। जिस मुद्दों से कांग्रेस बचती थी भाजपा उसे फ्रंटफुट पर खेला। राम मंदिर, धारा 370, तीन तलाक, एनआरसी और हिंदुत्व जैसे मुद्दों को धार दिया। ह्यसबका साथ सबका विकासह्ण वाले मंत्र को अपनाकर भाजपा आगे बढ़ी और कामयाब हुई। उत्तर प्रदेश में भाजपा जितनी मजबूत हुई विपक्ष उतना कमजोर हुआ। वर्तमान समय में बदले सियासी हालात में विपक्ष को गंभीरता से विचार करना होगा। उत्तर प्रदेश में भाजपा के मुकाबले विपक्ष कहीं दिख नहीं रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि 2022 के आम चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत ने 2024 का भी मार्ग प्रशस्त कर दिया है। क्योंकि विपक्ष के तमाम प्रयासों के बावजूद भी भाजपा को घेरने में वह कामयाब नहीं हो सका है।

उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी दलित विचारधारा की मुख्य पार्टी मानी जाती रही। मायावती चार-चार बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। लेकिन बहुजन समाज पार्टी इतनी जल्द कमजोर हो जाएगी इसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती थी। देश में आज जिस तरह कांग्रेस गुजर रहीं है वहीं हालत बहुजन समाज पार्टी की है। हालांकि आज भी दलित मत उसके साथ है, लेकिन अब उसकी संख्या भी कम हो चली है। सिर्फ दलितों के भरोसे वह चुनाव को नहीं जीत सकती है। 2007 सोशलइंजीनियरिंग के जरिए अगड़े और दलितों को लेकर उन्होंने सरकार बनायी थी। लेकिन इस बार के आम चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की जो दुर्गति हुई है वह चिंतनीय। चुनाव परिणाम को देखकर साफ होता है कि दलित विचारधारा की मुख्य पार्टी का अस्तित्व खत्म हो चला है। मायावती अभी तक कोई सियासी उत्तराधिकारी नहीं दे सकी हैं। साल 2017 में 19 सीटों पर जीत हासिल करने वाली बहुजन समाज पार्टी एक सीट पर सिमट गई। उसे करीब 12.9 फीसदी मत मिले।

समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने जमीनी मेहनत किया लेकिन उनके कार्यकताओं ने जोश में होश खो दिया। अति उत्साह में समाजवादी कार्यकताओं ने जिस तरह सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुए उसका खमियाजा उसे भुगतना पड़ा। अखिलेश यादव की तरफ से बहुत अच्छी मेहनत की गई लेकिन परिणाम उनके पक्ष में नहीं रहा। फिर भी अकेले दम पर उन्होंने जो मेहनत की वह प्रशंसनीय है। राज्य में सपा ने 35 फीसदी वोट हासिल करके भी सत्ता में वापसी नहीं कर पाए। 124 सीटों पर संतोष करना पड़ा। लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी 41.3 फीसदी से वोट हासिल कर 274 सीटों पर भगवा लहरा दिया। हालांकि 2017 के मुकाबले भाजपा को 46 सीटों का नुकसान हुआ है जबकि सपा को 70 सीटों का फायदा मिला है।

प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस 2017 का भी प्रदर्शन दोहराने में कामयाब नहीं हुईं। उसने सिर्फ दो सीटें मिली जबकि पांच सीटों का घाटा हुआ। कांग्रेस को ढाई फीसद मत हासिल हुए। कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व के लिए यह मंथन का विषय है। निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश की राजनीति में भाजपा ने नया इतिहास लिखा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुलडोजर बाबा के नाम से प्रसिद्ध हो गए हैं। भाजपा को जीत दिलाने में उसका सांगठनिक अनुशासन, सामूहिक प्रयास और सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास जीत दिलाने में कामयाब हुए हैं। राशन, सुशासन का मुद्दा भी अहम रहा है। भाजपा के मजबूत सांगठनिक ढांचे से यह कामयाबी मिली है।भाजपा अपने संगठन को मजबूत बनाने के लिए कोई भी कोर कसर नहीं छोड़ती है। पार्टी के सांगठनिक ढांचे में सबको जिम्मेदारी दी जाती है। उसकी राजनीतिक सफलता के पीछे यह भी आम कारण रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा आम आदमी का विश्वास जीतने में बेहद सफल रही है। राज्य में जातीय मिथक को तोड़ने में भी वह सफल हुई है। भाजपा को काफी संख्या में पिछड़ों ने भी वोटिंग किया है। जिसकी वजह से वह दोबारा सत्ता में लौटी है।

# कांग्रेस और जी-हुजूर—23



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पांच राज्यों के चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक में वही हुआ, जो पहले भी हुआ करता था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि यदि पार्टी कहे तो हम तीनों (माँ, बेटा और बेटी) इस्तीफा देने को तैयार हैं। पांच घंटे तक चली इस बैठक में एक भी कांग्रेसी की हिम्मत नहीं पड़ी कि वह नेतृत्व-परिवर्तन की बात खुलकर कहता। जो जी-23 समूह कहलाता है, जिस समूह ने कांग्रेस के पुनरोद्धार के लिए आवाज बुलंद की थी, उसके कई मुखर सदस्य भी इस बैठक में मौजूद थे लेकिन जी-23 अब जी-हुजूर-23 ही सिद्ध हुए। उनमें से एक आदमी की भी हिम्मत नहीं पड़ी कि वह कांग्रेस के नए नेतृत्व की बात छेड़ता। सोनिया गांधी का रवैया तो प्रशंसनीय है ही और उनके बेटे राहुल गांधी को मैं दाद देता हूं कि उन्होंने कांग्रेस-अध्यक्ष पद छोड़ दिया लेकिन मुझे कांग्रेसियों पर तरस आता है कि उनमें से एक भी नेता ऐसा नहीं निकला, जो खम ठोककर मैदान में कूद जाता। वह कैसे कूदे? पिछले 50-55 साल में कांग्रेस कोई राजनीतिक पार्टी नहीं रह गई है। वह पोलिटिकल पार्टी की जगह प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन गई है। उसमें कई अत्यंत सुयोग्य, प्रभावशाली और लोकप्रिय नेता अब भी हैं लेकिन वे नेशनल कांग्रेस (एनसी) याने ह्यनौकर-चाकर कांग्रेसह्ण बन गए हैं। मालिक कुर्सी खाली करने को तैयार हैं लेकिन नौकरों की हिम्मत नहीं पड़ रही है कि वे उस पर बैठ जाएं। उन्हें दरी पर बैठे रहने की लत पड़ गई है। यदि कांग्रेस का नेतृत्व लंगड़ा हो चुका है तो उसके कार्यकर्ता लकवाग्रस्त हो चुके हैं। कांग्रेस की यह बीमारी हमारे लोकतंत्र की महामारी बन




गई है। देश की लगभग सभी पार्टियां इस महामारी की शिकार हो चुकी हैं। भारतीय मतदाताओं के 50 प्रतिशत से भी ज्यादा वोट प्रांतीय पार्टियों को जाते हैं। ये सब पार्टियां पारिवारिक बन गई हैं। कांग्रेस चाहे तो आज भी देश के लोकतंत्र में जान फूंक सकती है। देश का एक भी जिला ऐसा नहीं है, जिसमें कांग्रेस विद्यमान न हो। देश की विधानसभाओं में आज भाजपा के यदि 1373 सदस्य हैं तो कांग्रेस के 692 सदस्य हैं। लेकिन पिछले साढ़े छह साल में कांग्रेस 49 चुनावों में से 39 चुनाव हार चुकी है। उसके पास नेता और नीति, दोनों का अभाव है। मोदी सरकार की नीतियों की उल्टी-सीधी आलोचना ही उसका एक मात्र धंधा रह गया है। उसके पास भारत को महासंपन्न और महाशक्तिशाली बनाने का कोई वैकल्पिक नक्शा भी नहीं है। कांग्रेस अब पचमढ़ी की तरह नया ह्यचिंतन-शिविरह्ण करनेवाली है। उसे अब चिंतन शिविर नहीं, चिंता शिविर करने की जरुरत है। यदि कांग्रेस का ब्रेक फेल हो गया तो भारतीय लोकतंत्र की गाड़ी कहां जाकर टकराएगी, कुछ नहीं कहा जा सकता।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

संक्षिप्त समाचार

## उपायुक्त के निदेर्शानुसार टऊअ कार्यक्रम कार्यक्रम की अवधी को बढ़ाया गया

मदरलैंण्ड संवाददाता, देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा जानकारी दी गयी कि दिनांक 07 से 12 मार्च 2022 तक जिले में संचालित टऊअ कार्यक्रम के दौरान जिला अंतर्गत फाइलेरिया रोधी दवा को लक्षित आबादी के विरूद्ध आज दिनांक 12.03.2022 तक कुल 79.84 प्रतिशत जनसंख्या को अच्छादित किया गया है। जबकि अभियान के तहत शतप्रतिशत लक्षित आबादी को दवा खिलायी जानी है। ऐसे में संचालित कार्यक्रम की त्रुटियों एवं लक्ष्य के अनुरूप नहीं उपलब्धि नहीं रहने के मद्देनजर सभी लक्षित आबादी को दवा सेवन कराने हेतु कार्यक्रम का अवधि विस्तार दिनांक 26.03.2022 तक किया गया है, ताकि शतप्रतिशत लोगों को दवा खिलाई जा सके। साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारी को निदेशित किया गया है कि जिनके क्षेत्र में फाइलेरिया रोधी दवा का वितरण मात्र की गई हो तो उसे घर-घर जाकर दवा प्रशासक अपनी उपस्थिति में दवा का सेवन कराते हुए संशोधित प्रतिवेदन जिला मुख्यालय को प्रतिदिन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावे संबंधित प्रखण्ड के अधिकारियों व प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारियों को शतप्रतिशत अपनी निगरानी में क्षेत्र में सभी दवा पर्यवेक्षकों, सभी प्रखण्ड स्तरीय पर्यवेक्षकों एवं फफळ दलों को सक्रिय रहकर कार्य करने की आवश्यकता है, ताकि कार्यक्रम के उपरांत ए७३ी१ ल्लंह्न टङ्मल्ल३ङ्म१ द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर जांचोपरांत यदि किसी घर में दवा का वितरण अथवा बिना कारण नहीं खाये हुए व्यक्ति पाये जाते है तो संबंधित के विरूद्ध नियमसंगत विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा।

## पेयजल एवं स्वच्छता संबंधित समस्याओं के प्रति सरकार संजीदा

मदरलैंण्ड संवाददाता, रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री श्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निर्देश के बाद राज्य स्तर पर पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित सभी प्रकार की जन शिकायतों के त्वरित निष्पादन एवं अनुश्रवण के प्रयास शुरू कर दिए गए हैं। इसके लिए राज्यस्तरीय कॉल सेन्टर बनाया गया है। कॉल सेन्टर प्रातः 08.00 बजे से लेकर संध्या 08.00 बजे तक निर्बाध रूप से पी.एम.यू. कार्यालय डोरंडा रांची में संचालित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कॉल सेन्टर में प्राप्त शिकायतों के लिए प्रत्येक 15 दिनों में विभागीय पदाधिकारी द्वारा एवं माह के अंत में विभागीय सचिव द्वारा समीक्षा करने का आदेश दिया है। वेब आधारित कॉल सेन्टर के संचालन का उद्देश्य राज्य के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित जन शिकायतों का पारदर्शी एवं त्वरित गति से निष्पादन करना है। कॉल सेंटर ने जन- शिकायतों को Jhar-Jal Mobile App, ईमेल, टोल फ्री नम्बर आदि माध्यमों से दर्ज किया जा सकता है। कॉल सेन्टर में टोल फ्री नं. 1800 345 6502 एवं मोबाईल नं. / वाट्स एप्प नं. 9470170901 और ईमेल callcentredwsdjharkhand@gmail.com पर शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं। प्राप्त शिकायतों को jharjaljharkhand.gov.in में अपलोड किया जायेगा। साथ ही सभी प्रकार की शिकायतों को संबंधित पदाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए वेबपोर्टल के माध्यम से बेहतर प्रबंधन एवं अनुश्रवण होगा। राज्यवासी चापाकल मरम्मत, लघु ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना, बृहत ग्रामीण पाईप जलापूर्ति योजना , पाईप लाईन लिकेज, जलापूर्ति तथा जल गुणवत्ता से संबंधित समेत अन्य शिकायतें दर्ज करा सकेंगे।

## दलहनी फसल लगाने को लेकर कृषक जागरूकता कार्यक्रम, ई किसान भवन में हुई कृषक गोष्ठी




मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। दलहनी फसल लगाने की जागरूकता को लेकर मंगलवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया.प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड कृषि समन्वयक मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि दलहनी फसल को लेकर किसान उदासीन हैं. जबकि दलहनी फसल भोजन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है.दाल में पोषक तत्व की प्रचुरता होती है.दलहनी फसल कम लागत में लगायी जा सकती है. और अच्छी उपज ली जा सकती है.यदि किसान अपने खेतों में दलहनी फसल लगाते हैं तो वह इससे अच्छी आमदनी ले सकते हैं.कार्यक्रम में कृषि समन्वयक मुकेश कुमार एवं शालीग्राम सिंह ने भी किसानों को दलहनी फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया. इस मौके पर कृषक सलाहकार रघुनंदन महतो, अश्विनी कुमार, शरद ठाकुर, रंजन रजक, अरुण महतो, कंचन कुमारी आदि मौजूद थे.

## मुख्यमंत्री का मिला निर्देश - राज्य में ट्रेनों का नियमित ठहराव पुनः प्रारंभ कराए परिवहन विभाग

मदरलैण्ड संवाददाता, रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने परिवहन विभाग को यात्रियों को सुविधा प्रदान करने एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाने हेतु राज्य में ट्रेनों का नियमित परिचालन एवं ठहराव पुनः प्रारंभ करवाने का निर्देश दिया है। मालूम हो कि राज्य सरकार के आग्रह के बाद रेल मंत्रालय द्वारा कोविड-19 के दौरान संक्रमण के रोकथाम एवं प्रसार में कमी लाने के उद्देश्य से कुछ ट्रेनों का ठहराव और परिचालन बंद किया गया था। अब पुनः संक्रमण की स्थिति सामान्य होने के बाद वैसे सभी बंद किये गये ट्रेनों का नियमित ठहराव पुनः प्रारंभ करने का निर्देश मुख्यमंत्री ने विभागीय सचिव को दिया है, ताकि झारखण्ड आने और जाने वाले यात्रियों को सुविधा प्रदान की जा सके।*

# आग लगने से चार दुकान समेत लाखों मूल्य की संपत्ति जलकर हुई राख

» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेगूसराय। आग लगने से चार दुकान समेत लाखों मूल्य की संपत्ति जलकर राख हो गया. यह घटना सोमवार की बीती रात बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड बारह में घटी.आग लगने की सूचना मिलते ही सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गयी और इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी. घटना की सूचना मिलते ही खोदावन्दपुर थाना के एएसआई बलवंत कुमार सिंह पुलिस बल एवं दमकल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से आग पर काबू पाया गया. इस घटना में बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड बारह निवासी योगेंद्र पंडित के पुत्र दिलीप पंडित, ललित पंडित, शंभू पंडित एवं उसी गांव के भरत साह के पुत्र संतोष कुमार साह का दुकान जलकर स्वाहा हो गया.घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि सोमवार की बीती रात एक राहगीर ने आग की लपटें देख जोर जोर से आवाज देने लगा.तब जाकर नींद खुली और बाहर आए तो देखे कि सभी दुकानों में भीषण आग लगी हुई है. जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाने की प्रयास में जुटे हुए थे.परंतु बुरी तरह से आग लगने की वजह से सूचना पर आए दमकल कर्मियों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया.तब तक पीड़ित दिलीप पंडित का किराना व सजावट की दुकान,



ललित पंडित का मिट्टी के बर्तन की दुकान, शंभू पंडित का टेंट हाउस एवं संतोष साह का श्रृंगार की दुकान में रखें अनाज, कपड़ा, बर्तन, फ्रिज, सजावट समेत अन्य सामग्री जलकर खाक में बदल गया.पीड़ित लोगों ने बताया है कि इस घटना में लगभग आठ लाख रुपये की संपत्ति नुकसान होने का अनुमान है.परंतु घटना के कारणों का स्पष्ट रुप से पता नहीं चल सका. हलांकि स्थानीय लोगों के द्वारा बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जतायी जा रही है.वहीं दूसरी ओर आगलगी की जानकारी मिलते ही पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा, उपमुखिया राकेश रामचंद महतो, पूर्व मुखिया प्रेमलता देवी, समाजसेवी पंकेश कुमार, गोपाल कृष्ण, सुमन सौरभ उर्फ गिरीश, श्याम कुमार श्याम, अविनाश कुमार पिंटू, रवीन्द्र कुमार, अर्जुन कुमार, बीरबल साह, मुकेश कुमार समेत अनेक सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकताओं ने घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार के परिजनों को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया एवं अधिकारियों से बातचीत कर मुआवजे दिलवाने का भरोसा दिया।

## पांच लाख बकाया बिजली बिल के मामले में 29 उपभोक्ताओं का काटा गया कनेक्शन

### लापरवाह उपभोक्ताओं में मचा हड़कंप

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेगूसराय।यदि आप विधुत उपभोक्ता हैं.और समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर रहे हैं तो हो जाएं सावधान. आपका बिजली कनेक्शन कभी भी काटा जा सकता है.मंगलवार को खोदावन्दपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों के 29 उपभोक्ताओं का विधुत कनेक्शन काट दिया गया. लगभग पांच लाख रुपये का बकाया बिल रहने के आरोप में विभाग के कनीय अभियंता द्वारा यह कार्रवाई किया गया. इसकी जानकारी देते हुए विधुत विभाग के कनीय अभियंता ललन कुमार ने बताया कि बिजली बिल नहीं चुकाने वाले उपभोक्ताओं पर विभाग सख्त रुप अपना रही है. ऐसे लापरवाह उपभोक्ताओं को पहले ही बकाया बिजली बिल चुकाने का अल्टीमेटम दिया गया था. बार बार अल्टीमेटम देने के बाद भी जब उपभोक्ता सजग नहीं हुए तो मजबूरन विधुत कनेक्शन काटने का कार्य शुरू किया गया है.इस कड़ी में मेघौल गांव के उपभोक्ता शिवशंकर चौधरी, विपिन कुमार मिश्रा, अर्जुन कुमार सिंह, धर्मेन्द्र प्रसाद सिंह, अरविंद मिश्र, सुनील कुमार, शिवशंकर चौधरी, खोदावन्दपुर गांव के बुधनी देवी, अर्जुन शर्मा, सीता देवी, विशुनदेव चौधरी, घुरन चौपाल, बरियारपुर पश्चिमी गांव के दीपक चौधरी, राम भरोस महतो, फफौत पंचायत के मालपुर गांव के गनौर पासवान, उषा देवी, हरेकृष्ण दास, रामविलास पासवान, दिनेश्वर महतो, हरिनारायण महतो, बाड़ा गांव के रंजू कुमारी, रामरती देवी, प्रदीप सहनी, गोलू देवी, मिजार्पुर गांव के चंदन कुमार, सागी पंचायत के नारायणपुर गांव के नीता कुमार, रामाशीष मोची, विमल देवी, पचकारी यादव एवं सागी गांव के चन्द्रकला देवी का विधुत कनेक्शन काट दिया गया है.कनीय अभियंता ने बताया कि इन उपभोक्ताओं को जल्द से जल्द बकाया बिजली बिल जमा करने का अल्टीमेटम दिया गया है.यदि आगामी 31 मार्च तक बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जाता है तो ऐसे लापरवाह उपभोक्ताओं के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज किया जाएगा. मौके पर जेई के अलावे लाइनमैन राजकुमार भी मौजूद थे.

## बड़ी मुश्किल डगर पनघट की, क्या तीर निशाने पर बैठेगा?

» मदरलैंण्ड संवाददाता

बांका। स्थानीय प्राधिकार बिहार विधानसभा चुनाव नजदीक आते-आते मुकाबला रोचक होते जा रहा है। महागठबंधन से जहां संजय कुमार ने अपनी दावेदारी पेश की तो। जदयू से पहले ही विजय कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल कर चुके हैं। अब ऐसे में इस सीट पर फिलहाल आकड़ा मुकाबले का आकलन किया जा रहा था। तथा कहना भी लाजमी होगी टक्कर वाजिब में कशमकश था। लेकिन मंगलवार को जदयू बेलहर विधायक के पत्नी सिंपल यादव ने निर्दलीय नामांकन देकर जदयू के आगे एक लंबी लकीर खींच गई। अब ऐसे में अपने घर के उन्हें सब दांव पेच मालूम है। जैसा कि हमारे विश्लेषक ने पहले भी इस सीट पर आकलन करते हुए बताया था कि अगर जदयू के साथ कोई अनहोनी ना हो तो सीट की दावेदारी जरूर बन रही है। लेकिन अब ऐसे में उनसे निपटना कोई टेढ़ी खीर से कम साबित नहीं होगी क्योंकि अगर आप आकलन करें तो उन्हें पार्टी के साम दाम दंड भेद तक मालूम हो चुके हैं। दरअसल यह यूं ही नहीं कहा जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि वर्तमान विधायक एक बार इस सीट पर काबिज रह चुके हैं। और उन्हें इस मैदान की बल्लेबाजी भी



भलीभांति मालूम है। हालांकि इस बार सपाट पिच पर बल्लेबाजी करना किसी भी प्रतिनिधि के लिए आसान नहीं होगा। क्योंकि इस बार यहां मैदान में उम्मीदवारों को बाउंसर का भी सामना करना पड़ रहा है। खैर चुनाव तो अनिश्चितता का खेल है। लेकिन सिंपल देवी भी एक बार जिला परिषद अध्यक्षा रह चुकी हैं। और अभी वर्तमान में जिला परिषद सदस्य भी हैं। ऐसे में आप अगर आकलन करेंगे तो कहीं ना कहीं सिंपल देवी की भी पकड़ जनप्रतिनिधि पर आप हल्के में नहीं ले सकते हैं। हालांकि उन्होंने दावा भी ठोंक दिया उनके इर्द-गिर्द कोई नहीं है। खैर फिलवक्त कुछ कहना जल्दबाजी होगी। इधर राजनीति विश्लेषक बताते हैं कि कमोबेश अब यह चुनाव त्रिकोणीय संघर्ष की ओर मुड़ चला। परिणाम चौंकाने वाले आए तो कोई आश्चर्य की बात नहीं कही जाएगी। फिलवक्त अभी सभी जीत रहे हैं।

# तीन वर्षों से हो रहा है जलमीनार निर्माण का कार्य, कार्य पूरा नहीं होने से पेयजल संकट

» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेगूसराय।गर्मी की दस्तक शुरू हो चुकी है.सरकार लोगों को पेयजल की व्यवस्था करने में जुटी है.परंतु बाड़ा पंचायत के मिजार्पुर के वार्ड आठ एवं नौ में लोगों को इस गर्मी के मौसम में भी पेयजल मिलने की उम्मीद नहीं है. इसका कारण जलमीनार का निर्माण कार्य अधूरा रहना है.बताते चलें कि भारत नीर निर्मल परियोजना के तहत इन दोनों वार्डों में लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाने की योजना है.पंचायत के मिजार्पुर गांव में लगभग तीन करोड़ की लागत से जलमीनार बनाया जा रहा है.जो अभी तक पूरा नहीं हुआ है.निर्माण का कार्य पिछले तीन वर्षों से चल रहा है.निर्माण स्थल पर शौचालय एवं चाहरदीवारी निर्माण नहीं किया गया है.निर्माण स्थल पर प्राक्कलन का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है.इतना ही नहीं इस जलमीनार से मुहल्लावासियों के घर तक पाइपलाइन बिछाने और कनेक्शन जोड़ने का काम बाकी है.जिससे इन दोनों वार्डों के लोगों में असंतोष व्याप्त है.

**ठिकेदार की कार्यशैली से नाखुश हैं मजदूर-**



जलमीनार निर्माण में लगे मजदूरों ने बताया कि संवेदक द्वारा समय पर मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है.जिसके चलते कई मजदूर काम छोड़कर चले गये.यही कारण है कि कार्य में विलंब हो रहा है.

**कहते हैं मुहल्लावासी-**

मिजार्पुर गांव के लोगों ने बताया कि इस पंचायत में वार्ड नंबर एक से सात एवं वार्ड दस से तेरह तक जल नल योजना चल रही है.इन सभी वार्डों में लोगों को पीने का पानी मिल रहा है.बाड़ा पंचायत के इन सभी वार्डों में भारत नीर निर्मल परियोजना के तहत ही पानी आपूर्ति किया जा रहा है.परंतु मिजार्पुर गांव में संवेदक की लापरवाही से पानी टावर निर्माण कार्य अबतक कच्छप गति से चल रहा है.आगामी गर्मी के मौसम में भी पीने का पानी मिलने का उम्मीद नहीं है.निर्माण कार्य को तेज करने की मांग जब संवेदक से किया जाता है.तो लोगों की बातों को अनसुना कर दिया जाता है. ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कार्य करवाया जा रहा है.जिसका विरोध कई बार किया गया.परंतु संवेदक उनलोगों की एक नहीं सुना.

**कहते हैं विभाग के कनीय अभियंता-**

विभाग के कनीय अभियंता मनोज कुमार ने कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश संवेदक को दिया गया है.जल्द ही पाइपलाइन बिछाकर घर घर कनेक्शन कर दिया जाएगा. कनेक्शन होते ही पानी आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी.

## सड़क बनाने के लिए 600 मीटर नल जल योजना का पाइप को काटकर किया बर्बाद

» मदरलैंण्ड संवाददाता

अररिया।अररिया जिला के भरगामा प्रखंड में नल जल योजना का लगभग 600 मीटर पाइप को मनरेगा योजना के तहत बीरनगर पूरब के वार्ड 15 में रोड का काम करवा रहे बीरनगर पूरब के वर्तमान समिति अखिलेश मोदी ने मजदूरों से कटवा दिया। मिली जानकारी अनुसार 30 कनेक्शन बर्बाद हो गया है। बिरनगर पूरब के पी एच ई डी सुपरवाइजर सुनील पासवान ने बताया कि पी एच ई डी विभाग के अधिकारी को बिना कोई सूचना दिए हुए स्थानीय



पंचायत समिति द्वारा मनमाने तरीके से नल जल योजना के पानी पाइपों को काट कर बर्बाद कर दिया गया है। लगभग 600 मीटर पाइप कटिंग होने से 30 लोगों का कनेक्शन खत्म हो गया है। कटे कनेक्शन के लोगों को पानी नही मिलने से लोंगो में आक्रोश व्याप्त है। वहीं पी एच ई डी जेई पंकज कुमार ने बताया कि ऑपरेटरों द्वारा पाइप कटिंग की जानकारी मिली है। उन्होंने पी एच ई डी विभाग के संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों से अपील किया है कि हम लोगों को बिना कोई सूचना दिए हुए इस तरीके से बिहार सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट नल जल योजना को इतनी बड़ी क्षति पहुंचाना कतई उचित नहीं है। इस तरीके का क्षति पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों पर वरीय अधिकारी के निदेर्शानुसार कठोर कार्रवाई का प्रावधान है।

## सखी मंडल की दीदियों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाने के उद्देश्य से हर्बल गुलाल का करे उपयोगः उपायुक्त

» मदरलैंण्ड संवाददाता



देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निदेर्शानुसार समाहरणालय परिसर में #खरछढर की दीदियों द्वारा पलाश मार्ट आउटलेट का जागरूकता-सह-बिक्रि केन्द्र लगाया गया। जहाँ ऑर्गेनिक गुलाल, सरसों का तेल, घर सफाई हेतु फिनाइल आदि की बिक्री की गई। ज्ञात हो कि सखी मंडल की दीदियों द्वारा होली के अवसर पर इस बार भी बड़े पैमाने पर हर्बल गुलाल का निर्माण कर रही है, ताकि लोग कैमिकल वाले गुलाल की जगह हर्बल गुलाल का उपयोग करे। वही समाहरणालय परिसर में सखी मंडल की महिलाएं द्वारा प्राकृतिक उत्पादों से तैयार ऑर्गेनिक हर्बल गुलाल अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आकर्षण का केन्द्र है, जिसे पलाश मार्ट में उपलब्ध कराया गया है। सखी मंडल की दीदियों ने रंगों के इस पर्व को मनाने और साथ ही इससे आजीविका के वैकल्पिक साधन को तराशने का काम किया है। इसके अलावे उपायुक्त के निदेर्शानुसार हर सप्ताह के सोमवार, मंगलवार, बुधवार को जेएसएलपीएस की दीदियों द्वारा पलाश मार्ट का जागरूकता सह बिक्री केंद्र समाहरणालय परिसर में लगाया जाएगा।

# एयरपोर्ट निर्माण के शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द करें पूर्ण -उपायुक्त

» मदरलैंण्ड संवाददाता

देवघर। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में देवघर हवाई अड्डा, एम्स, राष्ट्रीय उच्च पथ, रेलवे व आरओबी के निर्माण कार्य से जुड़े प्रगति कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में में किया गया। समीक्षा बैठक के क्रम में उपायुक्त ने पूर्व में दिये गये निर्देशों के आलोक में पूर्ण हो चुके कार्यों के अलावा चल रहे कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ शेष बचे सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इसके अलावे उपायुक्त ने बैठक के दौरान एयरपोर्ट के अंतिम चरण के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए ड्रैनेज सिस्टम को लेकर चल रहे कार्यों पर रोष प्रकट करते हुए लघु सिंचाई एवं मध्यम सिंचाई के कार्यपालक अभियंता को निदेशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करते हुए उपायुक्त कार्यालय को अवगत करायें, ताकि तीव्र गति से ड्रैनेज सिस्टम से जुड़े कार्यों को पूरा किया जा सके। साथ हीं विद्युत आपूर्ति से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने एयरपोर्ट परिसर के अंदर स्थल चिन्हित करते हुए पीएसएस प्लांट के कार्यों को पूर्ण करें। वहीं पूर्व से 11 केबी के दिये जा रहे कनेक्शन के अलावा आपातकालीन स्थिति से निपटने के



उदेश्य से दूसरा कनेक्सन एयरपोर्ट परिसर में देना सुनिश्चित करें। आगे सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों व एयरपोर्ट निदेशक को आपसी समन्वय के साथ एयपोर्ट परिसर के अंदर बैरक हेतु स्थल चिन्हित करने के अलावा एयरपोर्ट परिसर से बाहर स्थल चिन्हित करते हुए सुरक्षा बलों के आवासन की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया। साथ हीं एप्रोच रोड के कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया। समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को स्पष्ट निदेशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि एयरपोर्ट के आस-पास किसी प्रकार का अवैध निर्माण कार्य न हो इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। वहीं आदेश के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर सुसंगत धाराओं के साथ आवश्यक व कड़ी कार्रवाई करें, ताकि अवैध निर्माण करने वाले लोगों को ये समझ आ जाय कि एयरपोर्ट परिसर के रेड जॉन, येलो जॉन व ग्रीन जॉन में बिना अनुमति के निर्माण कार्य करना कानून अपराध है।

इसके अलावे बैठक के दौरान एम्स निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त के द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों के अनुपालन कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ तीव्र गति से कार्यों को तय समय के अनुरूप पूर्ण कर लेने का निदेश दिया गया। आगे बैठक के दौरान उन्होंने पेयजल व्यवस्था हेतु पतरो नदी से एम्स परिसर को जोड़ने के उदेश्य से किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों को तय समय में कार्यों को पूर्ण करने का निदेश संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। साथ हीं एम्स परिसर में अग्निशमन व्यवस्था से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया की फायर ऑडिट से संबंधित कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करें।

**सुरक्षा व्यवस्था व सुविधा को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश.**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजंत्री ने 247 चल रहे एम्स निर्माण कार्य को लेकर संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि सुरक्षा के दृष्टिकोण से समय-समय पर विशेषकर के रात्रि के समय पुलिस गस्ती करने का निदेश दिया। साथ हीं एम्स परिसर के अंदर स्थल चिन्हित करते हुए पुलिस पिकेट बनाने का निदेश अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और एम्स के अधिकारियों को दिया। इसके अलावे उन्होंने एम्स आने-जाने की सुविधा को लेकर संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि ट्रैफिक की समस्या को लेकर स्थाई निदान के साथ चौधरीडीह व नावाडीह के आसपास के सड़कों का मरम्मतिकरण का कार्य सुनिश्चित करें, ताकि वाहनों के आवागमन में किसी प्रकार की समस्या न हो।

इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में देवघर जिलान्तर्गत बन रहे तीन रेलवे ओवर ब्रिज से यथा-सत्संग नगर देवघर, नावाडीह एवं मधुपर के कार्य के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए तथा पथ प्रमंडल देवघर के कार्यपालक अभियंता एवं रेलवे के अधिकारी को निदेशित किया कि अधिग्रहित जमीन पर निर्माण कार्य कराने में जो भी समस्याएं आ रही है उसका एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करते हुए समाधान करा लें, ताकि जल्द से जल्द रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य को पूर्ण किया जा सके। इस दौरान उपायुक्त ने सत्संग नगर रेलवे ओवर ब्रिज के कार्यों को जल्द से जल्दपूर्ण करते हुए आम जनता की सुविधा हेतु इसे शुरू करने का निदेश दिया। साथ हीं आरओबी के दोनो तरफ आवागमन हेतु सम्पर्क पथ के कार्यों को भी पूर्ण करने का निदेश रेलवे के अधिकारियों को दिया, ताकि आरओबी के नीचे से भी आवागमन की सुविधा सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा मधुपर रेलवे ओवर ब्रिज में जमीन अधिग्रहण से संबंधित तैयारियां एव लोगो के मुआवजे दिए जाने के कार्यो के अद्यतन स्थिति से अवगत हुए तथा जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एवं संबंधित अंचलाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। आगे बैठक के दौरान उपायुक्त ने राष्ट्रीय पथ व रेलवे द्वारा किये जा रहे कार्यों को बिन्दुआर समीक्षा करते हुए चल रहे कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने का निदेश दिया। साथ हीं राष्ट्रीय उच्च पथ व रेलवे को लेकर जिला स्तर के वरीय अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि उपरोक्त से संबंधित फाईलों व आवश्यक कार्यों को किसी भी हाल में लंबित न रखें, ताकि तय समय के अनुरूप इन कार्यों को पूर्ण किया जा सके।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### शाह फैसल करेंगे आजमनगर थाना घेराव



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। आजमनगर थाना का घेराव आज16मार्च बुधवार के दिन10 बजे से जन क्रान्ति के तत्वाधान आजमनगर थाना का जोरदार घेराव किया जाएगा ।बारसोई अनुमंडल छेत्र किसानों, मजदूरों और गरीबों का क्षेत्र है । यहां लोग एक गाँव से दूसरे गाँव या खेत खलिहान जाते हैं, या अपने नजदीकी मार्केट जैसे सालमारी आजमनगर, बलियाबेलोन, कुरूम, सोनैली, कुशिधा, कुमेदपुर, बारसोई जाते हैं ।तो जहां तहां मोटरसाइकिल जांच के बहाने मां बहन बुजुर्गों किसी के इज्जत की परवाह किए बगैर पुलिस वाले अवैध वसूली करते हैं ।इसलिए इसके विरोध में16 मार्च को आजमनगर थाना का घेराव किया जाएगा । मोटरसाईकिल एवं वाहन चैकिंग के बहाने अवैध वसूली और मनमानी बंद किया जाए ।केस दर्ज करने या न करने के बहाने पुलिस वाले मोटी रकम वसूलते हैं, इसे अविलंब बंद किया जाए ।झूठा केस दर्ज कर निर्दोष लोगों को फसाना बंद किया जाए ।ट्रैक्टर, टेम्पु और भटभटिया वाले को पुलिस वाले परेशान करना बंद करे ।ड्राइविंग लाइसेंस को प्रखण्ड कार्यालय में शिविर लगाकर बनाया जाय ।उक्त आशय की जानकारी इंजीनियर शाह फैसल अध्यक्ष, जन क्रांति ने दी है ।

### रमैया समेत 3 आईएएस के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति आदेश दाखिल

पटना, एजेंसी । बिहार महादलित विकास मिशन में प्रशिक्षण के नाम पर करोड़ों रुपए के घोटाले के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने के लिए केंद्र सरकार से प्राप्त स्वीकृति आदेश सतकर्ता अन्वेषण ब्यूरो ने विशेष अदालत में दाखिल कर दिया । विशेष न्यायाधीश मनीष द्विवेदी की अदालत में मामले के अनुसंधानकर्ता ने यह स्वीकृति आदेश भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी केपी रमैया, एसएम राजू और रामाशीष पासवान के खिलाफ दायर किया है । अभियोजन स्वीकृति आदेश दाखिल होने के बाद अब तीनों अभियुक्तों के खिलाफ पीसी एक्ट के तहत भी मुकदमा चलाया जा सकेगा । मामले की प्राथमिकी सतकर्ता 81/17 के रूप में 23 अक्टूबर 2017 को भारतीय दंड विधान की धाराओं तथा भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की अलग-अलग धाराओं के तहत बिहार महादलित विकास मिशन की योजना में भारी पैमाने पर बरती गई अनियमितता के आरोप में दर्ज की गई थी । अनुसंधान के बाद निगरानी ने इस मामले में उपरोक्त तीनों अभियुक्तों समेत 10 लोगों को खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था । बिहार सरकार ने भारतीय दंड विधान की अलग-अलग धाराओं में मुकदमा चलाने के लिए पूर्व में ही अभियोजन स्वीकृति प्रदान कर दी थी । केंद्र सरकार ने 03 फरवरी 2022 को भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत भी मुकदमा चलाने की अनुमति दी है ।

### वाहन लुटेरा गिरोह का भंडाफोड़, हथियार के साथ 8 गिरफ्तार

बक्सर, एजेंसी । बिहार में बक्सर जिला पुलिस ने वाहन लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार सिंह ने संवाददाता सम्मलेन में कहा कि पिछले कुछ दिनों से जिले में लूट की घटनाएं शुरू हो गई थीं । इसे लेकर जेल से छूटे अपराधियों का सत्यापन किया गया । जांच में पता चला कि जेल से छूटे कुछ अपराधी जिले में कुछ नए लड़कों को जोड़कर लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं । सूचना के आधार पर जिला पुलिस ने वाहन लूट करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर आठ अपराधियों को गिरफ्तार किया है । नीरज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से सात हथियार, 28 कारतूस, 19 मोबाइल और बाइक जब्त किया गया है । सभी से पूछताछ कर उनके निशानदेही पर छापेमारी की जा रही है ।

### बिहार में बाल एवं शिशु मृत्यु दर के आंकडों में कमी: मंगल पांडेय

पटना, एजेंसी । बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि विभाग के अथक परिश्रम की बदौलत राज्य में बाल एवं शिशु मृत्यु दर के आंकडों में पहले के मुकाबले कमी आई है । मंगल पांडेय ने कहा कि बाल एवं शिशु मृत्यु आंकड़ों में आई कमी स्वास्थ्य विभाग के परिश्रम का परिणाम है । विभाग की कोशिश रहेगी कि बिहार में बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में रखा जाए और उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाए । इससे आगे भी इन आंकड़ों में कमी आए और अधिक से अधिक बच्चों की जान बचाई जा सके । मंत्री ने कहा कि वर्ष 2019 के सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे के ताजा आंकड़ों के अनुसार, बिहार में बाल मृत्यु के आंकड़ों में राष्ट्रीय औसत के मुकाबले भी कमी आई है । पांच साल से कम उम्र के बाल मृत्यु के आंकड़े वर्ष 2018 के सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे में जहां 37 था वह इस बार 2019 में आई रिपोर्ट में तीन अंक घटकर 34 हो गया है ।

### विवाद के बाद आज सदन में नहीं पहुंचे सीएम नीतीश व स्पीकर सिन्हा

पटना, एजेंसी । बिहार विधानसभा में सोमवार को सभा अध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच हुए विवाद के बाद मंगलवार को दोनों ही सदन में नहीं आए, जिस पर विपक्ष के सदस्यों ने मुख्यमंत्री पर आसन की अवमानना का आरोप लगाते हुए उनसे माफी मांगने की मांग को लेकर हंगामा किया । इसके कारण भोजनावकाश से पूर्व सदन में कोई काम नहीं हो सका और सभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी । मंगलवार को सभा की कार्यवाही शुरू होने पर जब सभाध्यक्ष विजय कुमार सिन्हा आसन पर नहीं आए तब विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया । उनकी गैरमौजूदगी में पीठासीन सदस्य प्रेम कुमार आसन पर आकर बैठे और विधानसभा की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया । विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों ने सभाध्यक्ष के नहीं आने का मामला उठाया और उन्हें सदन में बुलाने की मांग की । राजद विधायक ललित यादव ने कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री ने सभा अध्यक्ष के प्रति असम्मान प्रकट किया, इसके लिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए । उन्होंने कहा कि सदन में सभा अध्यक्ष के आने के बाद ही कार्यवाही चलेगी ।

### तेजस्वी यादव के नाम पर है 396 करोड़ की संपत्तिः नीरज कुमार

पटना, एजेंसी । जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार ने तेजस्वी यादव पर 396 करोड़ के संपत्ति अर्जित करने का एक बार फिर बड़ा आरोप लगाया है । नीरज कुमार ने कहा कि पटना में कई जगहों पर 41 कट्ठा से ज्यादा जमीन तेजस्वी यादव के नाम है । नीरज कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव जवाब दें कि ये संपत्ति किसकी है । कभी तरुण यादव तो कभी अन्य अलग-अलग नाम से संपत्ति अर्जित की है । ये हमेशा गरीब दलित अल्पसंख्यक की बात करते हैं कि ये लोग भूमिहीन है । तेजस्वी यादव के पास इतना संपत्ति है तो आप क्यों नहीं इन लोगों को ये जमीन दे देते हैं ।

## सीमांचल समर्थित उम्मीदवार ख्वाजा बहाउद्दीन अहमद ने एमएलसी चुनाव में भरा नामांकन पर्चा

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। सीमांचल सेना समर्थित उम्मीदवार ख्वाजा बहाउद्दीन अहमद ने सैकड़ों समर्थकों के साथ स्थानीय प्राधिकार एमएलसी चुनाव कटिहार से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद ख्वाजा बहाउद्दीन अहमद ने पंचायत जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार हो रहे हो अन्याय को लेकर समस्त राजनीतिक दलों पर हमला बोलते हुए कहा के जब इन लोगों ने आजादी के 70 वर्ष बाद भी यहां के जनप्रतिनिधियों को सम्मान नहीं मिल पाया तो अब इन लोगों से सम्मान की उम्मीद करना बेकार है

एवं कटिहार के समस्त जनप्रतिनिधि गणों से अपील करते हुए कहां बदलाव के लिए निश्चित रूप से मतदान होना चाहिए

इसी कड़ी में सीमांचल सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहत कादरी ने अपने बयान में कहा कि आज पूरा देश भाजपा से त्राहिमाम है ऐसे में यहां के जनप्रतिनिधि गणों के साथ साथ यहां की जनता भी जागरूक है और मुझे पूरा भरोसा है बदलाव के लिए मतदान यहां के सम्मानित जनप्रतिनिधि गन करेंगे आगे उन्होंने कांग्रेस और आरजेडी को आड़े हाथों लेते हुए कहा की जनता का विश्वास इन दोनों दलों से उठ चुका है जिस तरह का इन लोगों ने सांप छछूंदर का खेल शुरू किया है इससे स्पष्ट है कि इन लोगों को जनप्रतिनिधि और जनता से प्रेम ना होकर सत्ता से ज्यादा प्रेम है जो इन लोगों को लगातार सत्ता से दूर रख रही है जनप्रतिनिधि और जनता के मुद्दों को इन लोगों ने कभी भी सर्वोपरि नहीं माना जो दुखद है

इस अवसर पर सेना महासचिव शोएब मोहम्मद एवं शुजात उल्लाह व मोहम्मद सनाउल्लाह जफर आलम पारस खातून माहे रूल बाड़ी तस्नीम कौसर मंजरी खातून नाजिर आलम अब्दुल मन्नान नजमुल हक मोहम्मद सज्जाद मोहम्मद तय्यब मोहम्मद अंसार आलम मोहम्मद बाबर आलम अब्दुल कादिर विनोद यादव पिंटू राय इत्यादि सैकड़ों की संख्या में शामिल रहे।

## थाना परिसर में शबे ब बरात एवं होली को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। अमदाबाद प्रखंड के अंतर्गत थाना परिसर में शबे बरात एवं होली को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी जिसमें स्पेक्टर इरशाद आलम एवं थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें तरह-तरह के गाइडलाइन भी जारी किए गए क्योंकि उस बात होली अभी शबे बरात एक ही दिन मनाया जाएगा इस बैठक में लगभग अमदाबाद प्रखंड के सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे इस बैठक में सभी ने दोनों त्यौहार को शांति से मनाने का निर्णय लिया साथ ही साथ ग्रामीणों से दोनों सही बात मिलजुल कर मनाने का अपील की बैठक में दुगार्पुर पंचायत के मुखिया गोपाल प्रसाद सिंह पूर्वी करी मुल्लापुर के मुखिया तारिक अनवर एवं सरपंच अध्यक्ष मोहम्मद सजीव उप मुखिया महाबुत आलम बैरिया पंचायत के मुखिया मोहम्मद गुलजार अलम व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे

मोहम्मद इरशाद आलम एवं थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि दोनों पर्व एक ही दिन हैं। कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई कार्य न करे, जिससे किसी की भावना को ठेस पहुंचती हो। उन्होंने होली पर्व पर शराब आदि का सेवन न करने व शराब पिलाकर हुड़दंग करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर किसी व्यक्ति ने माहौल खराब करने का प्रयास किया तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बैंक कर्मियों की मनमानी से उपभोक्ता परेशान,वृद्ध महिला ने बैंक कर्मी पर कागजात फेंकने का लगाया आरोप




» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। प्राणपुर प्रखंड के बसतोल चौक स्थित इंडियन बैंक इलाहाबाद बसतोल में इन दिनों बैंक कर्मियों द्वारा बैंक उपभोक्ताओं को बेवजह परेशान करने की शिकायत जोर पकड़ने लगी है ।बैंक में आए उपभोक्ता को खाता खुलवाने एवं के.वाई.सी अन्य कार्यों में बेवजह परेशान किया जाता है इतना ही नहीं बैंक कर्मी पर जोनिया गांव निवासी कारी खातून ने कागजात फेंकने का भी एक गम्भीर आरोप लगाई है, पूरा मामला प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बस्तौल इंडियन बैंक इलाहाबाद का है ।जहा जोनिया गांव के एक व्रिद्ध महिला कारी खातून अपने पेंशन को लेकर पासबुक में के.वाई.सी कराने बैंक पहुची तो बैंक कर्मी के दुवारा महिला को डांट फटकार करते हुऐ महिला के कागजात फेक दिया गया ।वही वृद्ध महिला ने उक्त समस्या को लेकर स्थानीय मुखिया मुजाहिद आलम को इसकी शिकायत की जिसके बाद मुखिया वृद्ध महिला के साथ बैंक पहुंचे और बैंक कर्मियों से पूछ ताछ किये।

## बिजली ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से पुआल जांक में लगी आग बुझाने क्रम में झुलसा युवक


» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर अंचल के मलिकपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड9 कपंडा गांव में विद्युत ट्रांसफार्मर में शार्ट-सर्किट के कारण निकली चिंगारी से ट्रांसफार्मर के बगल में रखे पुआल के जांक में आग लग गयी ।अग्निकांड की घटना में संधा देवी पति सुखदेव शर्मा का गैर आवासीय घर जल कर राख हो गया ।आग की भयावहता को देख स्थानीय ग्रामीण आग पर काबू पाने की जद्दोजहद में लग गए ।अग्निकांड घटना की सूचना अग्निशमन दस्ते को मोबाइल के जरिए स्थानीय लोगों ने दी ग्रामीणों की सूचना पर अग्निशमन विभाग बगैर देरी किये कपंडा गांव पहुँच आग को फैलने से रोकने में कामयाब रहे ।अगर अग्निशमन विभाग की गाड़ी समय पर नहीं पहुंचती तो बड़ी घटना घट सकती थी। ग्रामीणों की सूझ-बूझ और अग्निशमन विभाग की तत्परता के कारण आग पर काबू पाया जा सका है ।अग्निशमन विभाग ने बताया स्थानीय ग्रामीणों से अग्निकांड घटना की सूचना मिली थी ।जानकारी के मुताबिक अग्निकांड की घटना में एक युवक भी झुलस गया जिसे प्राथमिक उपचार हेतु आजमनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जो खतरे से बाहर है ।स्थानीय लोगों से जानकारी के मुताबिक मलिकपुर पंचायत के वार्ड9में बिजली ट्रांसफार्मर से उठी चिंगारी से आग लगी थी ।इसी आग को बुझाने क्रम में निरंजन शर्मा नामक व्यक्ति झुलस गया ।अंचल निरीक्षक शमीम आलम ने कहा अग्निकांड में एक गैर आवासीय घर जल कर रख हुआ है ।घटना में एक व्यक्ति भी झुलस गया है ।ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से आग लगने की बात स्थानीय ग्रामीणों ने बताई है ।क्षति का आंकलन किया जा रहा है।

## गुजर गए दो वर्ष नहीं बन पाई पीडब्ल्यूडी से डेढ़ किलोमीटर तक की सड़क

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के अरिहाना पंचायत अंतर्गत स्टेट हाई वे-98 से हरिजन टोला को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण संवेदक की लापरवाही से अधर में लटका है ।कार्य आरंभ हुए दो वर्ष बीत जाने के बाद भी इस सड़क को अब तक पूर्ण नहीं किया गया है ।जिसके कारण बड़ी आबादी को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।अब संवेदक की लापरवाही के खिलाफ ग्रामीणों में भी काफी आक्रोश है ।ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्राणपुर विद्यालय निशा सिंह से की है ।सड़क निर्माण की जिम्मेदारी लक्की सिंहा कंस्ट्रक्शन नामक कंपनी की है ।1 करोड़ 44 लाख की राशि से उक्त सड़क का निर्माण17जनवरी 2021तक समाप्त करना था ।विभाग के कनीय अभियंता से भी इस सड़क निर्माण में हो रही बिलंब की शिकायत ग्रामीणों ने की है ।लोगों का कहना है ।कि आखिर डेढ़ किलोमीटर सड़क बनाने में संवेदक को और कितने साल लगेंगे ?या संवेदक इस कार्य के लायक नहीं

***दो वर्ष पूर्व दिवंगत पूर्व मंत्री नें रखी थी।आधारशिला :-***

ज्ञात हो कि दो वर्ष पूर्व प्राणपुर के निवर्तमान दिवंगत विधायक व सरकार में मंत्री रहे विनोद कुमार सिंह नें किया था ।लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना अंतर्गत डेढ़ करोड़ की लागत से होना है ।शिलान्यास के बाद क्षेत्र की बड़ी आबादी नें राहत की सांस ली थी ।पर कार्य आरंभ हुए दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण पूर्ण नहीं किया जाना संवेदक की मनमानी को दशार्ता है।

***पुल निर्माण कार्य अब तक आरंभ नहीं:-***

ज्ञात हो उक्त सड़क के साथ 4 छोटे बड़े पुल का भी निर्माण किया जाना है ।पर अब तक पुल निर्माण केलिए किसी भी तरह की कोई पहल नहीं की गई है ।अब ऐसे में बरसात से पहले उक्त सड़क के पूर्ण होने की संभावना कम ही लग रही है ।ज्ञात हो कि उक्त सड़क बड़ी आबादी को मुख्य सड़क से जोड़ती है ।इस महीने के बाद बरसात का भी आगमन होगा ।फिर दर्जनों गांव के लोगों को अबकी फिर आवागमन की समस्या झेलने की मजबूरी होगी।

## डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष बने विकास कुमार यादव



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। प्राणपुर प्रखंड मुख्यालय के सभा कक्ष के प्रागंण में मंगलवार को सज्जन कुमार भगत की अध्यक्षता में डीलर संघ के प्रखंड कमेटी गठन हेतु क्षेत्र के सभी डीलरों की बैठक आयोजित की गई ।उक्त बैठक जिला महामंत्री इंद्रा सिंहा जिला सचिव संजीव कुमार जिला संगठन सचिव राजीव कुमार पूर्वे जिला कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कुमार सिंह उपस्थित हुए ।सर्व प्रथम बैठक में फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन का सदस्यता ग्रहण कराया गया ।डीलर प्रखंड कमेटी का गठन जिला महामंत्री सिंहा ने आरंभ किया गया ।सभी डीलरों ने सर्वसम्मति से वोटिंग के माध्यम चुनाव कराने का निर्णय लिया ।अध्यक्ष पद के लिए दो व सचिव दो एवं कोषाध्यक्ष के दो उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया ।अध्यक्ष पद के लिए विकास कुमार यादव को 32 मत तथा तारणी प्रसाद रजक को-31 मत प्राप्त हुआ एक मत से विकास कुमार यादव को डीलर संघ प्रखंड अध्यक्ष पद के लिए विजयी घोषित किया गया ।वहीं दूसरी ओर सचिव पद के लिए सैदय अमन अजमेरी को -38 मत तथा कन्हैया प्रसाद सिंह को -25 मत प्राप्त हुआ ।तेहर मत से सैयद अमन अजमेरी को सचिव पद के लिए विजयी घोषित किया गया ।जबकि कोषाध्यक्ष पद के लिए अंसार आलम को -36 मत तथा दिनेश प्रसाद मंडल को -27 मत प्राथमिकी हुआ इस प्रकार नौ मत से अंसार आलम को कोषाध्यक्ष पद हेतु विजयी घोषित किया गया ।इस दौरान डीलर सुशांत भगत,भोला उपाध्याय, मोहम्मद सज्जाद,मोहम्मद शाहरूल, सराफत, प्रमोद पासवान सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## मदरसा बोर्ड की परीक्षा शुरू 17 तक चलेगी



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। मदरसा बोर्ड का आठवीं स्तरीय वस्तानिया की वार्षिक परीक्षा 13 से 17 मार्च तक चलने वाली परीक्षा रविवार से शुरू हो गई है। हसनगंज प्रखंड स्थित मदरसा बहरुल उलूम इटवा और मदरसा दारुल होदा चापी में कदाचार मुक्त वातावरण में पहले तीसरे की परीक्षा संपन्न हुई। मदरसा बहरुल उलूम इटवा के हेड मौलवी मो यासीन और सहायक शिक्षक मो मुस्तफा ने बताया कि बोर्ड के निर्देश पर शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए समुचित संख्या में वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। शांतिपूर्ण परीक्षा में मदरसा प्रशासन सक्रिय नजर आया। मदरसा दारुल होदा चापी के हेड मौलवी मो मकसूद ने कहा वर्ग आठ वास्तनिया की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि करोना कॉल को लेकर मदरसा काफी दिनों तक बंद रहा। बड़ी इंतजार के बाद बच्चों को परीक्षा देने का मौका मिला है। बच्चों की उमंग चरम पर है। इस अवसर पर मो खालिक, मो शाहबुद्दीन, नूहआलम सहीद मदरसा के सभी मौलवी और शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## कलयुगी माँ ने अपने जिगर के टुकड़े को झड़ी में फेंका

### ग्रामीणों ने किया चाइल्ड लाइन कटिहार के हवाले

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। फलका प्रखण्ड के फुलडोभी गांव में एक कलयुगी मा ने ममता को शर्मशार करते हुवे अपने जिगर के टुकड़े को झाड़ी में फेंक कर फरार हो गयी दूसरे दिन जब ग्रामीणों ने बच्चे के रोने की आवाज सुना तो गांव में यह बाते आग की तरह फैल गया नवजात को देखने के लिए लोगो की भीड़ इकट्ठा हो गया तब जाकर गांव वालों ने चाइल्ड लाइन को सूचना दिया सूचना पा कर चाइल्ड लाइन के लोगो नवजात को अपने साथ ले गया प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलडोभी गांव में रविवार की रात एक कलयुगी मा ने अपने नवजात बेटी को चुपके से झाड़ी फेक दिया था सोमवार की सुबह जब गांव के लोग झाड़ी में बच्चे की रोने की आवाज सुना तो गांव में आकर हल्ला किया लिहाजा नवजात को देखने के लिए लोगो की भीड़ जुट गई गांव के ही एक महिला ने नवजात को अपने साथ गांव लेकर गयी सुबह ग्रामीणों ने चाइल्ड लाइन कटिहार को सूचना दिया सूचना मिलते ही चाइल्ड लाइन के पदाधिकारी प्रदीप कुमार ,व विनीता कुमारी मौके पर पहुंच कर कागजी खाना पूर्ति कर नवजात को अपने साथ ले लिया सर्व प्रथम नवजात को फलका समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर जांच कराया डॉक्टर आर के गिरी ने बताया कि नवजात स्वस्थ है डॉक्टर ने नवजात को कुछ दवाई दिए बहरहाल अभी भी बेटी होना एक अभिशाप है जो समाज के लिए एक तमाचा है इस कलयुगी मा के बारे जितना जुबान उतनी बाते हो रही थी यह मामला प्रखण्ड में सभी लोगो के लिए चर्चा का विषय बना हुआ है।

## थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में कई जगहों पर शांति समिति की बैठक संपन्न



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। साठी होली और शबेबरात को लेकर शांति समिति की बैठक मंगलवार को थाना क्षेत्र के भगवना मुशहरवा परोरहा सहित कई जगहों पर किया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए थानाध्यक्ष उदय कुमार ने लोगों से शांति पूर्ण ढंग से आपसी भाईचारा बनाए रखते हुए होली और शोबेबरात मनाने की अपील की थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि होलिका दहन और होली बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है जबकि शोबेबरात एक दूसरे का सुख दुख बांटने का प्रतीक माना गया है इस बीच भगवान गांव में होलिका दहन को लेकर दो पक्षों में उपजे विवाद को आपसी सहमति से स्थल का चयन कर समाधान करा दिया गया वहीं थाना अध्यक्ष के साथ पहुंचे दरोगा अरविंद सिंह ने लोगों से कहा कि आज तक शांति समिति की बैठक थाने पर होती आई है लेकिन इस बार हमारे थानाध्यक्ष ने यह निर्णय लिया कि हम गांव में पहुंचकर शांति समिति की बैठक करें ताकि जनता अपनी बात निडर होकर सबके सामने रख सके और हम लोग आपसी सहमति से इसका समाधान निकाल सके क्योंकि थाने पर बैठक में कुछ लोग अपनी बात नहीं रख पाते थे उन्होंने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की बात कही मौके पर जमादार भुपेस सिंह पुलिस बल और गणमान्य लोगों के साथ गांव के महिला और बच्चे भी मौजूद रहे और लोगों ने थानाध्यक्ष के इस कार्य की काफी सराहना की।

## भू-सर्वेक्षण की सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी ने दी जानकारी



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा राज्य सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा भू सर्वेक्षण किया जाना है। इस सिलसिले में ठकराहा पंचायत सरकार भवन में एक आमसभा का आयोजन किया गया। ठकराहा सीओ राहुल कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वी० सर्वे० सहायक बंदोबस्त अधिकारी अनंत कुमार एवं विशेष सर्वेक्षण कानूनगो .निधि पांडे एवम मनोरंजन सिंह एवं विशेष सर्वेक्षण अमीन अभियंता सुजीत कुमार पंडित,कपिल देव शर्मा,विशेष सर्वेक्षण लिपिकः दीपक कुमार रंजन, विधायक प्रतिनिधि रविंद्र तिवारी,मुखिया प्रतिनिधि बिरेंद्र तिवारी, वार्ड सदस्यगण ताजरून खातून,शरदा राम, अमर तिवारी,संदीप कुमार साह,गोविंद कुमार गौतम सहित ग्रामीण व किसान मौजूद रहे।आम सभा में जमीन के सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त संबंधी मुद्दे पर चर्चा की गई। विशेष सर्वेक्षण को लेकर सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी अनंत कुमार ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों व किसानों के जमीन से जुड़े विवादों को खत्म कर कागजातों को व्यवस्थित करना है। पुराने नक्शे से वर्तमान नक्शे का मिलान कर जानकारी अद्यतन की जाएगी व इसे ऑनलाइन कर दिया जाएगा। ताकि यदि कभी बाढ़ या आपदा में कागजात नष्ट भी हो जाए तो डिजिटल रूप से एक दस्तावेज सुरक्षित रहे।।

## थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। लौरिया थाना परिसर में होली व शबेबरात को लेकर शांति समिती की बैठक सम्पन्न हुयी अध्यक्षता करते हुये थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने बताया कि होली मे डी जे नही बजेगा किसी को नाराज कर रंग नही खेलें उन्होंने उपस्थित गणमान्य व जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र मे होली पर निगरानी वाले क्षेत्रों की वृहत जानकारी ली उन्होंने कुछ चुने हुये क्षेत्र में स्वयं जाकर स्थिति समझने की बात बतायी उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र आपका है अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना केवल मेरी नहीं आपकी भी जिम्मेवारी है आप भी सहयोग करे और जहां मेरी जरुरत हो बतावे हम सदैव सेवा में तैयार रहेंगे उन्होंने बताया कि ऐसे तो शराब मिलना मुश्किल है लेकिन अगर आपको कही पता चले कि कोई शराब बेच रहा है या पी रहा है तो हमे इसकी सुचना अवश्य दें मौके पर पूर्व जिला पार्षद मदन ठाकुर मुखीया संजय पाठक सरपंच बंडुल खा गोबिन्द प्रसाद दीनानाथ ठाकुर कमल पाण्डेय सहीत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### होली में नहीं बजेगी डीजे, हुड़दंग करने वालों पर होगी कार्रवाई -सीओ




मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा थाना परिसर में मंगलवार को होली व शब–ऐ–बरात को शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर सीईओ अमित कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उपस्थित जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व आम जनता को संबोधित करते हुए सीओ ने कहा कि डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगी। डीजे बजाने वालों पर होगी प्राथमिकी। बैठक में सीओ व थानाध्यक्ष ने सभी गांवों में शराब पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि होली में शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। शांति समिति की बैठक में भाग लेने वालों में जिला पार्षद पूनम कुमार, मुखिया छोटन साह, रानू मिश्रा, अरविंद महतो, सरपंच शीशफूल यादव, गुड्डू कुमार कुशवाहा, रमेश प्रसाद आर्य, विक्रमा चौधरी, नौशाद आलम, गोपी यादव, बैजनाथ यादव, आफताब आलम, रामस्नेही चौरसिया, सोवालाल महतो, भूषण पांडेय, नंदकिशोर चौरसिया, विकास कुमार सिंह आदि शामिल थे।

### एमडीएम के चावल में हेराफेरी करने के आरोप में एक को जेल

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा थाना क्षेत्र के अमोलवा गांव निवासी राजीव रंजन वर्मा को अवैध ढंग से मध्याह्न भोजन का चावल अपने घर में रखने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। विदित हो कि गौनाहा गोदाम से मार्च 2021 में एमडीएम का चावल लादकर विद्यालय को भेजा गया था। परंतू एमडीएम का चावल विद्यालय में नही भेज कर राजीव रंजन वर्मा के घर पर रखा गया था। ग्रामीणों के शिकायत पर एमडीएम प्रभारी व प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी आशिफ एकबाल द्वारा 25 मार्च 2021 को जांच प्रतिवेदन भेजा गया। जांच में राजीव रंजन वर्मा के घर में एमडीएम का चावल पकड़ा गया। थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि 7 एसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। यही कारण हैं कि राजीव रंजन वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया हैं।

### माधोपुर पैक्स के प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा माधोपुर पैक्स के प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए बीसीओ मृत्युंजय तिवारी ने बताया कि प्रखंड कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रारूप मतदाता सूची को चिपका दिया गया है। अगर किसी व्यक्ति को प्रारूप मतदाता सूची में किसी प्रकार की दावा/आपत्ति दाखिल करना हो तो वे 12 मार्च से 23 मार्च तक कर सकते है। उन्होंने बताया कि दावा/आपत्ति प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में दाखिल किया जाएगा। माधोपुर पैक्स में कुल मतदाताओं की संख्या 700 है। बीडीओ अजय प्रकाश राय ने बताया कि दावा/आपत्ति के निष्पादन के उपरांत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 25 मार्च को की जाएगी।

### क्वीन क्लासिक देशी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार गया जेल



मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। भितहा होली पर्व के मद्देनजर भितहा पुलिस ने शराब व शराब कारोबारियों के खिलाफ लगतार चलाए जा रहे छापेमारी अभियान के तहत रविवार की संध्या मे गस्ती के दौरान छापेमारी घर पर किया गया क्वीन क्लासिक देशी शराब का दस बोतल दो सौ ग्राम का कुल 2 लिटर बरामद किया गया। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शाहिद अनवर अंसारी ने बताया कि बिहार और यूपी के सीमा को जोड़ने वाली मार्गो पर पुलिस की तैयनात है। वही उन्होंने कहाँ की क्वीन क्लासिक देशी शराब 2 लीटर के साथ शम्भु गोड पिता शिवपुजन गोड ग्राम बैरटवा थाना भितहा जिला प. चम्पारण को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैं। उक्त शराब कारोबारियों पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। वही भितहा थाना कांड संख्या-52/2022 कायम कर गिरफ्तार शम्भू गोंड़ को बगहा जेल भेजा गया।

## पुलीस वर्दी पहन रक्षक बना भक्षक ठगी मामले में दो सिपाही सहित चालक गिरफ्तार

### वर्दी पर ऐसा बदनुमा दाग लगा कि पुलिस महकमा भी हुआ शर्मसार

» मदरलैंण्ड संवाददाता



बेतिया। मझौलिया पुलिस ने ठगी के मामले में दो सिपाही व स्कार्पियो चालक को गिरफ्तार कर मेडिकल जांचों उपरांत जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि महनवा रमपुरवा गांव निवासी कन्हैया कुमार की आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 171/22 दर्ज की गई थी जिसमें धारा 356,379 भा.द.वि. दर्ज की गई थी।

अनुसंधान के क्रम में ज्ञातव्य हुआ कि इस मामले में जो स्कॉर्पियो से सिपाही आए हुए थे वो असल में मोतिहारी जिला में पदस्थापित सिपाही राकेश कुमार जिनका बैच नंबर 2368 जिनका गृह जिला लखीसराय तथा सिपाही सतेंद्र कुमार जिनका बैच नंबर 692 है इनका गृह जिला रोहतास है।ये दोनों मोतिहारी जिला में पदस्थापित है।

इन दोनों के द्वारा पूर्व से हीं ठगी का कार्य किया जा रहा था। इनके साथ स्कार्पियो चालक सुगौली थाना के राजा हुसैन भी गिरफ्तार हुए हैं। इन तीनों को मझौलिया पुलिस ने मेडिकल जांचों उपरांत जेल भेज दिया। गौरतलब है कि बेतिया मनु आपुल थाना क्षेत्र के खैरटिया गांव निवासी पूर्व का शातिर ठग सत्येंद्र बाबा से इन लोगो की साठ गांठ थी।

## उर्वरकों के सही प्रयोग के लिए कृषक गोष्ठी का आयोजन, मिट्टी जांच करवाने पर फोकस



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेगूसराय। कृषि विज्ञान केन्द्र खोदावंदपुर में मंगलवार को कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया.जिसमें किसानों को उर्वरकों के सही प्रयोग के बारे में बताया गया.और मिट्टी जांच के लिए किसानों को जागरूक किया गया. कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉ रामपाल ने मौके पर बताया कि आज किसान अपने खेतों में उर्वरकों का बेहिसाब प्रयोग करते हैं.अधिक उपज की चाहत में जरूरत से ज्यादा उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी बंजर हो जाती है.इसके लिए यह जरूरी है कि फसल की जरूरत के अनुरूप उर्वरकों का प्रयोग किया जाए.उर्वरकों के सही प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है.उन्होंने बताया कि मिट्टी में मौजूद तत्वों के अनुरूप फसल लगायी जानी चाहिए. परंतु जानकारी के अभाव में किसान ऐसा नहीं कर पाते.एक ही फसल को बार बार लगाये जाने से भी उर्वराशक्ति छीन होती है.इसलिए फसल चक्र के तरीके से खेती किया जाना चाहिए.उन्होंने बताया कि किसान फसल लगाने से पहले मिट्टी के नमूने की जांच करवा लें.यह सुविधा कृषि विज्ञान केन्द्र में उपलब्ध है.मिट्टी जांच के बाद उसके अनुरूप फसल लगाने से पायदावार अच्छी होगी और किसानों को ज्यादा मुनाफा होगा.मौके पर कृषि वैज्ञानिक डॉ मुकेश कुमार ने मिट्टी जांच के तौर तरीको के बारे में विस्तार से बताया.

बताते चलें कि यह कार्यक्रम हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रासायनिक लिमिटेड बरौनी के द्वारा आयोजन किया गया था.इस कार्यक्रम में कंपनी के वरीय प्रबंधक अजीत सिंह एवं सहायक प्रबंधक मनीष कुमार ने यूरिया की उपयोगिता पर प्रकाश डाला.

## हिजाब विवाद: कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के बाद बिहार में राजनीति शुरू

- मंत्री जमा खान ने कहा कि हमे अम्बेडकर के लिखे संविधान पर विश्वास
- कांग्रेस ने हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही
- भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने इसके लिए कोर्ट को बधाई दी

पटना, एजेंसी। हिजाब पहनने को लेकर देश में चल रहे विवाद के बीच कर्नाटक हाईकोर्ट ने हिजाब को इस्लाम धर्म के अनुसार अनिवार्य नहीं बताया है। इस मुद्दे पर दायर सभी याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि कोई भी छात्र-छात्रा शिक्षण संस्थानों के यूनिफार्म को पहनने से मना नहीं कर सकता है, क्योंकि हिजाब पहनना इस्लाम धर्म में अनिवार्य नहीं है। वहीं कोर्ट के फैसले के बाद बिहार में भी राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने इसके लिए कोर्ट को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मजहबी ड्रेस स्कूल, कॉलेज या कहीं का यूनिफार्म नहीं हो सकता। वहीं दूसरी तरफ जदयू विधायक और बिहार सरकार के मंत्री जमा खान ने कहा कि हम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के लिखे संविधान पर विश्वास करते हैं। कांग्रेस ने हाईकोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट जाने की बात कही है।

कांग्रेस विधायक शकील अहमद खान ने कहा कि देश की अलग-अलग हिस्से की महिलाएं घूंघट करती है, ये हमारा ट्रेडिशन है और हमारे ट्रेडिशन पर रोक लगाना भाजपा का कुठाराघात है। कर्नाटक हाईकोर्ट में इस मामले में कई याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने सभी याचिका को खारिज करते हुए आदेश दिया कि स्कूल कॉलेज में यूनिफार्म पहनने से कोई छात्र-छात्रा मना नहीं कर सकते हैं।

## बिहार विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच तल्खियां बढ़ीं

पटना, एजेंसी। बिहार में सत्तासीन गठबंधन के बीच सब-कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा पर संविधान के खिलाफ काम करने का आरोप लगाया था। इसके बाद तल्खी कुछ इस कदर बढ़ी कि मंगलवार को ना नीतीश कुमार सदन में आए और ना ही विधानसभा अध्यक्ष। दोनों अपने चैंबर में बैठे रहे और सदन में विपक्षी दल नीतीश कुमार से माफी की मांग पर हंगामा करते रहे।



दरअसल, सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा के बीच तीखी नोकझोंक हुई। लखीसराय मामले पर विधानसभा में आए दिन हो रहे हंगामे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आपत्ति जताई थी और स्पीकर विजय सिन्हा से यहां तक कह दिया कि यह सदन चलाने का तरीका नहीं है। संविधान उठाकर देखिए। जिस तरह से सदन चलाया जा रहा है वह संविधान का उल्लंघन है। जिसके बाद सदन के अंदर विपक्ष नीतीश कुमार के माफी की मांग पर अड़ गया और जमकर हंगामा करना लगा। जिसके चलते सदन को दो बार स्थगित करना पड़ा।

इसके बाद मंगलवार को ना तो अध्यक्ष अपनी कुर्सी पर दिखे ना ही नीतीश कुमार। फि लहाल इस मुद्दे पर जारी गतिरोध को खत्म करने के लिए भाजपा और जनता दल यूनाइटेड, दोनों के नेता माथापच्ची कर रहे हैं लेकिन इस पूरे विवाद से नीतीश कुमार और विजय सिन्हा के ऊपर सवाल उठ रहे हैं।

इससे पहले सीएम नीतीश के बयान पर विधानसभा अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा था कि पुलिस के द्वारा लखीसराय की घटना पर खानापूर्ति की जा रही है। जहां तक संविधान की बात है, तो मुख्यमंत्री जी आप हमसे ज्यादा जानते हैं। मैं आपसे सीखता हूं। जिस मामले की बात हो रही है। उसके लिए तीन बार सदन में हंगामा हो चुका है। मैं विधायकों का अभिरक्षक हूं। मैं जब भी क्षेत्र में जाता हूं तो लोग सवाल पूछते हैं कि थाना प्रभारी और डीएसपी की बात नहीं कह पा रहे हैं। आसन को हतोत्साहित करने की बात ना हो। सरकार गंभीरता से इस पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। आप लोगों ने ही मुझे विधानसभा अध्यक्ष बनाया है।

## थरुहट क्षेत्र के विभिन्न गांवों में मशरूम, बासमती, आनंदी चावल उत्पादन का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

- उत्पादकों, किसानों से जिलाधिकारी ने की विस्तृत वार्ता
- अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने का निदेश

» मदरलैंण्ड संवाददाता





बेतिया। जिलाधिकारी कुंदन कुमार द्वारा थरुहट इलाके के विभिन्न गाँवों यथा- हरनाटांड़, मिश्रौली संतपुर सोहरिया सहित अन्य गांवों का भ्रमण किया गया। इस दौरान मशरूम उत्पादन सहित आनंदी/बासमती चावल उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन करने वाले लोगों से वार्ता की गई एवं उनसे विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई।

जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि मशरूम उत्पादन सहित आनंदी/बासमती चावल उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करें ताकि इनलोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके तथा ये लोग आत्मनिर्भर हो सके। उन्होंने निदेश दिया कि संबंधित योजनाओं का आमजन के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही ऐसा प्रयास किया जाय कि इच्छुक व्यक्तियों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े, उन्हें हरसंभव मदद पहुँचायी जाय।

जिला उद्यान पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बगहा-02 प्रखंड अंतर्गत संतपुर सोहरिया पंचायत के संतपुर ग्राम में महेश काजी, सतेंद्र सिंह, प्रियंका देवी एवं अन्य ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन हेतु प्रोत्साहित करते हुए शहद उत्पादन के लिए आवश्यक संसाधन समेत रानी मक्खी उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष इस गांव में समूह में कृषकों द्वारा मधुमक्खी पालन का शुरूआत किया गया है। विभाग से इन कृषकों को मुख्यमंत्री बागवानी मिशन के मधुमक्खी पालन योजना के तहत अनुदानित दर पर मधुमक्खी के बक्से उपलब्ध करवाया गया है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को सरकारी संस्थान से कम से कम 03 दिवसीय प्रशिक्षण का होना अनिवार्य है। इन कृषकों को कृषि विज्ञान केंद्र, माधोपुर की सहायता से प्रशिक्षण दिया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा मधुमक्खी पालन स्थल पर जाकर जायजा लिया गया तथा मधुमक्खी पालकों से इसके विषय में पूरी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने उनसे शहद उत्पादन बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया ताकि थरूहट के अन्य उत्पादनों के साथ यहां के शहद को भी देश के अन्य हिस्सों में भी भेजा जा सके।

उन्होंने चावल उत्पादक महिला-पुरूष किसानों से भी बात की और बासमती चावल और आनंदी चावल के बारे में पूरी जानकारी हासिल की। उन्होंने किसानों से कहा कि बासमती और आनंदी थरूहट की पहचान है, इसलिए इसकी खेती परंपरागत तरीकों से करें ताकि पहचान कायम रहे। उन्होंने कहा कि थरूहट के समग्र विकास के लिए सरकार एवं जिला प्रशासन हमेशा तत्पर और कृतसंकल्पित है और इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। थरूहट के लोगों को जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग दिया जायेगा ताकि उनका विकास हो और उनके विभिन्न उत्पादन को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार, एसडीएम, बगहा, दीपक मिश्रा, डीसीएलआर, मो0 इमरान सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लॉन्च की अपनी बहुप्रतीक्षित हैचबैक - 'कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा'

कुरुक्षेत्र, 15 मार्च 2022: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज हैचबैक सेगमेंट में अपनी सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित पेशकश - द कूल न्यू ग्लैंजा को लॉन्च करने की घोषणा की। भारत में टोयोटा की सबसे किफायती पेशकश, कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा अतिरिक्त किफायती वेरिएंट, उन्नत सुविधाओं, गतिशील लुक, स्पोर्टी डिजाइन और रखरखाव की कम लागत के साथ ग्राहकों को जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो इसे इस सेगमेंट में एक आदर्श मूल्य प्रस्ताव बनाती है। बहुप्रतीक्षित हैचबैक को आज एक वर्चुअल इवेंट में लॉन्च किया गया, जिसमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के कार्यकारी उपाध्यक्ष, बिक्री और ग्राहक सेवा - श्री तदाशी असजुमा, और श्री अतुल सूद, एसोसिएट उपाध्यक्ष, बिक्री और रणनीतिक विपणन शामिल थे। टीकेएम में। टोयोटा की कूल न्यू ग्लैंजा के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए श्री तदाशी असाजुमा,




कार्यकारी उपाध्यक्ष - बिक्री और ग्राहक सेवा, टीकेएम ने कहा, ह्लइन पिछले कुछ वर्षों में ग्लैंजा ने भारत में कई दिल जीते हैं। और फिर से कूल न्यू ग्लैंजा के साथ, हम अपने ग्राहकों द्वारा एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में पहचाने जाने पर प्रसन्न हैं, जिन्होंने इस नई कार को अच्छी संख्या में बुक करना शुरू कर दिया है। टोयोटा के डिजाइनरों द्वारा विशेष रूप से डिजाइन किए गए कूल न्यू ग्लैंजा में टोयोटा की सिग्नेचर स्टाइलिंग और स्पोर्टीनेस है। हमारा मानना है कि यह उन ग्राहकों के लिए एकदम सही विकल्प है जो एक स्टाइलिश, तकनीक से लदी, सुरक्षित और आरामदायक कार की तलाश में हैं। नई ग्लैंजा में इस्तेमाल की गई उन्नत कनेक्टेड तकनीक टोयोटा की घरेलू तकनीक- टोयोटा आई-कनेक्ट है, जिसे स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच के माध्यम से सक्षम किया जा सकता है और 45 प्लस सुविधाओं से पूरी तरह भरी हुई है। हमारे सभी डीलरशिप पर ह्यहार्ट टचिंग गेस्ट एक्सपीरियंसह्ल जो शानदार नई ग्लैंजा को और भी शानदार बनाता है। नई ग्लैंजा गुणवत्ता और सेवा के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहकों के एक नए सेट के लिए एक सुखद स्वामित्व अनुभव के लिए ले जाती है, इस प्रकार ह्लसभी को सामूहिक खुशीह्ल प्रदान करती है। उन्नत तकनीक और टोयोटा सिग्नेचर फ्रंट प्रावरणी का एक अच्छा एकीकरण, विशेष रूप से टोयोटा इंजीनियरों द्वारा डिजाइन किया गया, कूल न्यू ग्लैंजा एक उन्नत कनेक्टेड फीचर का दावा करता है, टोयोटा आई-कनेक्ट- कनेक्टेड सुविधाओं, सेवाओं और मूल्य वर्धित के वन स्टॉप समाधान के साथ एक ऐप। सेवाओं को आधुनिक और तकनीक-प्रेमी ग्राहकों के लिए अपील करने के लिए विकसित किया गया है।

# वीवो का स्मार्टफोन वॉय 33 टी के नए कलर वेरिएंट में लांच

मुंबई, एजेंसी। वीवो ने अपने पॉप्युलर स्मार्टफोन वॉय 33 टी के नए कलर वेरिएंट सेट्री गोल्ड को लांच किया है। कंपनी ने फोन को मिरर ब्लैक और मिडडे ड्रीम कलर ऑप्शन में लांच किया था। वीवो का यह फोन नए कलर ऑप्शन में काफी प्रीमियम लग रहा है। 8 जीबी रैम और 128 जीबी के इंटरनल स्टोरेज के साथ आने वाले इस फोन की कीमत 18,990 रुपये है। फोन में कंपनी 50 मेगापिक्सल के प्राइमरी कैमरा के साथ कई और जबर्दस्त फीचर दे रही है।



फोनमेंकंपनी1080गुणा2408 पिक्सल रेजॉलूशन के साथ 6.58 इंच का फुल एचडी प्लस डिस्प्ले ऑफर कर रही है। यह डिस्प्ले 90 एचजेड के रिफ्रेश रेट और 90.6 प्रतिशत के स्क्रीन-टू-बॉडी रेशियो के साथ आता है। फोन में मिलने वाला डिस्प्ले वॉटरड्रॉप नॉच डिजाइन और थिक बेजल्स के साथ आता है। वीवो का फोन 8 जीबी रैम और 128जीबी के इंटरनल स्टोरेज से लैस है।

4जीबी तक के एक्सटेंडेड रैम फीचर के साथ आने वाले इस फोन में प्रोसेसर के तौर पर स्नैपड्रैगन 680 चिपसेट दिया गया है।फोटो के लिए फोन में एलईडी फ्लैश के साथ ट्रिपल रियर कैमरा सेटअप दे रही है। इसमें 50 मेगापिक्सल के प्राइमरी लेंस के साथ एक 2 मेगापिक्सल का डेप्थ लेंस और एक 2 मेगापिक्सल का मैक्रो स्नैपर दिया गया है।

सेल्फी के लिए कंपनी इस फोन में 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दे रही है। साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर से लैस इस फोन में 5000 एमएएच की बैटरी दी गई है। यह बैटरी 18 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोन में कंपनी ड्यूल बैंड वाई-फाई, ब्लूटूथ 5.0, जीपीएस, 3.5एमएम हेडफोन जैक और यूएसबी टाइप-सी पोर्ट जैसे ऑप्शन दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### टोयोटा किर्लोस्कर ने नई ग्लांजा बाजार में पेश की

नई दिल्ली, एजेंसी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने प्रीमियम हैचबैक गाड़ी ग्लांजा का नया संस्करण भारतीय बाजार में पेश किया है, जिसकी शुरूआती कीमत 6.39 लाख रुपए रखी गई है। इस मॉडल में 1197 सीसी का पेट्रोल इंजन है और यह मैनुअल तथा ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प दोनों में उपलब्ध है। ग्लांजा के पांच स्पीड वाले मैनुअल संस्करण की कीमत 6.39 लाख रुपए से 9.19 लाख रुपए के बीच है जबकि ऑटोमैटिक संस्करण की कीमत 7.79 लाख रुपए से 9.69 लाख रुपए के बीच है। इसकी अन्य खासियतों में छह एयरबैग, एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, हिल होल्ड कंट्रोल, हेड-अप डिस्प्ले, 360 डिग्री कैमरा और नौ इंच का स्मार्ट प्ले कास्ट शामिल है। टीकेएम के कार्यकारी उपाध्यक्ष तदाशी असाजुमा ने कहा कि यह विशेषतौर पर उन लोगों के लिए है जो स्टाइल और आधुनिक तकनीक वाली सुरक्षित तथा आरामदायक कार चाहते हैं। टोयोटा ग्लांजा 2019 में बाजार में आई थी। अब तक कंपनी ने घरेलू बाजार में 66,000 से अधिक ग्लांजा कारें बेची हैं।

### मारुति सुजुकी के 10 लाख सीएनजी वाहन बिके

नई दिल्ली, एजेंसी। कार बनाने वाली प्रमुख कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि उसके सीएनजी श्रेणी के वाहनों की कुल बिक्री का आंकड़ा 10 लाख इकाई को पार कर गया है। अभी कंपनी के पास निजी और वाणिज्यिक श्रेणी के नौ एस-सीएनजी वाहन हैं जिनमें आल्टो, एस-प्रेसो, वैगनआर, सेलेरियो, डिजायर, अर्टिगा, इको, सुपर कैरी और टूर-एस शामिल हैं। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी केनिचि अयूकावा ने एक बयान में कहा कि हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को सुरक्षित, भरोसेमंद, स्वच्छ, आधुनिक तकनीक वाले और पर्यावरण अनुकूल वाहनों की पेशकश करना है। हमारी एस-सीएनजी रेंज को भारत में वाहन चालन की परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन, विकसित और विनिर्मित किया गया है।

### आठ सहकारी बैंकों पर 12.75 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामकीय अनुपालन में कमियों के लिए आठ सहकारी बैंकों पर 12.75 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। केंद्रीय बैंक ने खुलासा मानकों एवं वैधानिक, अन्य प्रतिबंध यूसीबी के तहत निदेशों का पालन न करने के लिए नबापल्ली सहकारी बैंक लिमिटेड (पश्चिम बंगाल) पर चार लाख रुपए का जुमार्ना लगाया है। बघाट शहरी सहकारी बैंक लिमिटेड (हिमाचल प्रदेश) पर तीन लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने मणिपुर महिला सहकारी बैंक लिमिटेड (मणिपुर), यूनाइटेड इंडिया सहकारी बैंक लिमिटेड (उप्र), जिला सहकारी केंद्रीय बैंक (नरसिंहपुर), अमरावती मर्चेंट सहकारी बैंक लिमिटेड (अमरावती), फैज मर्केंटाइल सहकारी बैंक लिमिटेड (नासिक) और नवनिर्माण सहकारी बैंक लिमिटेड (अहमदाबाद) पर भी जुमार्ना लगाया गया है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे मजबूत

मुंबई, एजेंसी। रूस और यूक्रेन संकट का समाधान निकलने की संभावनाओं के दौरान वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने से रुपया मंगलवार को शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे चढ़कर 76.33 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और घरेलू शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव का रूख रहने के कारण रुपए की बढ़त सीमित रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 76.40 पर मजबूत खुला। फिर यह पिछले बंद भाव के मुकाबले 21 पैसे की बढ़त दर्ज करते हुए 76.33 के स्तर पर आ गया। पिछले सत्र में रुपया 76.54 प्रति डॉलर के स्तर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दशार्ने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत की गिरावट के साथ 98.89 पर आ गया।


### आधार लिंक की आखिरी तारीख 31 मार्च, नहीं तो देना होगा 1000 जुर्माना

मुंबई, एजेंसी। सरकार ने आपके पैन और आधार को लिंक कराने की आखिरी तारीख 31 मार्च घोषित की है। यदि आप ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो आपको लेट फाइन के रूप में 1000 रुपए का भुगतान करना होगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि आपके पैन और आधार को लिंक करके, सरकार आपके वित्तीय लेनदेन का आसानी से पता लगा सकेगी, धोखाधड़ी और टैक्स से बचाव को रोक सकेगी। आपके पैन को आधार कार्ड से लिंक करने की समय सीमा सरकार द्वारा कई बार बढ़ाई जा चुकी है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अनुसार स्थायी खाता संख्या (पैन) कार्डधारकों को आखिरी तारीख से पहले 31 मार्च तक अपने आधार कार्ड नंबर को लिंक करना होगा। मौजूदा कानूनों के तहत, अपने पैन को अपने आधार नंबर से जोड़ना अनिवार्य है। इसके अलावा, आयकर रिटर्न दाखिल करते समय अपने आधार नंबर को उद्धृत करना अनिवार्य है और सरकार से पेंशन, छात्रवृत्ति, एलपीजी सब्सिडी, आदि जैसे मौद्रिक लाभ प्राप्त करने के लिए भी यह जरूरी है।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

मुंबई, एजेंसी। मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में यह गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयरों के नीचे आने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 709.17 अंक करीब 1.26 फीसदी फिसलकर 55,776.85 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 208.30 अंक तकरीबन 1.23 फीसदी नीचे आकर 16,663 अंक पर पहुंच गया। इसके साथ ही पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी भी रुक गयी।


सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज , एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक के शेयरों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। वहीं दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी,




नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स और टाइटन के शेयर लाभ में रहे। बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति को लेकर होने वाली बैठक से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई है। इसके अलावा यूक्रेन पर हमले के बाद रूस पर गैस आयात की पाबंदी के साथ नए वित्तीय और व्यापार प्रतिबंधों से दुनिया के बाजारों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। वहीं शेयर बाजार के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने सोमवार को शुद्ध रूप से 176.52 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# रूस से सस्ता तेल खरीदने की तैयारी, पुतिन के प्रस्ताव पर विचार कर रही सरकार

मुंबई, एजेंसी। यूक्रेन पर हमला करने के बाद रूस चारों तरफ से घिर चुका है। कई देश उसके खिलाफ सख्त आर्थिक प्रतिबंध लगा चुके हैं। अमेरिका ने तो रूस के तेल एवं गैस को भी प्रतिबंधित कर दिया है, जबकि कई यूरोपीय देश ऐसा करने की तैयारी में हैं। बदले हालात में रूस अपने तेल और गैस समेत अन्य कमॉडिटीज के लिए नए बाजार तलाश रहा है। इसका सीधा फायदा भारत को मिलता दिख रहा है। रूस से मिले भारी डिस्काउंट ऑफर के बाद अब भारत उससे सस्ते में क्रूड ऑयल व अन्य कमॉडिटीज खरीदने की तैयारी में है। एक रिपोर्ट में दो भारतीय अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि रूस के डिस्काउंट ऑफर पर विचार किया जा रहा है। रूस से क्रूड ऑयल और कुछ अन्य कमॉडिटीज को डिस्काउंट पर खरीदने का



ऑफर मिला है। इसका भुगतान भी रुपया-रूबल ट्रांजेक्शन होगा। एक अधिकारी ने कहा कि रूस तेल और अन्य कमॉडिटीज पर भारी ऑफर दे रहा है। हमें उन्हें खरीदने में खुशी होगी। अभी हमारे साथ टैंकर, इंश्योरेंस कवर और ऑयल ब्लेंड को लेकर कुछ इश्यूज हैं। इन्हें सोल्व करते ही हम डिस्काउंट ऑफर एक्सेप्ट करने लगेंगे। रूस के ऊपर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद कई सारे इंटरनेशनल ट्रेडर रूस से तेल या गैस खरीदने से परहेज कर रहे हैं। हालांकि भारतीय अधिकारियों का कहना है कि ये प्रतिबंध भारत को रूस से ईंधन खरीदने से नहीं रोकते हैं। अधिकारी का कहना है कि रुपया-रूबल में व्यापार करने की व्यवस्था तैयार करने पर काम चल रहा है। इस व्यवस्था का इस्तेमाल तेल और अन्य चीजों को खरीदने में किया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि रूस कितना डिस्काउंट दे रहा है या डिस्काउंट पर कितना तेल ऑफर किया गया है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने लॉन्च की अपनी बहुप्रतीक्षित हैचबैक - 'कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा'

गुडगाँव (भारत), 15 मार्च 2022: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज हैचबैक सेगमेंट में अपनी सबसे रोमांचक और बहुप्रतीक्षित पेशकश - द कूल न्यू ग्लैंजा को लॉन्च करने की घोषणा की। भारत में टोयोटा की सबसे किफायती पेशकश, कूल न्यू टोयोटा ग्लैंजा अतिरिक्त किफायती वेरिएंट, उन्नत सुविधाओं, गतिशील लुक, स्पोर्टी डिजाइन और रखरखाव की कम लागत के साथ ग्राहकों को जीतने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो इसे इस सेगमेंट में एक आदर्श मूल्य प्रस्ताव बनाती है। बहुप्रतीक्षित हैचबैक को आज एक वर्चुअल इवेंट में लॉन्च किया गया, जिसमें टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के कार्यकारी उपाध्यक्ष, बिक्री और ग्राहक सेवा - श्री तदाशी असजुमा, और श्री अतुल सूद, एसोसिएट उपाध्यक्ष, बिक्री और रणनीतिक विपणन शामिल थे। टीकेएम में। टोयोटा की कूल न्यू ग्लैंजा के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए श्री तदाशी असाजुमा, कार्यकारी उपाध्यक्ष - बिक्री और ग्राहक सेवा, टीकेएम ने कहा, ह्लइन पिछले कुछ वर्षों में ग्लैंजा ने भारत में कई दिल जीते हैं। और फिर से कूल न्यू ग्लैंजा के साथ, हम अपने ग्राहकों द्वारा एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में पहचाने जाने पर प्रसन्न हैं, जिन्होंने इस नई कार को अच्छी संख्या में बुक करना शुरू कर दिया है। टोयोटा के डिजाइनरों द्वारा विशेष रूप से डिजाइन किए गए कूल न्यू ग्लैंजा में टोयोटा की सिग्नेचर स्टाइलिंग और स्पोर्टीनेस है। हमारा मानना है कि यह उन ग्राहकों के लिए एकदम सही विकल्प है जो एक स्टाइलिश, तकनीक से लदी, सुरक्षित और आरामदायक कार की तलाश में हैं। नई ग्लैंजा में इस्तेमाल की गई उन्नत कनेक्टेड तकनीक टोयोटा की घरेलू तकनीक- टोयोटा आई-कनेक्ट है, जिसे स्मार्टफोन या स्मार्टवॉच के माध्यम से सक्षम किया जा सकता है और 45 प्लस सुविधाओं से पूरी तरह भरी हुई है। हमारे सभी डीलरशिप पर ह्यहार्ट टचिंग गेस्ट एक्सपीरियंसह्ल जो शानदार नई ग्लैंजा को और भी शानदार बनाता है। नई ग्लैंजा गुणवत्ता और सेवा के लिए टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहकों के एक नए सेट के लिए एक सुखद स्वामित्व अनुभव के लिए ले जाती है, इस प्रकार ह्लसभी को सामूहिक खुशीह्ल प्रदान करती है।

उन्नत तकनीक और टोयोटा सिग्नेचर फ्रंट प्रावरणी का एक अच्छा एकीकरण, विशेष रूप से टोयोटा इंजीनियरों द्वारा डिजाइन किया गया, कूल न्यू ग्लैंजा एक उन्नत कनेक्टेड फीचर का दावा करता है, टोयोटा आई-कनेक्ट- कनेक्टेड सुविधाओं, सेवाओं और मूल्य वर्धित के वन स्टॉप समाधान के साथ एक ऐप। सेवाओं को आधुनिक और तकनीक-प्रेमी ग्राहकों के लिए अपील करने के लिए विकसित किया गया है।

# पाकिस्तान में डीजल की किल्लत, पांच दिन का स्टॉक बचा !

इस्लामाबाद, एजेंसी। यूक्रेन और रूस संघर्ष के बीच पाकिस्तान में डीजल की किल्लत हो गई है। ऐसी खबर आ रही है कि उसके पास महज पांच दिन के डीजल का स्टॉक बचा है। इस समय अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत कुछ ज्यादा ही चल रही है। इससे सभी को परेशानी हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत बढ़ने से पाकिस्तान पेट्रोलियम उत्पादों की कमी से




जूझ रहा है। इस समय उसके पास डीजल का केवल पांच दिनों का भंडार बचा है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी बैंकों ने भी वहां की तेल कंपनियों को उच्च जोखिम वाली श्रेणियों में रखा है। बैंकों ने इन कंपनियों को और ऋण देने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान सरकार ने बीते 16 फरवरी को पेट्रोलियम उत्पादों के दाम 10 से 12 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए थे। पाकिस्तान सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार पेट्रोल की कीमतों में 12.03 रुपए प्रति लीटर और हाई स्पीड डीजल की कीमतों में 9.53 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी। इसके अलावा लाइट डीजल ऑयल की कीमत में 9.43 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी और मिट्टी के तेल के दाम भी 10.08 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दिए गए थे। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में नई बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमतें 147.82 रुपए प्रति लीटर से बढ़ कर 159.86 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया था। हाई स्पीड डीजल की कीमत भी 144.622 रुपए से बढ़ कर 154.15 रुपए प्रति लीटर हो गई थी।

इसके अलावा लाइट डीजल ऑयल के दाम 114.54 रुपए प्रति लीटर से बढ़ कर 123.97 रुपए, मिट्टी के तेल की कीमत 116.48 रुपए प्रति लीटर से बढ़ कर 126.56 रुपए प्रति लीटर हो गई थी। पेट्रोलियम पदार्थ की कीमतें आसमान में पहुंचने के बाद पाकिस्तान सरकार की भारी आलोचना होने लगी थी। इसके बाद एक मार्च 2022 के पेट्रोल के दाम में 10 रुपए प्रति लीटर की कटौती हुई थी। इसी के साथ बिजली की दरों में भी पांच रुपए प्रति यूनिट कटौती की घोषणा हुई थी। उस समय पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा था कि अगले बजट यानी जून के आखिर तक पेट्रोलियम और बिजली की कीमतों में वृद्धि नहीं की जाएगी।

# रिलायंस न्यू एनर्जी करेगी लिथियम वेर्क्स का अधिग्रहण

नई दिल्ली, एजेंसी। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कोबाल्ट-मुक्त लिथियम बैटरी बनाने वाली कंपनी लिथियम वेर्क्स की परिसंपत्तियों का 6.1 करोड़ डॉलर में अधिग्रहण करने की घोषणा की। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने कहा कि उसकी अनुषंगी इकाई रिलायंस न्यू एनर्जी लिमिटेड ने लिथियम वेर्क्स बी वी की सभी परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए पक्के करार पर हस्ताक्षर किए। इस लेनदेन का कुल मूल्य



6.1 करोड़ डॉलर है जिसमें भावी वृद्धि के लिए वित्तपोषण भी शामिल है। गैर-परंपरागत ऊर्जा क्षेत्र में कदम बढ़ा रही रिलायंस के लिए लिथियम वेर्क्स का अधिग्रहण अहम है। इस सौदे में लिथियम वेर्क्स की चीन में स्थित विनिर्माण इकाई के अलावा उसके सभी उत्पाद और मौजूदा कर्मचारी भी शामिल हैं। वर्ष 2017 में कामकाज शुरू करने वाली लिथियम वेर्क्स कोबाल्ट-मुक्त लिथियम बैटरी से जुड़ी प्रौद्योगिकी एवं विनिर्माण कंपनी है। इसका परिचालन अमेरिका, यूरोप एवं चीन में होता रहा है जबकि ग्राहक दुनियाभर में फैले हैं। लिथियम वेर्क्स की बनाई बैटरियां का इस्तेमाल औद्योगिक, चिकित्सा, समुद्री परिवहन, ऊर्जा भंडारण एवं वाणिज्यिक परिवहन क्षेत्रों में होता है।

# नौ राज्यों ने फ्यूल पर कम नहीं किया टैक्स: पुरी

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पेट्रोलियम उत्पादों पर उत्पाद शुल्क कम करने के केंद्र के कदम के बाद नौ राज्यों ने पेट्रोल और डीजल पर वैट कम नहीं किया है। जब हमने देखा कि उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने की आवश्यकता है, तो प्रधानमंत्री ने 5 नवंबर, 2021 को दरों में कमी की। लेकिन 9 राज्यों ने ऐसा नहीं किया। कराधान केवल एक पहलू है। हमें खपत के प्वाइंट पर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करनी होगी। केंद्रीय मंत्री ने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों पर राज्यसभा में पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि की तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि यह अमेरिका, कनाडा और श्रीलंका जैसे देशों में बहुत अधिक है। मेरे पास संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, यूके, फ्रांस, स्पेन, श्रीलंका और भारत के तुलनात्मक आंकड़े हैं। उन सभी देशों में इस अवधि के दौरान पेट्रोल की कीमत क्रमशः 50 प्रतिशत, 55 प्रतिशत, 58 प्रतिशत और 55 प्रतिशत बढ़ी है। भारत में पेट्रोल की कीमत में केवल 5 फीसदी का इजाफा देखने को मिला है। मंत्री ने कहा कि सरकार यूक्रेन संकट और कोविड-19 महामारी के मद्देनजर देश की ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए हर संभव विकल्प तलाश रही है। उन्होंने कहा कि रूसी संघ के उचित स्तर पर बातचीत हुई है और चर्चा चल रही है। मंगलवार 15 मार्चको देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ। यह लगातार 131 वां दिन है, जब पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव देखने को नहीं मिला है।

# फ्यूचर स्टोर्स का रिलायंस को स्थानांतरण धोखाधड़ी है: अमेजन

नई दिल्ली, एजेंसी। देश के प्रमुख कारोबारी मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह द्वारा कुछ दिन पहले फ्यूचर समूह के कुछ स्टोर्स पर कब्जा करने के बाद अमेजन डॉट कॉम इंक ने दोनों कंपनियों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया और कहा कि इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि रिलायंस समूह ने फ्यूचर समूह के जिन स्टोर्स पर कब्जा लिया है उनके पट्टे किराए का भुगतान नहीं करने के कारण समाप्त हो गए थे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स ने फ्यूचर ग्रुप के रिटेल और लॉजिस्टिक्स कारोबार का अधिग्रहण करने के लिए अगस्त, 2020 में 24,713 करोड़ रुपए के सौदे की सहमति दी थी, लेकिन फ्यूचर समूह के साझेदार अमेजन ने कुछ अनुबंधों के उल्लंघन का हवाला देकर अदालत का दरवाजा खटखटाया जिसके कारण यह सौदा पूरा नहीं हो पाया है।




रिलायंस रिटेल ने फ्यूचर रिटेल को दिए उन 947 स्टोर्स की सब-लीज (उप-पट्टे) समाप्त कर दी थी जिन्हें उसने पहले अपने अधिकार में लिया था। पिछले महीने रिलायंस रिटेल ने ऐसे स्टोर्स का कब्जा ले लिया था जिनका किराया फ्यूचर समूह नहीं चुका पा रहा था। ये स्टोर फ्यूचर समूह को परिचालन के लिए किराए पर दिए गए थे।

अमेजन ने अखबारों में सार्वजनिक नोटिस के नाम से एक विज्ञापन दिया है जिसमें कहा गया है कि इन गतिविधियों को भारत में धोखाधड़ी करके एक गुप्त तरीके से अंजाम दिया गया है। उसने फ्यूचर रिटेल लिमिटेड और उसके प्रवर्तकों पर उच्चतम न्यायालय के समक्ष यह गलतबयानी करने का आरोप लगाया कि खुदरा संपत्ति फ्यूचर रिटेल (एफआरएल) के पास ही रहेगी जब तक कि रिलायंस सौदे को राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा अनुमोदित नहीं किया जाता है। अमेजन ने कहा कि ये झूठे बयान जानबूझकर दिए गए थे क्योंकि एफआरएल खुदरा संपत्ति को मुकेश धीरूभाई अंबानी (एमडीए) समूह को कथित तौर पर सौंपने की अनुमति देने के कगार पर था।

## ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भारत को सिंधू , श्रीकांत ओर लक्ष्य से जीत की उम्मीद




बर्मिंघम, एजेंसी। ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप बुधवार से यहां शुरू होगी। इसमें भारत की महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधू के अलावा पुरुष वर्ग से भारत के ही शीर्ष खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत और युवा लक्ष्य सेन भी भाग लेंगे। भारत को अपने इन तीनों खिलाड़ियों से जीत की उम्मीद रहेंगी। भारत की ओर से अब तक केवल दो ही खिलाड़ियों

पुलेला गोपीचंद (2001) और प्रकाश पादुकोण (1980) ने ही यह खिताब जीता है। अनुभवी महिला खिलाड़ी साइना नेहवाल साल 2015 में फाइनल में पहुंची थी पर वहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। वहीं ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अन्य सभी खिताब जीते हैं पर ऑल इंग्लैंड में वह नाकाम रही हैं। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू एक बार फिर जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगी। सिंधू अपना पहला मुकाबला चीन की वैंग झी यी के खिलाफ खेलेगी। सिंधू को पहले दो दौर के मुकाबले जीतने पर क्वार्टर फाइनल में जापान की अकाने यामागुची से खेलना पड़ सकता है। जर्मनी ओपन में थाईलैंड की रतचानोक इंतानोन के खिलाफ हार झेलने वाली साइना को पहले दौर में ही थाईलैंड की दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग की कड़ी टक्कर मिल सकती है। पुरुष वर्ग में लक्ष्य का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से बेहतरीन रहा है। ऐसे में वह भी इस बार जीत के दावेदार माने जा रहे हैं। लक्ष्य पिछले छह महीने से बेहतरीन फॉर्म में हैं। वह पिछले सप्ताह जर्मनी ओपन में उप विजेता रहे जबकि उन्होंने इंडियन ओपन का खिताब जीता और पिछले साल दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। उन्हें पहले दौर में अपने ही साथ खिलाड़ी सौरभ वर्मा से खेलना है।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत अच्छी लय में नजर आए हैं और उन्हें पहले दौर में थाईलैंड के केंताफोन वेंगचेरोन से खेलना है। भारत के ही बी साई प्रणीत को पहले दौर में ही ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन से खेलना पड़ेगा। समीर वर्मा अपने अभियान की शुरूआत नीदरलैंड के मार्क कालजोव के खिलाफ शुरू करेंगे। एचएस प्रणय का सामना थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसार्न से होगा।

## ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसा



कराची, एजेंसी। मिशेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ने यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में मेजबान पाकिस्तानी टीम पर शिकंजा कस दिया है। मैच के तीसरे दिन ही दिन ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 408 रनों की भारी बढ़त मिली गयी क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 556 रन का पीछा करते हुए पाक टीम अपनी पहली पारी में केवल 148 रनों के अंदर ही आउट हो गयी। पाक पारी में सबसे बड़ी साझेदारी अंतिम विकेट के लिए नौमान अली (नाबाद 20 रन) और शाहीन अफरीदी (19 रन) के बीच 30 रन की रही। इससे समझा जा सकता है कि पाक बल्लेबाज इस मैच में पूरी तरह से नाकाम रहे। हैरानी की बात यह रही की ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पाक को फॉलो ऑन खिलाने की जगह पर दूसरी पारी में बल्लेबाजी शुरू कर दी। उसने अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने के समय तक 17 ओवर में एक विकेट पर 81 रन बना लिए जिससे उसकी कुल बढ़त 489 रन की हो गई। मार्नस लाबुशेन 37 और उस्मान ख्वाजा 35 रन बनाकर खेल रहे थे।

इससे पहले पाक टीम की बल्लेबाजी के दौरान पदार्पण कर रहे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिशेल स्वेपसन ने शाहीन अफरीदी को आउट कर पाक पारी समेट दी। स्टार्क रावलपिंडी की निर्जीव पिच पर कोई विकेट नहीं झटक सके थे लेकिन इस बार उन्होंने बेहतरीन रिवर्स स्विंग हासिल की। पाकिस्तानी पारी में कप्तान बाबर आजम ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाये। इस मैच में पाक बल्लेबाज बेबस नजर आये और चायकाल तक ही टीम ने अपने सात विकेट 100 रनों पर ही गंवा दिये।

स्टार्क ने अजहर अली और फवद आलम को लगातार दो गेंदों पर आउट किया। स्वेपसन ने शुरूआत में ही सलामी बल्लेबाज अब्दुल्लाह शफीक (13 रन) को रन आउट किया। लंच तक पाकिस्तान का स्कोर एक विकेट पर 38 रन था। लंच के बाद स्पिनर नाथन लियोन ने पाक बल्लेबाजों के विकेट लिए। उन्होंने इमाम उल हक को पेवेलियन भेजा। बाद स्टार्क ने मध्यक्रम को समेट दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वेल्स मास्टर्स में मेदवेदेव ने मोनफिल्स को हराया


लंदन, एजेंसी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रुस के डेनिल मेदवेदेव इंडियन वेल्स मास्टर्स टेनिस में हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। मेदवेदेव को तीसरे दौर में फ्रांस के गेल मोनफिल्स ने 4-6, 6-3, 6-1 से हराया। मोनफिल्स के खिलाफ मेदवेदेव ने पहला सेट 6-4 से जीतकर अच्छी शुरूआत की थी पर मोनफिल्स ने दूसरे सेट के छठे गेम में मेदवेदेव की सर्विस तोड़ी और इसके बाद 6-3 से सेट अपने नाम किया। वहीं तीसरे सेट में मेदवेदेव कई गलतियां करने के साथ ही हार गये। मेदवेदेव ने गेल के खिलाफ खेलते हुए चार ऐस लगाई जबकि उनसे एक कम डबल फॉल्टस 6 खेला। मोनफिल्स ने लगातार ब्रेक अंक लेकर दानिल की सर्विस तोड़ी। आखिरी सेट में मोनफिल्स ने मेदवेदेव को कोई अवसर नहीं देते हुए जीत दर्ज की। इस हार के साथ ही मेदवेदेव का शीर्ष स्थान भी खतरे में पड़ गया है। अब उनकी जगह सर्बिया के नोवाक जोकोविच एक बार फिर विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी बन जाएंगे।

### रुतुराज और चाहर की फिटनेस पर अभी जानकारी नहीं : विश्वनाथन



नई दिल्ली, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा कि उन्हें अभी तक रुतुराज गायकवाड़ और दीपक चाहर की फिटनेस को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली है। विश्वनाथन के अनुसार ऐसे में वह इन दोनो के टीम से जुड़ने के बारे में नहीं बता सकते। इन दोनों को ही पिछले माह वेस्टइंडीज के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के दौरान चोट लगी थी। रुतुराज के हाथ जबकि चाहर की पैर की मांसपेशियों में चोट है जिसके कारण उन्हें कम से कम छह से आठ सप्ताह तक खेल से दूर रहना होगा। ऐसे में अनुमान हैं कि चाहर आईपीएल के शुरूआती मैचों में नहीं खेल पाएं। वहीं सीएसके के अन्य खिलाड़ी अभी अभ्यास शिविर में भाग ले रहे हैं। विश्वनाथन ने रुतुराज और चाहर की उपलब्धता को लेकर कहा, ह्यह्यहमें अभी तक उनकी फिटनेस स्थिति की जानकारी नहीं है, इसलिए यह नहीं बताया जा सकता कि वे कब टीम से जुड़ेंगे।ह्ल अभी ये दोनो खिलाड़ी एनसीए में फिटनेस हासिल करने में लगे हैं।

## एशियाई जूनियर चैम्पियनशिप में भारतीय महिला मुक्केबाजों को पांच स्वर्ण



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जोर्डन में जारी एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैम्पियनशिप में पांच स्वर्ण पदक जीते हैं। भारत की तमन्ना ने 50 किलो, निवेदिता कारकी ने 48 किलो वर्ग जबकि शाहीन ने 60 किलो, रवीना ने 63 किलो और मुस्कान ने 75 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

निवेदिता ने उजबेकिस्तान की एस रखमोनोवा को 3-2 से हराया। वहीं तमन्ना ने उजबेकिस्तान की रोबियाखोन बखतियोरोवा को पराजित किया। शाहीन ने मुखलिसा तोखिरोवा को और रवीना ने उजबेकिस्तान की सितोरा बाहोदिरोवा को शिकस्त दी। मुस्कान ने कजाखस्तान की ऐदासारिबारोव को पराजित किया। इसके अलावा भारत की ही रेणु (52 किलो), तनीषा लाम्बा (54 किलो), प्राची (57 किलो), प्रांजल यादव (70 किलो) और स्नेहा (81 किलो) वर्ग से सेमीफाइनल में पहुंच गये हैं। इस प्रकार इनका भी कांस्य पदक पक्का हो गया है।



रोम में सीरीज एक फुटबॉल में पेनाल्टी किक लगाते हुए लेजियो के सिरो इमोबाइल।

## ऋषभ को अपने स्वाभाविक अंदाज में खेलने की आजादी दी : रोहित




बेंगलुरू, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि युवा बल्लेबाज ऋषभ पंत जैसे भी खेलना चाहें उसके लिए वह आजाद हैं। रोहित के अनुसार यह सही है कि ऋषभ अपनी अति आक्रमकता के कारण कभी-कभी सस्ते में अपना विकेट गंवा देते हैं पर इससे कोई इंकार नहीं कर सकता है कि उनकी क्षमताएं जबरदस्त हैं और वह किसी भी पल मैच का रुख बदल देते हैं। इसलिए हमने उन्हें हालात और पिच के अनुरूप अपने स्वाभाविक अंदाज में बल्लेबाजी के लिए कहा है। श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में ऋषभ मैन ऑफ द सीरीज रहे।

रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद कहा, हमें पता है कि वह कैसे बल्लेबाजी करता है और एक टीम के रूप में हम उसे स्वाभाविक खेल दिखाने की आजादी देना चाहते हैं हालांकि हमने उससे कहा है कि मैच की स्थिति और पिच को भी ध्यान में रखे। साथ ही कहा कि वह समय के साथ ही बेहतर होता जा रहा है। कई बार ऐसा भी होता है कि आप सिर पीटने लगते हैं कि उसने ऐसा शॉट क्यो खेला पर यह भी सही है कि हमें उसे उसी रूप में स्वीकार करना होगा, जैसे वह खेलता है।

उन्होंने कहा कि वह ऐसा खिलाड़ी है जो कुछ समय के अंदर ही मैच का रुख बदल सकता है। उसकी विकेटकीपिंग भी बेहतरीन है और हर मैच में उसके प्रदर्शन में सुधार आ रहा है। डीआरएस के उसके फैसले भी स्टीक हो रहे हैं। टेस्ट कप्तानी के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि टीम में कुछ सीनियर खिलाड़ी हैं जो खेल को बखूबी समझते हैं और अपनी राय देते हैं। मेरी अपनी समझ है। कप्तानी के मामले में मेरा मानना यही है कि उस समय जो सही लगे, वही फैसला लो। मैं मैदान पर ही हालात का आंकलन कर फैसले लेता हूं। रोहित शर्मा ने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन की भी तारीफ की।

## भारतीय महिला फुटबॉल टीम नयी चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार : डेनेरबी



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय महिला फुटबॉल टीम 28 मार्च से तीन अप्रैल तक चलने वाले सात दिवसीय अभ्यास शिविर के लिये गोवा में एकत्रित होगी। टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी सैफ महिला अंडर-18 चैम्पियनशिप में भारतीय अंडर-18 टीम के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी होने के बाद यह शिविर शुरू करेंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा, ह्यह्यदोबारा शिविर में लौटने से पहले टीम को मिले ब्रेक से सभी को लाभ हुआ। मुझे महसूस हो रहा है कि अब सभी तरोताजा हैं और आगे की नयी चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार हैं।ह्लह्ल

उन्होंने कहा, ह्यह्यनिश्चित रूप से हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और फिर आगे की तैयारी शुरू करेंगे। हमारी बहुत अच्छी टीम है।ह्लह्ल

संभावित टीम इस प्रकार हैं :

गोलकीपर : अदिति चौहान, लिंथोइंगाम्बी देवी, श्रेया हुड्डा, सौम्या नारायणासैमी

डिफेंडर : डालिमा छिब्बर, स्वीटी देवी, रितु रानी, आशालता देवी, रंजना चानू, मनीषा पन्ना, अस्तम ओराओन, क्रिटिना देवी

मिडफील्डर : अंजू तमांग, संध्या रंगनाथन, कार्तिका अंगामुथु, रतनबाला देवी, प्रियंगका देवी, कश्मीना, इंदुमती काथिरेसन, मार्टिना थॉकचोम, सुमित्रा कामराज

फॉरवर्ड : अपूर्णा नरजारी, ग्रेस डांगमेई, सौम्या गुगुलोथ, मनीषा, प्यारी खाका, रेणु, करिश्मा शिरोवोइकर, मरियम्मल बालामुरूगन।

## आईपीएल के 15 वें सत्र में नजर आयेंगे ये बदलाव




मुम्बई, एजेंसी। 26 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में कुछ बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इसके तहत अगर कोरोना संक्रमण के कारण किसी टीम के पास अंतिम ग्यारह नहीं होती है तो भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उस मैच को दोबारा आयोजित करेगा। वहीं अगर मैच का दोबारा आयोजन संभव नहीं होता है तो इस मामले को तकनीकी समिति के पास भेजा जाएगा। बीसीसीआई ने कहा, ह्यबोर्ड अपने विवेक के आधार पर बाद में मैच को पुनर्निर्धारित करने का प्रयास करेगा पर अगर ऐसा नहीं हो पाता है तो इस मुद्दे को आईपीएल तकनीकी समिति के पास भेजा जाएगा। आईपीएल तकनीकी समिति का निर्णय अंतिम, जिसे सभी को मानना होगा।

यह पिछले नियम की तरह ही है, इसमें केवल एक बदलाव किया गया है। पिछले नियम में कहा गया था कि बोर्ड बाद में मैच को पुनर्निर्धारित करने का प्रयास करेगा। अगर यह संभव नहीं है तो प्रभावित फ्रेंचाइजी को हारा हुआ माना जाएगा और उसके प्रतिद्वंद्वी को दो अंक दे दिए जाएंगे।ह्ल वहीं एक अन्य बदलाव डीआरएस (डिसीजन रिव्यू सिस्टम) को लेकर हैं। बोर्ड के अनुसार बीसीसीआई के मुताबिक प्रत्येक पारी में डीआरएस की संख्या एक से बढ़ाकर दो कर दी गई है।

बीसीसीआई ने मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के सुझाव के बाद यह निर्णय लिया है, जिसमें कहा गया था कि नए बल्लेबाज को स्ट्राइक पर आना होगा, भले ही बल्लेबाज कैच के दौरान क्रीज के बीच में क्यों न हो बशर्ते वह ओवर की अंतिम गेंद न हो।

## महिला विश्वकप : ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को सात विकेट से हराया




वेलिंगटन, एजेंसी। एलिस पैरी और एशलेग गार्डनर की शानदार गेंदबाजी के बाद रेशेल हेन्स के नाबाद अर्धशतक की सहायता से ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी महिला विश्व कप क्रिकेट के अपने चौथे मुकाबले में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की महिला टीम अपने ओवर भी पूरे नहीं खेल पायी और 45.5 ओवर में ही केवल 131 रनों पर सिमट गयी। कप्तान स्टेफनी टेलर ही अर्धशतक लगाकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का कुछ हद तक सामना कर पायी जबकि बाकि बल्लेबाज असफल रहीं। स्टेफनी ने सबसे ज्यादा 50 रन बनाये। वेस्टइंडीज की टीम ने लगातार विकेट खोये जिससे उसे संभालने का अवसर ही नहीं मिला। स्टेफनी ने एक छोर संभाले रखा पर किसी खिलाड़ी का साथ नहीं मिलने के कारण वह टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचा पायीं। मैच के दौरान इंडीज टीम पर की ओर से सबसे बड़ी साझेदारी चौथे विकेट के लिए स्टेफनी ओर शेमाइन कैंपबेल 20 के बीच 36 रन की रही। वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिस पैरी ने 22 जबकि एशलेग गार्डनर ने 25 रन देकर तीन-तीन विकेट लिए। जेस जोनासेन ने 18 रन देकर दो विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इसके बाद 132 रनों के लक्ष्य को सलामी बल्लेबाज रेशेल हेन्स के नाबाद 83 रनों की सहायता से 30.2 ओवर में ही तीन विकेट पर हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही और उसने 58 रनों के अंदर ही तीन विकेट खो दिये थे। एलिसा हीली 3 रन बनाकर आउट हुई जबकि कप्तान मेग लेनिंग तो खाता भी खाता नहीं खोल पायीं। एलिस पैरी ने भी केवल 10 रन ही बनाये। इसके बाद

रेशेल ने बेथ मूनी नाबाद के साथ 74 रन की कर बिना किसी ओर नुकसान के जीत दिला दी। मूनी 28 रन बनाकर नाबाद रहीं। वेस्टइंडीज की ओर से चिनेल हेनरी ने 20, हेली मैथ्यूज ने 31 और शेमिला कोनेल ने 32 रन देकर एक-एक विकेट लिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टूनार्मेंट में अपने सभी चार मैच जीतकर आठ अंक हासिल कर लिए हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं दूसरी ओर वेस्टइंडीज को चार मैचों में लगातार दूसरी हार मिली है और वह चार अंक के साथ पांचवें स्थान पर है।

## टेनिस टूनार्मेंट : हुसेन, देवांश, सोनिया व अहाना क्वाटरफाइनल में



इन्दौर, एजेंसी। मध्य प्रदेश टेनिस संघ के द्वारा आयोजित ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज सब जूनियर टेनिस टूनार्मेंट में मध्यप्रदेश के हुसेन सैफी व देवांश कौशल ने बालक वर्ग तथा सोनिया दत्ता व अहाना फुलजले ने बालिका वर्ग के क्वाटरफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

अंडर-12 बालक एकल प्री-क्वार्टर फायनल में हुसेन सैफी (म.प्र.) ने गौरांग अग्रवाल (म.प्र.) को 6-1, 6-0 से, देवांश कौशल (म.प्र.) ने प्रवर मित्तल (म.प्र.) को 6-0, 6-1 से, विद्युत सुंदर (महाराष्ट्र) ने अथर्व पालोद (म.प्र.) को 6-3, 4-6, 10-8 से, वीर चतुर (महाराष्ट्र) ने हितार्थ सुराना (म.प्र.) को 6-0, 6-1 से तथा अदविक जैन (म.प्र.) ने साहिब कठपाल (म.प्र.) को 6-3, 6-2 से शकिस्त दी। इसी प्रकार अंडर-12 बालक एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में सोनिया दत्ता (म.प्र) ने आन्या फुलजले (म.प्र) को 6-0, 6-1 से, अहाना फुलजले (म.प्र.) ने अवनि जाट (म.प्र) को 3-6, 7-5, 10-8 से, काशवी ठुकराल (म.प्र.) ने भक्ति कुलकर्णी (म.प्र) को 6-0, 6-0 से तथा वैदेही शुक्ला (म.प्र.) ने आयरा लोदी (म.प्र) को 6-4, 7-5 से शकिस्त दी। स्पर्धा का शुभारंभ मयूर ध्वज सिंह झाबुआ, खेल सचिव, ओल्ड डेलीयन संघ एवं अर्जुन धूपर, ट्रस्टी इन्दौर टेनिस क्लब के आतिथ्य में किया गया। संचालन इरफान अहमद ने किया।

## आईपीएल के शुरूआती मैच में सूर्यकुमार के बिना ही उतरेगी मुम्बई



मुम्बई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस को आईपीएल के 15 वें सत्र के अपने शुरूआती मैच में आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के बिना ही उतरना पड़ सकता है। सूर्यकुमार अभी पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। उनके अंगूठे में हल्का फ्रेक्चर हैं जो अब तक ठीक नहीं हो पाया है। ऐसे में मुम्बई को 27 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में सूर्यकुमार के बिना ही उतरना होगा। मुंबई इंडियंस ने पिछले सत्र के जिन खिलाड़ियों को रिटेन किया था उसमें सूर्यकुमार भी शामिल थे। उन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला के दौरान चोट लगी थी जिसके कारण वह श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला में भी नहीं खेल पाए थे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार यह बल्लेबाज अभी एनसीए में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहा है पर इसके बाद भी पहले मैच तक वह शायद ही ठीक हो पायें। इसलिए संभावना है कि बोर्ड की चिकित्सा टीम उन्हें सलाह दे सकती है कि पहले मैच में खेलने का खतरा मौल न लें। वहीं मुंबई इंडियंस टीम भी सूर्यकुमार के साथ जल्दबाजी करके कोई जोखिम लेगी। पहले मैच के बाद मुंबई इंडियंस की टीम को अपना दूसरा मैच पांच दिन बाद दो अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेलना है। माना जा रहा है कि तब तक सूर्यकुमार को ठीक होने के लिए समय दिया जाएगा। इसमें किसी प्रकार का नुकसान भी नहीं रहेगा।

# बालों में केराटिन ट्रीटमेंट कराने के बाद इन बातों का रखें ध्यान



हर महिला सिल्की और शाइनी बाल चाहती है। कुछ महिलाओं के बाल नेचुरली स्ट्रेट होते हैं, उन्हें सीधा कराने की जरूरत नहीं होती है। वहीं कुछ बालों को स्ट्रेट करने के लिए हेयर स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल करती हैं। लगातार स्ट्रेट कराने से बालों की क्वालिटी खराब हो जाती है। ऐसे में बालों को स्ट्रेट और शाइनिंग रखने के लिए केराटिन ट्रीटमेंट करा सकते हैं। केराटिन आपके स्ट्रेट बालों को डैमेज होने से बचाता है। इसके अलावा आपके बाल हमेशा सेट नजर आते हैं। इन दिनों केराटिन ट्रीटमेंट लड़कियों के बीच खूब पॉपुलर हुआ है। हालांकि ट्रीटमेंट के बाद बालों की अच्छे से देखभाल नहीं करते हैं तो बाल जल्दी ही डैमेज होने लगते हैं।

केराटिन ट्रीटमेंट एक तरह का प्रोटीन चेन है जो बालों के टेक्सचर को ठीक करने में मदद करता है। हमेशा किसी एक्सपर्ट्स से इस ट्रीटमेंट को करवाना चाहिए। इस ट्रीटमेंट को कराने के बाद भी बालों का खास खयाल रखना होता है। आइए जानते हैं इन टिप्स के बारे में

पहले हफ्ते में इन बातों का रखें ध्यान

केराटिन ट्रीटमेंट कराने के बाद बालों को कम से कम दो से तीन तक न धोएं। ऐसा करने से बालों में ट्रीटमेंट कम हो जाता है। ट्रीटमेंट के 48 घंटे तक बालों में किसी तरह की गुथ या चोटी नहीं बनानी है। ऐसा करने से ट्रीटमेंट खराब हो सकता है क्योंकि ये परमानेंट नहीं है।

केराटिन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करें

केराटिन ट्रीटमेंट के 4 या 5 दिन बाद शैंपू कर सकते है। इस दौरान केराटिन प्रोटीन शैंपू, कंडीशनर और केराटिन हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करना चाहिए। अगर आप इन प्रोक्ट्स का इस्तेमाल नहीं करते है तो बाल झड़ने लगते हैं।

हेयर स्पा जरूरी

केराटिन ट्रीटमेंट के बाद टाइम टू टाइम हेयर स्पा करवाना जरूरी होता है। इससे बालों की क्वालिटी खराब नहीं होती है और डैमेज भी होने से बचे रहते हैं। इस ट्रीटमेंट के बाद बालों को कम से कम फोल्ड करें।

कंडीशनर का इस्तेमाल न करें

केराटिन ट्रीटमेंट कराने के बाद बाल अधिक ऑयली और ग्रीसी हो जाते हैं, इसलिए बालों को धोने के बाद कंडीशनर का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। आप केराटिन कराते समय अपनी हेयर स्टाइलिस्ट से इस बारे में पहले ही बात कर लें। केराटिन कराने के बाद इन टिप्स को फॉलो करना जरूरी है, वरना बाल आसानी से डैमेज हो सकते हैं।

# आयुर्वेद के अनुसार करें त्वचा की देखभाल



आयुर्वेद का जन्म भले ही भारत में हुआ हो, लेकिन इसने पूरे विश्व में अपने नैसर्गिक, सर्वांगीण उपचार से अपनी पहचान क़ायम कर ली है. आयुर्वेद के अनुसार त्वचा सेहत की खिड़की है और इस तथ्य से मुख्यधारा का विज्ञान भी सहमत है. भले ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सांवली रंगत को पसंद किया जाता हो, लेकिन भारतीय त्वचा की अपनी समस्याएं हैं, जैसे-पिग्मेंटेशन, लाल चकत्ते (स्ट्रॉबेरी स्किन) और हाइपरकेरैटॉसिस. किसी भी त्वचा का उपचार करने की दिशा में सबसे पहला क़दम होगा अपनी त्वचा को जानना. आयुर्वेद लोगों को तीन दोषों में विभाजित करता है: वात, पित्त और कफ़. यह संभव है कि आप में दो दोषों का संयोजन हो. इन कुछ आसान से सवालों का जवाब देकर अपने दोष का प्रकार जानकर अपनी त्वचा की ज़रूरतों को समझ सकती हैं:

**आपकी त्वचा का प्रकार है...**

a. शुष्क, b. संवेदनशील, c. ऑयली

**आपके बाल कैसे हैं?**

a. पतले और रूखे, b. सामान्य, c. मोटे

**इनमें से आपके व्यक्तित्व की विशेषता क्या है?**

a. कलात्मकता, b. नेतृत्व क्षमता, c. दयालुता

**आपके शरीर का प्रकार क्या है?**

a. पतला, b. सामान्य, c. मोटा

**आप आमतौर पर कितने घंटे की नींद लेती हैं?**

a. पांच से छह घंटे, b. आठ घंटे, c. आठ घंटे से ज़्यादा

**आपके चेहरे का आकार कैसा है?**

a. दुबला-पतला, b. अंडाकार/ इकहरा, c. गोल और भरा हुआ



**आपको कितना पसीना आता है?**

a. मध्यम, b. बहुत अधिक और दुर्गंधयुक्त c. हल्का

**ज़्यादातर a:** आप वात दोष के अंतर्गत आती हैं. डॉ चंदन एमसी, सीनियर आयुर्वेद फ़िज़िशन, आनंदा-इन द हिमालयास के अनुसार,''गर्म तेल से मसाज करना त्वचा को चिकना बनाए रखने में मदद कर सकता है. दिमाग़ और शरीर दोनों की ऊर्जा बनाए रखने के लिए ख़ूब आराम करें.''

**ज़्यादातर b:** आप पित्त दोष में आती हैं. डॉ चंदन कठोर और सिन्थेटिक कॉस्मेटिक्स से दूर रहने की सलाह देते हैं, क्योंकि आपके दोष के अनुसार आपको मुहांसे होने की संभावना ज़्यादा रहती है. धूप में निकलने से पहले पूरी तैयारी कर लें.

**ज़्यादातर c:** आपका प्रकार कफ़ दोष है. अपनी मोटाई और तैलीय गुणों के चलते इस प्रकार के अंतर्गत आनेवाली त्वचा में टॉक्सिन्स इकट्ठा होने की ज़्यादा संभावना रहती है. दिन में दो बार अपनी त्वचा को क्लेज़ करें और सप्ताह में एक बार मड पैक लगाएं.

यह संभव है कि जन्म के वक्त आपकी त्वचा का प्रकार कुछ और हो और समय के साथ मौसम, डायट और जीवनशैली से जुड़ी आदतों या प्रदूषण-जैसे, बाहरी तत्वों के प्रभाव से आगे चलकर आपकी त्वचा का प्रकार बदल जाए.

# दौड़ते समय हो रही सांस लेने में तकलीफ तो अपनायें ये टिप्स



आपकी गतिविधियों और परिश्रम के बढ़ने के चलते आपको हवा में हांफना पड सकता है, जो कि काफी सामान्य है। खासकर जब आप एक लंबे ब्रेक के बाद फिर से शुरूआत कर रही हों, या अपनी गति को बढ़ा रही हों। तेजी से सांस लेने से शरीर में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने में मदद मिलती है, व्यायाम के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड के निर्माण स्तर को कम करने की आवश्यकता होती है। एक बार जब शरीर में ऑक्सीजन की मांग पूरी हो जाती है, तो हमारी सांस सामान्य रूप से वापस आ जाती है। अधिक परिश्रम या ऊचांई पर दौड़ने से भी सांस लेने में तकलीफ हो सकती है। लेकिन अगर आपकी सांस की समस्या लगातार बनी रहती है, तो ऐसे में आपको अपने डॉक्टर से परामर्श लेने की आवश्यकता होती है। क्योंकि यह कई स्वास्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकते हैं। इसलिए हम आपको इससे राहत पाने के लिए कुछ टिप्स बता रहे हैं, जिससे कि रनिंग के दौरान आपको सांस लेने में समस्याओं का सामना न करना पड़े।

**वार्म-अप करें**

वार्म-अप किसी भी वर्कआउट रूटीन का एक अनिवार्य हिस्सा है, जब आप दौड़ रही होती हैं। तो उस दौरान अपनी गति बढ़ाने से पहले 10-15 मिनट तक स्ट्रेचिंग और हल्की जॉगिंग से मैदान पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी और सांस फूलने की समस्या दूर होगी। वार्मअप करने से आपके शरीर का तापमान धीरे-धीरे बढ़ता है। जो शरीर को आसानी से कठोर अभ्यास करने के लिए तैयार करता है। सर्दियों में, ठंडी और शुष्क हवा के कारण वायुमार्ग संकुचित हो जाता है। जिससे सांस लेने में अधिक मुश्किल होती है। ऐसे में वार्म-अप करने से आपको इस समस्या से राहत पाने में मदद मिल सकती है।

**श्वास तकनीक का अभ्यास करें**

यह सुनिश्चित करने के लिए कि दौड़ते समय आपके फेफड़े शरीर द्वारा आवश्यक ऑक्सीजन ग्रहण कर सकते हैं, इसके लिए कुछ सांस संबंधी एक्सरसाइज करें। सांस संबंधी एक्सरसाइज का अभ्यास करने से आपको फेफड़ों की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी और आपके फेफड़े अधिक ऑक्सीजन ग्रहण करने में सक्षम होंगे।

इसके लिए आप डायाफ्रामिक ब्रीथिंग अल्टरनेट नोस्ट्रिल ब्रीथिंग या नाड़ी शोधन और पर्स्ड-लिप्स ब्रीथिंग और इसके अलावा भी कई अन्य एक्सरसाइज को कर सकती हैं।

**लयबद्ध तरीके से सांस लें**

एक्सरसाइज करते समय सांस लेने का नियम यह है कि इसे आप अपने मूवमेंट के साथ मिलाएं। एक लयबद्ध पैटर्न (rhythmic pattern) में सांस लेने से आपका शरीर अधिक ऑक्सीजन ग्रहण कर सकता है और आपके शरीर के तनाव को भी कम कर सकता है। इसलिए अपनी एक्सरसाइज के साथ सांस को अंदर लें और छोड़ें। दौड़ते समय आप 3:2 श्वास पैटर्न का पालन कर सकती हैं। आप अपनी गति के अनुसार पैटर्न बदल सकती हैं। जब आप दौड़ रहे हों, तो ऑक्सीजन की जरूरत को पूरा करने के लिए अपनी नाक के साथ-साथ अपने मुंह से सांस लें।

# लाल केले के फायदे

अक्सर आपने बाजार में पीले और हरे केले बिकते हुए देखे होंगे। लेकिन क्या आपने कभी लाल केला खाया है? लाल केले के बारे में बहुत कम लोग जानते होंगे। पीले केले हमारी सेहत के लिए अच्छे होते हैं लेकिन लाल केले के अलग-अलग फायदे हैं। लाल केले पीले केले से आकार में छोटे होते हैं। आज हम आपको लाल केले के फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं।



लाल केला हमारी आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। जिन लोगों की आंखों की रोशनी खराब है या जिनकी आंखें खराब हैं वे इसका उपयोग कर सकते हैं।

यदि आप दोपहर के भोजन के बाद अक्सर सो जाते हैं, तो इस विधि को अपनाने की कोशिश करें, शरीर ताज़ा हो जाएगा।

लाल केले पोटैशियम से भरपूर होते हैं, जो कैंसर और किडनी की समस्याओं को ठीक करता है। यह बहुत कम कैलोरी वाला भोजन है। यही कारण है कि यह वजन घटाने के लिए इतना अच्छा साबित होता है। इसे खाने से आपका पेट भर जाता है और आपको भूख कम लगती है।

लाल केला खाने से आपका रक्तचाप भी नियंत्रण में रहता है। अगर आपका ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है तो आप इसके लिए लाल केला खा सकते हैं। लाल केला खाने से रक्तचाप नियंत्रित रहता है।

# पेट, किडनी, लिवर की बीमारियों के लिए शहद-लौंग

**लौंग के पोषक तत्व**

लौंग को मसाले के रूप में खाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है लेकिन इसमें कई बीमारियों का इलाज करने की क्षमता होती है। लौंग में मैंगनीज, विटामिन के, आयरन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर पाए जाते हैं।



**शहद के पोषक तत्व**

अगर बात करें शहद की तो इसमें भी प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस, पोटेशियम, सोडियम और सेलेनियम जैसे पोषक तत्व भरे हुए हैं, जो शरीर को रोगों से दूर रखने की क्षमता रखते है।

लौंग और शहद के फायदे

**गले की खराश के लिए शहद और लौंग**

चिपचिपा होने के कारण शहद गले की खराश को कम करता है और कफ खत्म करने का काम करता है। गले में खराश अक्सर संक्रमण से जुड़ी होती है इसलिए लौंग और शहद को मिलाने से इंफेक्शन और संक्रमण से जुड़े दर्द से राहत मिलती है। यह विधि ग्रसनीशोथ के खिलाफ भी बहुत प्रभावी है।

**माउथ अल्सर के लिए शहद और लौंग**

लौंग एक शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक एजेंट है। लौंग मुंह के छालों के कारण दर्द से राहत दिलाने में मदद करता है। लौंग और शहद मिश्रण मुंह के छालों के उपचार के लिए बेहतर तरीके से काम करता है।

**लिवर के लिए लौंग और शहद**

लौंग में मौजूद यौगिक 'यूजेनॉल' लिवर के लिए फायदेमंद है। लिवर का कामकाज सुधारने के अलावा, लौंग सूजन को कम करके फैटी लिवर की बीमारी से बचा सकता है। यह लिवर स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

**इम्यून पावर बढ़ाने में मददगार**

शहद और लौंग का मिश्रण इम्यूनिटी बढ़ाने में सहायक है। इन दोनों चीजों में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाकर शरीर को सर्दी-खांसी जैसे इंफेक्शन से बचाने में सहायक होते हैं।

**इंफेक्शन से बचाने में सहायक**

इन दोनों में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर को कई इंफेक्शन से बचाए रखते है। इसमें मौजूद फ्लेवोनॉइड्स हार्ट की बीमारियों से बचाए रखता है। इसके अलावा इसमें इसमें कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं जो एनर्जेटिक रखने में मदद करते हैं।

**आज की रेसिपी**

## रशियन सलाद

जूसी, खट्टे फलों के साथ रिफ्रेशिंग खीरा, पत्तागोभी और ढेर सारे मसालों के कॉम्बिनेशन से तैयार किया जाता है. गाढ़ी दही इसे परफेक्ट रशियन सैलेड को तैयार करके किसी भी चीज के साथ सर्व किया जा सकता है.



**सामग्री :**

- 1 कप गाढ़ा दही
- 1 मीडियम आलू (उबला हुआ)
- 1/2 सेब
- 1/3 कप अनानास के टुकड़े
- 2 टेबल स्पून अनार के दाने
- 2 टेबल स्पून हरे अंगूर
- 1/2 छोटा खीरा
- 2 टेबल स्पून पत्तागोभी, कद्दूकस
- 2 टी स्पून चीनी
- 1 टी स्पून काली मिर्च पाउडर
- नमक

**विधि :**

- एक बाउल में दही, चीनी, काली मिर्च पाउडर और नमक मिलाकर सलाद की ड्रेसिंग तैयार करें.
- अब छीलकर उबले हुए आलू और सेब को छोटे टुकड़ों में काट लें.
- खीरे को कद्दूकस कर लें. इसे निचोड़ कर पानी निकाल दें.
- एक बाउल में सेब, अनानास के टुकड़े, अंगूर, अनार के दाने, कद्दूकस की हुई पत्तागोभी और खीरे को मिलाएं.
- अब मिश्रित फलों और सब्जियों पर तैयार सलाद ड्रेसिंग डालें. ड्रेसिंग के साथ सभी चीजों को अच्छी तरह से टॉस करें ताकि सारी चीजें अच्छी तरह से कवर हो जाएं.
- इसे फ्रिज में कुछ घंटों के लिए रखें, ठंडा परोसें.

# विटामिन-ई कैप्सूल के इस्तेमाल करने का सही तरीका

**ग्लोइंग स्किन के लिए विटामिन ई कैप्सूल :** विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल स्किन पर आसानी से किया जा सकता है। विटामिन ई स्किन को ग्लोइंग बनाने के साथ साथ स्किन को ड्राई होने से बचाता है। विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल रोज रात को सोने से पहले नारियल तेल या फिर बादाम के तेल में मिक्स करके चेहरे पर लगाएं। इससे आपके चेहरे पर ग्लो देखने को मिलेगा।

**सनस्क्रीन की तरह विटामिन ई का यूज :** धूप में बाहर जाने से पहले आप विटामिन ई कैप्सूल का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे स्किन को सूरज की किरणों से त्वचा को बचाया जा सकता है। रोज रोज आप विटामिन ई का इस्तेमाल ना करें जब तेज धूप हो तभी विटामिन ई का इस्तेमाल करें।

**लिपस्टिक से पहले कैप्सूल का इस्तेमाल :** सर्दियों में स्किन के साथ साथ लिप्स भी काफी ड्राई हो जाते है। ड्राई लिप्स पर मैट लिपस्टिक लगाने से लिप्स काफी ड्राई हो जाते हैं। मैट लिपस्टिक लगाने से पहले होठों पर विटामिन ई कैप्लूस लगाकर लिप्स की मसाज करें इससे आप होठ मुलायम हो जाएंगे।

**डार्क सर्कल्स :** डार्क सर्कल्स किसी भी महिला की खूबसूरती को खराब कर देते हैं। अगर आप डार्क सर्कल्स से परेशान है तो रात को सोने से पहले आंखों के आस पास विटामिन ई ऑयल से मसाज करें। ऐसा करने से डार्क सर्कल कम हो जाएंगे।

**बालों के लिए :** विटामिन ई ना केवल स्किन के लिए फायदेमंद है बल्कि यह बालों के लिए भी काफी फायदेमंद है। बालों को घन बनाने के लिए विटामिन ई का इस्तेमाल किया जाता है। विटामिन का इस्तेमाल आप नारियल तेल में मिला कर सकते हैं। हेयर वॉश करने के एक दिन पहले बालों में नारियल तेल और विटामिन ई का कैप्सूल मिक्स बालों की अच्छे से मसाज करें।



# प्रेगनेंसी में भूल कर भी न खाएं ये फूड

गर्भावस्था के दौरान होने वाली मां को पौष्टिक खाद्य पदार्थ खाने की सलाह दी जाती है। परंतु स्वस्थ आहार खाने के अलावा गर्भवती माताओं को कुछ विशेष पदार्थ खाने से बचना चाहिए। मां जो कुछ भी खाती है उसका सीधा प्रभाव उसके बच्चे पर पड़ता है, इसलिये उसे कुछ भी उल्टा पुल्टा खाने से पहले डॉक्टर से जानकारी ले लेनी चाहिये। हमने आपको कई लेखों में बताया है कि अगर आप मां बनने वाली हों तो, अपनी डाइट में क्या क्या शामिल करें। पर आज हम आपको कुछ ऐसे पदार्थ बताएंगे जो आपको प्रेगनेंसी के दौरान नहीं खाने चाहिये। निषिद्ध खाद्य पदार्थ खतरनाक हो सकते हैं और गर्भपात हो सकता है। यहाँ कुछ खाद्य पदार्थ दिए गए हैं जिन्हें गर्भावस्था के दौरान खाने से बचना चाहिए।

**कैफीन :** अगर आप कैफीन के बिना कोई काम नहीं कर सकती तो दिन मे सिर्फ दो कप कैफीन ही लें। सबसे अच्छा यह है कि आप कॉफी से पूरी तरह दूरी बना लें। मुंबई की आहार विशेषज्ञ दीपशिखा अग्रवाल कहती हैं, गर्भावस्था के दौरान ज्यादा मात्रा में कैफीन लेना, खासकर पहले तीन महीने के दौरान, मिसकरेज और भ्रूण की दूसरी समस्याओं को जन्म दे सकता है। बेहतर होगा कि आप इसका सेवन संयमित मात्रा में करें।

**जंक फूड :** प्रेगनेंट महिलाओं को बाहर का जंक फूड नहीं खाना चाहिये खास तौर वह जिसमें मैदा मिला हो। स्ट्रीट फूड से इंफैक्शन का खतरा बढ़ जाता है। अगर आप ऐसे भोजन खाकर बीमार पड़ जाते हैं तो आपको दवाई का सहारा लेना पड़ेगा। सारे दवाई गर्भ में पल रहे बच्चे के लिए अच्छे नहीं होते हैं। इसलिए जहां तक हो सके स्ट्रीट फूड से दूर ही रहें। इतना ही नहीं गर्भावस्था के दौरान महिलाओं का इम्युनिटी आमतौर पर सामान्य से कम हो जाता है। इंफैक्शन का शिकार हो जाती हैं।

**कच्चे स्प्राउट्स :** स्प्राउट्स काफी हेल्दी होते हैं। लेकिन बिना पके हुए स्प्राउट्स प्रेगनेंट औरत के लिये अच्छे नहीं माने जाते। कच्चे स्पाउडस में आपको साल्मोनेला जैसा जीवाणु मिल सकता है। यह बीज से अच्छी तरह से धुला नहीं जा सकता। यह केवल पकाने के बाद ही हटाया जा सकता है।

**शराब :** शराब का यदा-कदा सेवन करने से कोई परेशानी नहीं होती है। पर अगर आप ज्यादा मात्रा में शराब का सेवन करेंगे तो आपको इससे होने वाली समस्या से सावधान रहना चाहिए। दीपशिखा महिलाओं को चेताते हुए कहती हैं कि गर्भावस्था के दौरान बहुत अधिक मात्रा में शराब पीने से बच्चा और उनके दिमाग का विकास ठीक से नहीं होता है।

**ऑइली खाने से बचें :** गर्भवती महिलाओं को आपने खाने का बहुत ज्यादा ध्यान रखना चाहिए। जितना हो सके ऑयली और जंक फूड से दूर रहें, क्योंकि इनमें नमक और शक्कर अधिक मात्रा में होता है और बहुत सारे प्रीजर्वेटिव केमिकल्स भी मौजूद रहते हैं जो गर्भवती महिलाओं और उनके बच्चे पर बुरा असर डाल सकते हैं।

